वर्ष : 17 अंक : 269 लखनऊ गुरुवार, 9 अक्टूबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 5:46
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम : 31:00°
न्यूनतम : 26:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **

हिजाब पहनने पर दीपिका पादुकोण हुईं ट्रोल 10



नियामक आयोग मुख्यालय पर होगा मौन विरोध प्रदर्शन 2 | हम गलतियां क्यों करते हैं - इनसे कैसे बचें! 6 | अयोध्या में गूंजी दक्षिण की भक्ति स्वर .... 12

## महान संतों के नाम पर जाने जाएंगे श्रीराममंदिर के चारों द्वार : योगी

### हमारे संतों ने उत्तर दक्षिण भारत को जोड़ने का कार्य किया

विश्ववार्ता ब्यूरो

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या के पवित्र बृहस्पति कुंड पर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों श्री त्यागराज स्वामीगल, श्री पुरंदरदास और श्री अरुणाचल कवि की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संतों की भक्ति परंपरा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान का सशक्त संदेश गूंजता रहा।

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि राममंदिर के चार प्रमुख द्वार अब भारत के चार महान संतों के नाम पर समर्पित होंगे, दक्षिण दिशा का द्वार जगद्गुरु शंकराचार्य जी, दक्षिण-पूर्व द्वार (गेट नंबर तीन) जगद्गुरु माधवाचार्य जी, उत्तर दिशा का द्वार जगद्गुरु रामानुजाचार्य जी और सुग्रीव किला मार्ग से प्रवेश द्वार जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के नाम पर जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह अवसर न केवल उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता और समरसता की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम भी है। उन्होंने कहा कि इन तीन पूज्य संतों ने 15वीं से 18वीं सदी के बीच श्रीराम भक्ति में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया और आज उनकी प्रतिमाएं उनके आराध्य श्रीरामचरणों में स्थापित होना पूरे भारत के लिए गौरव की बात है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि यह स्थल देवगुरु बृहस्पति जी का पवित्र कुंड है और यहां आने वाले कोटि-कोटि श्रद्धालु अब हर वर्ष इन संतों के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि त्यागराज महास्वामी को कर्नाटक संगीत की त्रिमूर्ति के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने तेलुगु भाषा में हजारों भक्ति गीतों के माध्यम से भगवान श्रीराम की आराधना को जन-जन तक पहुंचाया।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि श्री पुरंदरदास महास्वामी को 1434 से 1564 तक कर्नाटक संगीत का जनक कहा जाता है। उन्होंने व्यापारी जीवन त्यागकर हरिदास सम्प्रदाय के प्रमुख संत के रूप में कन्नड़ भाषा में लगभग साढ़े चार लाख से अधिक भक्ति गीतों की रचना की। वहीं, श्री अरुणाचल कवि महास्वामी ने 'रामनाटकम्' जैसे तमिल काव्य के माध्यम से श्रीराम के आदर्शों का प्रसार किया। दक्षिण के रामभक्त भी कहते थे, 'राम लला हम आएंगे...'



अयोध्या में बुधवार को तीन संत कवियों की प्रतिमाओं के अनावरण समारोह में भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भगवान रामलला का चित्र देते सीएम योगी आदित्यनाथ।

## भगवान राम दक्षिण के भी हर घर में विराजते हैं : निर्मला

### श्रीराम की इच्छा से ही अयोध्या में विराजी प्रतिमाएं

विश्ववार्ता ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या के पवित्र बृहस्पति कुंड पर बुधवार को आयोजित ऐतिहासिक समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदरदास और अरुणाचल कवि की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर निर्मला सीतारमण का उद्बोधन भावनाओं और भक्ति से ओतप्रोत रहा। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में श्रीराम भक्ति केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा है।

निर्मला सीतारमण ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दक्षिण भारत के संतों के बारे में जिस विस्तार से बताया, वह अद्भुत है। उन्होंने कहा कि पहले दक्षिण भारत में भाषाई भेदभाव नहीं था, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और संस्कृत, सभी भाषाओं में कर्नाटक संगीत गाया जाता था, जो एकता का प्रतीक है। वित्त मंत्री ने कहा कि त्यागराज स्वामी ने जीवनभर गरीबी में रहते हुए भी श्रीराम भक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने राजा के श्रेय में गीत गाने से इनकार कर केवल श्रीराम के लिए गीत गाये। उनकी भक्ति ऐसी थी कि हर गीत में श्रीराम की ऊर्जा प्रवाहित होती थी। लोग कहते हैं कि शायद हनुमान जी ने ही त्यागराज के रूप में जन्म लिया था। उन्होंने बताया कि त्यागराज स्वामी का गीत 'सीता कल्याण' दक्षिण भारत में हर विवाह समारोह में गाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी की शादी में भी वही गीत गाये गये थे।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि "रामभक्ति केवल हिन्दी भाषी क्षेत्रों की नहीं है। केरल में आज भी पूरे सिंह मास (अषाढ़) में हर घर में शाम के समय दीप जलाकर भगवान श्रीराम की आराधना की जाती है। पूरे महीने वाल्मीकि रामायण पढ़ी जाती है। यह मूर्त रूप नहीं, बल्कि अमूर्त भक्ति की परंपरा है। यह हमारे देश की सच्ची आत्मा है। उन्होंने तमिल कवि अरुणाचल कवि का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रसिद्ध तमिल काव्य रामनाटकम् में माता सीता के प्रति गहरा सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा था, एक लाख आंखों से सीता माता को देखो, उनसे सुंदर कोई नहीं। निर्मला सीतारमण ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राम जन्मभूमि के लोकार्पण से पहले दक्षिण भारत के श्रीराम से जुड़े मंदिरों की यात्रा की थी।

# कानपुर में मस्जिद के पास भीषण धमाका

## पास में खड़ी दो स्कूटियों में विस्फोट, आठ लोग घायल, चार गम्भीर

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** यूपी में फर्रुखाबाद के बाद कानपुर में भीषण धमाका हुआ है। मस्जिद के पास रखी दो स्कूटी में विस्फोट हुआ है। कई लोगों के चिथड़े उड़ गए हैं। आठ लोग घायल हैं। इनमें एक महिला भी शामिल है। चार लोगों की हालत गंभीर है। उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। फोरेंसिक टीम, बम स्क्वायड और एटीएस की टीमें पहुंची हैं। अधिकारियों ने कहा कि दोनों स्कूटी में ही विस्फोटक रखे थे। घटना मेस्टन रोड पर मूलगंज के बिसातखाना में हुई है। पूरे इलाके को सील कर अधिकारी जांच में जुट गए हैं। विस्फोट इतना भीषण था की





**कहीं यह आतंकी विस्फोट तो नहीं, होगी जांच**

काफी दूर तक आवाज सुनाई दी है। पास की मस्जिद की दीवारों को भी नुकसान पहुंचा है। आसपास की कई दुकानों की फाल सीलिंग भी गिर गई है। पुलिस स्कूटी मालिकों को ट्रेस करने में लगी है। विस्फोट होते ही पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल हो गया।

इससे पहले पिछले ही हफ्ते फर्रुखाबाद में कोचिंग सेंटर में भीषण धमाका हुआ था। इसमें दो युवकों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। हालांकि वहां पर विस्फोटकों की पुष्टि नहीं हुई थी। अधिकारियों ने सेप्टी टैंक में गैस को कोचिंग में धमाके का कारण माना है। कानपुर के सीएमओ ने बताया कि उर्सला अस्पताल में आठ लोगों को लाया गया था। इनमें चार लोगों की हालत गंभीर थी। इन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है। चारों को 108 एंबुलेंस से लखनऊ भेजा गया है। दो लोग अभी उर्सला अस्पताल में ही इलाज करा रहे हैं। जबकि दो लोगों ने अपना इलाज कराने के बाद घर चले गए हैं।

पुलिस के अधिकारी हर पहलू पर जांच कर रहे हैं। यह भी माना जा रहा है कि दिवाली के मौके पर पटाखा बनाने के लिए विस्फोटक एक साथ लाया जा रहा हो और उनमें ही धमाका हुआ है। हालांकि धमाके से आसपास की दीवारों को भी नुकसान पहुंचा है, ऐसे में काफी खतरनाक विस्फोटक की आशंका है।


घटना शाम लगभग सात बजे की है। मूलगंज थाना क्षेत्र के मिश्री बाजार के पास बिसाती बाजार में दो स्कूटियों में धमाका तब हुआ जब बाजार में भीड़ थी और लोग खरीददारी कर रहे थे। घायलों में दुकानदारों के साथ ही कारीगर और ग्राहक भी हैं। कूड़ा बिनने वाली एक किशोरी सुहाना भी घायल हुई है जो बेकनगंज की रहने वाली है।

## टैरिफ के खिलाफ अमेरिकी सांसदों ने ट्रम्प के पेंच कसे

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** व्हाइट हाउस को कड़ा संदेश देते हुए अमेरिकी कांग्रेस के 19 सांसदों के समूह ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चिट्ठी लिखी है। सांसद डेबोरा रॉस और रो खन्ना की अगुवाई में ट्रंप को यह पत्र लिखा गया है। इन सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रंप से अनुरोध किया है कि भारत के साथ अमेरिका के तनावपूर्ण संबंधों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए और टैरिफ बढ़ाने के सरकार के फैसले को तुरंत वापस लिया जाए।

अमेरिकी सांसदों ने यह पत्र आठ अक्टूबर को लिखा, जिसमें कहा गया कि भारत पर टैरिफ बढ़ाकर 50 फीसदी करने से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ अमेरिका के संबंध खराब हुए हैं। इससे दोनों देशों पर नकारात्मक असर पड़ा है। सांसदों ने राष्ट्रपति से



» 19 सांसदों के समूह ने पत्र लिख जतायी नाराजगी

अनुरोध किया कि भारत के साथ संबंधों को तुरंत दुरुस्त किया जाए।

सांसदों ने अगस्त 2025 में भी चिट्ठी लिखते हुए कहा था कि ट्रंप सरकार ने भारत के सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर 50 फीसदी किया है। भारत पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है।

## आठ आईएएस अफसरों के विभागों में बदलाव





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के विभागों में बदलाव किए हैं। सेल्वा कुमारी जे. को महानिप्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश तथा सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है। समीर वर्मा को सचिव, नियोजन विभाग एवं महानिदेशक, अर्थ एवं संख्या, उत्तर प्रदेश बनाया गया है। प्रभु नारायण सिंह को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का कार्यभार सौंपा गया है। माशूम अली सरवर, जो अब तक प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम थे, उन्हें मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड नियुक्त किया गया है। आशीष कुमार, विशेष सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम बनाया गया है। सुधीर कुमार, नगर आयुक्त कानपुर, को अब विशेष सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के रूप में तैनाती दी गई है। अमित उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली, को नगर आयुक्त, कानपुर नगर बनाया गया है। अंजुलता, सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, को मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली नियुक्त किया गया है।

## शाह एक दिन मोदी के मीर जाफर बनेंगे

### वो कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तरह बर्ताव कर रहे : ममता

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में बुधवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तरह बर्ताव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाह पर ज्यादा भरोसा न करें।

उन्होंने शाह की तुलना मीर जाफर से की। सीएम ने ये बयान ओडिशा के कटक में 5 अक्टूबर को दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा और बिहार में एसआईआर को लेकर दिया। ममता ने कहा, 'कटक में हालात बहुत खराब हैं। भाजपा और बजरंग दल की वजह से वहां सांप्रदायिक हिंसा हुई है।'

सीएम ममता ने कहा कि भाजपा और बजरंग दल के लोग देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मैंने कई सरकारें देखी हैं, लेकिन इतनी घमंडी और तानाशाह



सरकार पहले कभी नहीं देखी। उन्हें याद रखना चाहिए कि आज वे सत्ता में हैं, लेकिन कल नहीं भी हो सकते। कुछ भी हमेशा के लिए नहीं रहता। 15 दिन में एसआईआर कैसे हो सकती हैं?

मीर जाफर बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला का सेनापति था, जिसे भारतीय इतिहास में विश्वासघात का प्रतीक माना जाता है। 1757 की प्लासी की लड़ाई में उसने अंग्रेजों से मिलकर सिराजुद्दौला से गद्दारी की थी। मीर जाफर ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ गुप्त समझौता किया, जिससे सिराजुद्दौला की हार हुई और अंग्रेजों की भारत में सत्ता की नींव पड़ी। बाद में अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बना दिया था।

सीएम ममता ने पीएम मोदी के मिरिक पुल हादसे पर दिए बयानों पर पलटवार करते हुए कहा, "बंगाल गुजरात नहीं है। 2022 में गुजरात के मोरबी में पुल गिरने से 130 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।" राज्य सरकार ने राहत कार्य तेज कर दिए हैं। अब तक 500 राहत किट वितरित किए जा चुके हैं, जिसमें कंबल, चावल, दाल, सूखा राशन और दूध शामिल हैं। करीब 1,000 फंसे पर्यटकों को 45 बसों से सुरक्षित निकाला गया है।

उन्होंने कहा कि मिरिक में अस्थायी पुल 15 दिनों में बन जाएगा और नया पुल अगले मानसून से पहले तैयार हो जाएगा।

## सेना देना चाहती थी मुंबई हमले का जवाब, कांग्रेस ने देने नहीं दिया

### उस समय की कांग्रेस सरकार पर था विदेशी दबाव, आतंकियों के सामने टेक दिये घुटने

एजेंसी

**मुम्बई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। उन्होंने यह बात नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज का उद्घाटन के दौरान कही। पीएम ने मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया। 30 सितंबर को चिदंबरम ने कहा, ₹26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया।



पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का जिक्र किया। पीएम बुधवार को दो दिन के दौरे पर मुंबई पहुंचे। गुरुवार को वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मिलेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि साथियों मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। 2008 में आतंकियों ने भी मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। तब की कांग्रेस सरकार ने कमजोरी का मैसेज दिया। आतंकियों के सामने घुटने टेके। हाल ही में कांग्रेस के बड़े नेता और जो देश के गृह मंत्री तक रह चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया कि मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन उस नेता की माने तो किसी दूसरे देश के दबाव के कारण कांग्रेस सरकार ने भारत की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोका।

पीएम मोदी ने कहा कि गरीब हो. मिडिल क्लास हो, इनका सशक्तीकरण आज देश की प्राथमिकता है। इन परिवारों को सुविधा-सम्मान देना उनका सामर्थ्य बढ़ाता है। जीएसटी रिफॉर्म से जो चीजे सस्ती हुईं उससे भी देश का सामर्थ्य बढ़ा है। मार्केट के आंकड़े बताते हैं, इस बार नवरात्रि में बिक्री के कई साल के रिकॉर्ड टूटे। मेरा आग्रह है कि गर्व से कहो हम स्वदेशी है, स्वदेशी को अपनाएं। हर घर-बाजार का यही मंत्र होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यहां दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना। ये एयरपोर्ट इस क्षेत्र को एशिया के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। आज मुंबई को पूरी तरह से अंडरग्राउंड मेट्रो मिली। इससे सफर आसान होगा। ये विकसित होते भारत का प्रतीक है। मुंबई जैसे शहर में जमीन के नीचे सभी इमारतों को सुरक्षित रखते हुए शानदार मेट्रो बनाई गई है। पीएम मोदी ने कहा कि नवी मुंबई एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में विकसित भारत की झलक है।

## जयपुर में जहां 200 सिलेंडर फटे

### LPG ट्रक में घुस गया था टैंकर, जिंदा जला ड्राइवर

एजेंसी

**जयपुर।** नगर में 200 सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद सुबह रेस्क्यू के दौरान टैंकर से केमिकल का रिसाव हो गया। पुलिस ने इसके आसपास बैरिकेडिंग करके लोगों को हटा दिया। आसपास के रेस्टोरेंट-ढाबे भी खाली कराए गए।

मंगलवार देर रात जयपुर-अजमेर हाईवे पर मोखमपुरा में एलपीजी सिलेंडर से भरे ट्रक को केमिकल टैंकर ने टक्कर मार दी थी। इससे आग लग गई और एक-एक करके 200 सिलेंडर फट गए थे। टैंकर का ड्राइवर रामराज मीणा (35) जिंदा जल गया था। 5 लोग घायल हो गए थे। एलपीजी ट्रक के पास खड़ी 5 गाड़ियां भी जल गई थीं। हालांकि टैंकर में भरे केमिकल ने आग नहीं पकड़ी थी। सुबह जब इसे हटाया जा रहा था, तभी इसमें से रिसाव शुरू हो गया



था। केमिकल कौन-सा है इसको लेकर अलग-अलग दावे किए गए। वहीं, करीब 6 घंटे तक बंद रहे हाईवे को पुलिस ने सुबह 4.30 बजे खुलवाया।

जानकारी के अनुसार केमिकल से भरा टैंकर गुजरात से जयपुर की ओर आ रहा था। महावीर ढाबे के नजदीक आरटीओ चेकिंग के डर से टैंकर ड्राइवर रामराज ने उसे ढाबे की तरफ मोड़ दिया। यहां पहले से खड़े एलपीजी ट्रक से टैंकर टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंकर के केबिन में आग लग गई थी। उसकी चिंगारी से सिलेंडर फटने लगे।

**इंतजार खत्म** क्या कहें भला उस मुलाकात की दास्तां, जहां बस जज्बातों ने खामोशी से बात की

## आजम खां सपा के दरख्त हैं, हमारे साथ रहे और हमेशा रहेंगे



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज रामपुर पहुंच कर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां से मुलाकात की। अखिलेश यादव ने मोहम्मद आजम खां के रामपुर स्थित आवास पर मिलकर उनका हाल-चाल जाना। उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इससे पहले अखिलेश यादव के रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में हेलीकॉप्टर से पहुंचने पर मोहम्मद आजम खां ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जौहर विश्वविद्यालय से दोनों नेता आवास पर पहुंचे। मोहम्मद आजम खां से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मोहम्मद आजम खां समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं। हमारा साथ हमेशा रहा है, हमेशा रहेगा। हम मिलकर लड़ाई लड़ेंगे। हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि पुराने नेताओं और नेताजी के साथ के लोगों की बात ही अलग है। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता भाजपा को हटाने जा रही है। 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। पीडीए की आवाज बुलन्द होगी। भाजपा सरकार ने मोहम्मद आजम खां साहब पर झूठे मुकदमे लगाए हैं। मोहम्मद आजम खां साहब और उनके पूरे परिवार को झूठे मुकदमे लगाकर परेशान किया गया। भाजपा सरकार ने परिवार को बहुत तकलीफ और परेशानी पहुंचाई। ऐसा लगता है भाजपा सरकार अन्याय, अत्याचार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वह सब कुछ बर्बाद कर रहे हैं। मोहम्मद आजम खां ने जौहर विश्वविद्यालय में बहुत अच्छा काम किया है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर मोहम्मद आजम खां पर लगे सभी झूठे मुकदमे खत्म किये जाएंगे। साथ ही अन्य तमाम लोगों पर लगे झूठे मुकदमे वापस लिए जायेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए समाज के लोगों को अपमानित किया जा रहा है। क्या कोई सुप्रीमकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कल्पना कर सकता है, लेकिन भाजपा सरकार में यह भी हुआ। सुप्रीमकोर्ट में जो हुआ उससे यह बात साबित हो रही है कि पीडीए के लोग चाहे जहां और चाहे जिस पद पर हों, उन्हें जीवन में कभी न कभी अपमानित होना पड़ा है। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी समाज के लोगों को भाजपा सरकार में अपमानित होना पड़ रहा है।

# नियामक आयोग मुख्यालय पर होगा मौन विरोध प्रदर्शन

## संघर्ष समिति का पक्ष सुने बिना आरएफपी डॉक्यूमेंट पर निर्णय लिया गया तो करेंगे आन्दोलन

● निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख संघर्ष समिति ने नियामक आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर वार्ता हेतु समय देने की मांग की



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार को आज एक पत्र भेजकर मांग की है कि वह पॉवर कारपोरेशन द्वारा दिये गए आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों पर पावर कॉरपोरेशन का जवाब सुनने के पहले विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश को अपना पक्ष रखने के लिए समय दें। संघर्ष समिति ने पत्र में चेतावनी दी है कि यदि विद्युत नियामक आयोग से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल को समय न दिया तो विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर सैकड़ों बिजली कर्मी विद्युत नियामक आयोग के मुख्यालय पर मौन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी नियामक आयोग के अध्यक्ष की होगी। पत्र में कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह विदित हुआ है कि विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम केआरएफपी डॉक्यूमेंट पर नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों के संबंध में अलग से चर्चा की है। चर्चा यह भी है कि इस बैठक में यह तय हो गया है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा आपत्तियों पर दिए जाने वाले जवाब पर विद्युत नियामक आयोग ने अपनी सहमति दे दी है जिसके बाद निजीकरण का रास्ता प्रशस्त हो जाएगा।

# शिक्षा जीवन में परिवर्तन लाने का माध्यम है, डिग्री पाने का साधन नहीं

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी का 47वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ।इस अवसर पर कुलाधिपति जी ने 55,642 विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधियाँ प्रदान कीं, जिनमें 34,252 छात्राएँ तथा 21,387 छात्र सम्मिलित हैं। इसी प्रकार 15,321 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर की उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 11,484 छात्राएँ एवं 3,837 छात्र हैं। दीक्षांत समारोह में 178 शोधार्थियों को पी.एच.डी. की उपाधियाँ तथा 101 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें 74 छात्राएँ एवं 27 छात्र शामिल हैं। कुलाधिपति जी ने सभी अंक पत्रों एवं उपाधियों को डिजिलॉकर में समाहित किया और कहा कि यह कदम शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण प्रयास है।इस अवसर पर राज्यपाल जी ने जनपद चंदौली के आंगनबाड़ी केन्द्रों को सशक्त बनाने हेतु 300 आंगनबाड़ी किटों का वितरण भी किया।दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम और उनके मूल्यों पर स्थापित है, इसका यह 47वां दीक्षांत समारोह हमारे लिए अत्यंत गौरव का अवसर है।राज्यपाल जी ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि कर्तव्यबोध और राष्ट्रबोध को सर्वोपरि रखना आवश्यक है। शिक्षा जीवन में परिवर्तन लाने का माध्यम है, डिग्री पाने का साधन नहीं। विद्यार्थियों को अपने छात्रावास और विश्वविद्यालय के प्रति कर्तव्य का पालन करना चाहिए।उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूक होना अनिवार्य है, क्योंकि बिना जागरूकता के विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता। पर्यावरण को हमने स्वयं बिगाड़ा है, और इसे सुधारने की जिम्मेदारी भी हमें ही लेनी होगी।



# 11 परियोजनाओं के लिए पीसीयू मानक के शिथिलीकरण का प्रस्ताव स्वीकृत

## मुख्य सचिव ने की निर्माण परियोजनाओं की उच्च स्तरीय समिति की बैठक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों/पी०सी०यू० शिथिलीकरण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत 11 परियोजनाओं के लिए पीसीयू में शिथिलीकरण के प्रस्ताव को मुख्य सचिव ने स्वीकृति प्रदान की। यह प्रदेश के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में सड़क नेटवर्क, औद्योगिक विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी। प्रस्ताव के अनुसार जनपद सिद्धार्थनगर में 2804.01 लाख रुपये की लागत से एनएच-730 के किमी 408 से घनौरा मुस्तहकम एसएसबी कैंप होते हुए अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, जनपद मऊ में 99.54 लाख रुपये लागत से अजमतगढ़-अमिला मार्ग के किमी 12 से करमपुर तक मार्ग निर्माण, जनपद बरेली में 321.85 लाख रुपये से फरीदपुर-बीसलपुर मार्ग के किमी 10 से ग्राम सिमरा केशवपुर में सीबीजी प्लांट हेतु पहुंच मार्ग निर्माण, जनपद लखीमपुर खीरी में 555.79 लाख रुपये एनएच-24 से कुतुवापुर कैनाल ब्रिज मार्ग के किमी 2 से सीबीजी प्लांट होते हुए डीसीएम श्रीराम शुगर मिल तक मार्ग निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद सहारनपुर में 49.29 लाख रुपये से मिनी औद्योगिक संस्थान अम्बेहटापीर सहारनपुर हेतु पहुंच मार्ग के नवनिर्माण, जनपद मुरादाबाद में 2122.36 लाख रुपये से एनएच-24 दलपतपुर से समदी समदा मुडिया मलूकपुर ईशापुर चंदनपुर मार्ग पर ड्राई पोर्ट तक पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, जनपद जालौन में 2546.83 लाख रुपये से कालपी तहसील में रेलवे लाइन के पास इंडस्ट्रियल एरिया कांशीराम कॉलोनी होते हुए काशीखेड़ा तक किमी 1 से 7 व 8 (400) का निर्माण, जनपद ललितपुर में 729.87 लाख रुपये से नीलकंठेश्वर मार्ग अ0जि0मा0 के चै. 0.000 से 2.200 में दो लेन मार्ग निर्माण, जनपद लखीमपुर खीरी में 2651.89 लाख रुपये से पलिया हवाई पट्टी मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी 1 से किमी 4 (035) में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, जनपद झांसी में 5260.68 लाख रुपये से मोंठ-भांडेर (अ0जि0मा0) मार्ग किमी 4 से भरोसा-छपार-पुलगहना-शाहजहांपुर-खजूरी मध्य प्रदेश की सीमा तक दो लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा जनपद कुशीनगर में 3597.95 लाख रुपये कुल लागत से नेबुआ खड्डा मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।



# जब सपनों ने लिया उड़ान और समाज ने किया सलाम

## बालिकाओं ने थामा नेतृत्व का दायित्व : लीना जौहरी

**लखनऊ।** महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत अतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह (3 से 11 अक्टूबर) थीम के तहत आज पूरे प्रदेश में 2 अनूठे कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन विशेष आयोजन में एक तरफ तो विभिन्न जनपदों की प्रतिभाशाली और इच्छाशक्ति से परिपूर्ण बालिकाओं तथा महिलाओं को ' एक दिन की जिलाधिकारी' की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस पहल का उद्देश्य था कि बालिकाएँ न केवल नेतृत्व क्षमता को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करे, बल्कि उन्हें प्रशासनिक व सामाजिक उत्तरदायित्वों की गहरी समझ भी प्राप्त हो। दूसरी तरफ आज पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ कन्या जन्मोत्सव मनाया गया।

इस विशेष अवसर पर प्रत्येक जनपद के सरकारी अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी और ब्लॉक स्तर पर उन बालिकाओं का सामूहिक उत्सवपूर्वक स्वागत किया गया जिन बालिकाओं ने आज जन्म लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश देना था कि बेटियों का जन्म न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए हर्ष और गर्व का विषय है।आज के कार्यक्रम में प्रत्येक जिले से चयनित बालिकाओं को जिला प्रशासन के कार्यों का वास्तविक अनुभव कराया गया।

सुबह औपचारिक रूप से उन्हें एक दिन की जिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण कराया गया, जिसके बाद उन्होंने विभागीय बैठको में भाग लिया, विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। कई जिलों में बालिकाओं ने महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर अधिकारियों से संवाद कर अपनी राय रखी और सुझाव प्रस्तुत किए। यह अनुभव बालिकाओं के लिए केवल औपचारिक दायित्वों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्हें यह आत्मविश्वास भी मिला कि वे भविष्य में उच्चतम पदों पर पहुंचकर निर्णयकारी भूमिका निभा सकती है।इस आयोजन से बालिकाओ ने प्रशासनिक कार्यशैली का गहन अनुभव प्राप्त किया। उन्हें यह समझने का अवसर मिला कि किस प्रकार से जिला स्तर पर विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है, जनता की समस्याओं को सुना जाता है और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जाते हैं। बालिकाओं ने महसूस किया कि वे अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखती है।प्रदेश भर में आयोजित इस कार्यक्रम ने अभिभावको और समाज को यह सोचने के लिए प्रेरित किया कि बालिकाओ को केवल घर और परिवार की सीमाओ तक न देखा जाए, बल्कि उन्हे प्रशासन, राजनीति, विज्ञान, शिक्षा और अन्य सभी क्षेत्रो में योगदान देने का अवसर मिले। जहाँ-जहाँ बालिकाओं ने जिलाधिकारी का पद संभाला, वहाँ उनकी गंभीरता, परिपक्वता और नेतृत्व क्षमता देखकर सभी अधिकारी और कर्मचारी भी प्रभावित हुए।



# 'मोदी-योगी मॉडल' से दौड़ रहा पूर्वांचल के विकास का चक्का

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन से श्री काशी विश्वनाथ धाम ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री मोदी के काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद से अब तक लगभग 25 करोड़ 28 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर चुके हैं। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को अनुमानित सवा लाख करोड़ रुपये का बूस्टअप डोज मिला है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि कॉरिडोर के निर्माण ने न केवल काशी की छवि को बदला है, बल्कि पूरे प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों में भी अप्रत्याशित वृद्धि की है। देश के विभिन्न प्रांतों से लेकर दुनिया के तमाम देशों के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लगातार बढ़ते आगमन से स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों, नाविकों, पुजारियों, ठेले वालों और होटल कारोबारियों को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

# कांग्रेसजनों ने कमलापति त्रिपाठी को किया याद

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव-प्रभारी उप्र अविनाश पाण्डेय तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव-प्रभारी उप्र अविनाश पाण्डेय ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी ने अपने जीवन में सदैव सत्य, त्याग और सेवा के मार्ग पर चलकर देश और समाज की सेवा की। वे न केवल एक राजनेता थे, बल्कि कांग्रेस की आदर्श विचारधारा के प्रतीक थे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी जी के कांग्रेस संगठन, स्वतंत्रता संग्राम और उत्तर प्रदेश के विकास में दिए योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज हमें उनके आदर्शों और सिद्धांतों को अपने राजनीतिक जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है, यही हमारी तरफ से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



# जीएसटी कर सुधार से देश की अर्थव्यवस्था बनेगी मजबूत

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जनपद मऊ के मुहम्मदाबाद में आयोजित "जीएसटी बचत उत्सव एवं आत्मनिर्भर भारत" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों, उद्यमियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें जीएसटी कर सुधार के लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था ने देश की कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और एकीकृत बनाया है। इससे व्यापार में सुगमता बढ़ी है, कर चोरी पर रोक लगी है तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तीव्र गति से आगे बढ़ रही है और जीएसटी इस विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद - सीतापुर

पत्रांक - 1086/ स्वा0 अनुभाग/न0पा0परि0सी0/2025-26 दिनाँक - 06/10/2025

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

### रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (RFP)

एत्तद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सीतापुर में जेसीबी मशीन मरम्मत कार्य की दरों हेतु कार्य की निविदा निम्नलिखित तिथियों में आमंत्रित की जाती है-

| अपलोड करने की तिथि व समय | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| दिनांक 08-10-2025<br>समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से | दिनांक 15-10-2025<br>समय अपरान्ह 05 : 00 बजे से | दिनांक 16-09-2025<br>समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से |

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1
नगर पालिका परिषद,
सीतापुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद - सीतापुर

पत्रांक - 1085/ स्वा0 अनुभाग/न0पा0परि0सी0/2025-26 दिनाँक - 06/10/2025

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

### रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (RFP)

एत्तद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सीतापुर में जेसीबी मशीन मरम्मत कार्य की दरों हेतु कार्य की निविदा निम्नलिखित तिथियों में आमंत्रित की जाती है-

| अपलोड करने की तिथि व समय | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| दिनांक 08-10-2025<br>समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से | दिनांक 15-10-2025<br>समय अपरान्ह 05 : 00 बजे से | दिनांक 16-09-2025<br>समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से |

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1
नगर पालिका परिषद,
सीतापुर

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद-लखनऊ।

पत्रांक - 1139/ लेखा/निविदा/ 2025-26 दिनाँक - 04/10/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

टेण्डर निकाले जाने की तिथि - 04.10.2025
टेण्डर खोलने की तिथि - 18.10.2025 (अपरान्ह 3:00 बजे)

| क्र0 सं0 | टेण्डर का प्रकार | योजना का नाम | कार्य का नाम | लम्बाई (मी0 में) | टेण्डर लागत GST सहित | बिड सिक्योरिटी (रू0 में ) 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | रहिमाबाद मवईकला सम्पर्क मार्ग से उचितदार दुकान तक खडण्जा निर्माण कार्य | 405.5 मीटर | 9.98 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 2 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | बेलवा से चन्दीखेडा तक खडण्जा निर्माण कार्य | 406 मीटर | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 3 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | बत्तोरीपुर सम्पर्क मार्ग से मोहज्जीपुर तक खडण्जा निर्माण कार्य | 100 मीटर | 2.51 लाख | 20000 | 500 | 3 माह |
| 4 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | खडौहा से बांके बरगिदी सीमा तक खडण्जा निर्माण कार्य | 405.5 मीटर | 9.98 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 5 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | सहिजना से बेता नाला तक खण्डजा निर्माण कार्य | 406 मीटर | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 6 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | चांदपुर से कहला सीमा तक खण्डजा निर्माण कार्य | 406 मीटर | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 7 | ऑफलाइन (जैम पोर्टल) | 15वॉ के0वि0- टाइट | ग्राम पंचायत रमगढा में आर0ओ0 वाटर कूलर | 01 जॉब | 3.60 लाख | - | - | 3 माह |
| 8 | ऑफलाइन (जैम पोर्टल) | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | क्षेत्र पंचायत के विभिन्न स्थानों पर सोलर लाईट की स्थापना कार्य | 49 जॉब | 9.84 लाख | - | - | 3 माह |

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद लखनऊ द्वारा विकास खण्ड मलिहाबाद में पंजीकृत ठेकेदारों/ जेम पर पंजीकृत ठेकेदारों से वर्ष 2025-26 हेतु पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग से उपरोक्त 08 कार्यों हेतु प्रतिशत दर/दर अनुबंध निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी ठेकेदार अपनी अधिकृत क्षमता के अंतर्गत एक अथवा एक से अधिक निविदाओं के लिये निविदा दे सकता है। निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी, नियम एवं शर्तें कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद एवं https://gem.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित कमेटी के सदस्यों एवं निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा भेजे गये प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में जिस फर्म ठेकेदार द्वारा कार्य मानक अनुसार गुणवत्ता सहित सबसे कम रेट में निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाना दर्शाया गया होगा, उसी फर्म/ठेकेदार को टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा।

1. महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, विकारा खण्ड, गलिहाबाद द्वारा ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी ठेकेदार अधीकृत क्षमता के अन्तर्गत एक अथवा एक से अधिक निविदाओं के लिये निविदा दे सकता है।
2. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोणा तालिका के कॉलम 09 में दर्शायी गयी है।
3. निविदा की कांता प्राप्ति के दिन से 90 दिन वो लिये लिये होगी। वैधता की अवधि में निविदा की वापस नहीं लिया जा सके।
4. निविदा प्रपत्र खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्यदिवस में 11.00 बजे पूर्वान्ह से 04.00 बजे अपरान्ह तक दिनांक 04.10.2025 से 17.10.2025 तक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि किसी शिड्यूल कोमर्शियल बैंक से खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के नाग देव होगा, से क्रय की जा सकती है।
5. निविदा प्रपत्र खण्ड विकारा अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय में दिनांक 18.10.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्यदिवस में दिनांक 18.10.2025 को 03.00 बजे खण्ड विक्वरा अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय में इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोला जायेगा।
6. निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि (EMD 2%) संलग्न होनी चाहिये। धरोहर धनराशि शिड्यूल कामर्शियल बैंक की एफ०डी०आर० के रूप में होनी चाहिये, जो कि खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के पक्ष में बंधक होगा। यदि कोई ठेकेदार एक से अधिक कार्य के लिये निविदा चालता है तो उसे प्रत्येक कार्य के लिये अलग-अलग धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. सानिविदा स्वीकृत होने के उपरान्त परफॉमेंस जमानत (Performance Security 3%) की धनराशि शिशूष कामर्शियल बैंक की एफ०डी०आर० कके रूप में जमा करनी होगी, जो कि खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के पक्ष में बंधक होगा।
8. कोई निविदाकर्ता कार्यदायी संस्था में जहां उनका सम्बंधित अथवा उनकी पत्नी का कोई निकट सम्बंधी (प्रथम रक्त सम्बंधी अथया उनकी पत्नी) खण्डीय लेखाकार के रूप में कार्यरत ही अथवा खण्ड विकास अधिकारी से अवर अभियंता, (दोनो को सम्मिलित करते हुये। डालने लिये योग्य नहीं होगा। निविदाकर्ता द्वारा यह शपत्रपत्र भी दिया जायेगा, जिसके उसके सम्बंधियों के नाम तथा उनके पदनाम का उल्लेख होगा जो कि कार्यदायी खण्ड एवं उससे सम्बंधित वृत्त में कार्यरत हो। यदि राजपत्रित अभियंता अथवा राजपत्रित अधिकारी जो कि राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के प्रशासकीय विभाग में कार्यरत हो, सेवानिवृत्त के दो वर्ष तक बिना सरकार की अनुमति के ठेकेदारी के काम के लिये राज्य सरकार से अनुमति नहीं ली है या ठेकेदार के साथ कार्य करना शुरू कर दिया है तो ठेकेदारी को निरस्त किया जाता है।
9. निविदा से सम्बंधित विवरण निविदा कालने हेतु योग्यता एवं पात्रता, ड्राइंग, विशिष्टियां, मात्राओं का विवरण एवं ठेके की अन्य शर्ते जिनका ठेकेदार द्वारा पालन किया जाना है. का निर्धारण खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय में किया गया है। किसी कार्यदिवस में पूर्वान्ह 11.00 बजे से 04:00 बजे तक दिनांक 04.10.2025 से 17.10.2025 तक देखा जा सकता है।
10. कोई भी निविदाकर्ता जिसका अपराधिक रिकार्ड है, निविदा में भाग नहीं ले सकता है।
11. ऐसे निविदाकर्ता जो राज्य विधि कोसिल में पंजीकृत हो, नितिगा देने से प्रतिबंधित होंगे।
12. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। कोई भी अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
13. सेस एवं अन्य करें की कटौती नियमानुसार ठेकेदार को बीजक से की जायेगी।
14. धन की उपलब्धता के अनुसार ही कार्य के सापेक्ष भुगतान किया जायेगा।
15. निविदादाता द्वारा गत 03 पर्षों के आई०टी०आर० रिर्टन जमा करना होगा।
16. निविदादाता द्वारा अपना जी०एस०टी० एवं पैन कार्ड की स्याप्रमाणित छायाप्रति जगा करनी होगी।
17. उक्त संस्था के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी से सम्बंध न होना का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
18. निविदादाता द्वारा स्वयं के हस्ताक्षर से एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें किसी भी राजकीय विभाग अथवा संस्था द्वारा फर्म/कम्पनी को काली सूची में नहीं डाला गया हो।
19. निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ऑफ इडिया मलिहाबाद के खाता सं० 755510210000004 जिसका IFSC Code -BKID0007555 में जमा कराकर रसीद कार्यालय में जमा करके निविदा फार्म ले सकते है।

(प्रमुख)
क्षे0पं0, मलिहाबाद-लखनऊ।

खण्ड विकास अधिकारी
क्षे0पं0, मलिहाबाद-लखनऊ।

## एक नजर

### राकेश पांडेय निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**अयोध्या।** बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस चुनाव में राकेश पांडेय को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, जबकि रामू चौधरी को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव संपन्न होने के बाद कार्यालय परिसर में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां सभी कर्मचारियों ने फूल–मालाओं से नव–निर्वाचित अध्यक्ष राकेश पांडेय का भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष पांडे ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा का संकल्प लिया और कहा, कर्मचारियों की समस्याएं हमारी प्राथमिकता होंगी। किसी भी कर्मचारी को किसी प्रकार की कठिनाई होती है, तो उसका समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय महामंत्री जयप्रकाश ने किया। चुनाव,चुनाव अधिकारी दुर्गेश कुमार भास्कर शुभम सिंह व आशुतोष की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से अशोक दुबे, सत्य प्रकाश, जयप्रकाश, रामसागर, राम सुरेश, मुफीज अहमद, गुलाम अहमद, रामलली, कुमकुम निशा शुक्ला, सुशीला देवी, मिथिलेश कुमारी, रामसुख, ऋषभ, जालिपा, सूर्य नारायण एवं सुनील आदि शामिल रहे।

### सत्य का मार्ग ही सत्संग है : महंत गणेश



**अयोध्या।** ग्राम गोड़वा स्थित सिंधी समाज की प्रथम गौशाला में एक दिव्य सत्संग एवं विशाल भंडारे का आयोजन भक्तजनों के सहयोग से बड़े ही श्रद्धा भाव से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूज्य महंत गणेश राय दास जी ने सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य का मार्ग ही सत्संग है और सत्य के पथ पर चलकर ही मनुष्य इस भवसागर को पार कर सकता है। उनके प्रवचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय को भावविभोर कर दिया।इस पावन अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पूज्य महंत जी ने उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर तथा कनक बिहारी सरकार जी का चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।महंत गणेश दास ने समस्त ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले प्रमुख सहयोगियों का नाम लेकर विशेष आभार व्यक्त किया। जिनमें राजीव कुमार वर्मा, राम मनोरथ वर्मा, रामकुमार वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र शुक्ला तथा उमेश संतानी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### गुप्तारघाट पर रावण मूर्ति स्थापना के विरोध में मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**अयोध्या।** रामनगरी के पवित्र गुप्तारघाट पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा रावण की मूर्ति स्थापित किए जाने की प्रस्तावित योजना के विरुद्ध समाजसेवी राजेश सिंह मानव ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन प्रेषित किया है।ज्ञापन में कहा गया है कि यह योजना मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मभूमि की गरिमा और सनातन संस्कृति की श्रद्धा के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्य कुछ भटके हुए अधिकारियों द्वारा मैकाले मानसिकता के तहत किया जा रहा है, जो धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है।राजेश सिंह मानव, जो श्री आदित्यनाथ गौ सेवा समिति के संरक्षक हैं, ने मांग की है कि इस योजना को तत्काल निरस्त कर अयोध्या की धार्मिक मर्यादा की रक्षा की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेने की अपील की है।

### तैराकी प्रतियोगिता में विनायक की छात्राओं व छात्रों ने मारी बाजी, जीते गोल्ड मेडल



**अयोध्या।** श्री विनायक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खजुराहट जनपद अयोध्या की छात्राओं ने अंतर महाविद्यालय महिला तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में अंजली यादव, शालिनी निषाद एवं पलक साहनी ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत महाविद्यालय को चैंपियनशिप का खिताब भी प्राप्त हुआ।यह प्रतियोगिता अंबेडकर नगर स्थित रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की प्रतिभागिता रही।महिला वर्ग के साथ–साथ पुरुष तैराकी प्रतियोगिता में भी श्री विनायक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने अपना दबदबा कायम रखा। विशाल कुमार निषाद, अभिषेक निषाद एवं अभिषेक साहनी ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त कर महाविद्यालय की उपलब्धियों में चार चाँद लगा दिए।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने सभी विजेता छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अयोध्या को विकसित बनाने के लिए आज मंथन करेंगे पार्षद गण

**अयोध्या।** समृद्धि का शताब्दी पर्व के तहत विकसित उत्तर प्रदेश बनाने की कडी में अयोध्या को विकसित बनाने के लिए पार्षद गण आज मंथन करेंगे। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में नौ अक्टूबर को दोपहर 12 बजे एक दिवसीय गोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें समाज के प्रबुद्ध वर्ग की मौजूदगी होगी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि समृद्धि का शताब्दी पर्व के तहत 2047 तक उत्तर प्रदेश का विकसित बनाने में अयोध्या भी अपनी भूमिका निभाएगी। इसके तहत नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के संयोजन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के विजन डाक्यूमेंट तैयार किया जाएगा।

### डॉ. विनोद गुप्ता कांग्रेस कमेटी मानवाधिकार विभाग जिला अध्यक्ष मनोनीत

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मानवाधिकार विभाग के अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी ने पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री की संस्तुति पर डॉ विनोद गुप्ता को अयोध्या कांग्रेस कमेटी मानवाधिकार विभाग का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है, उक्त आशय की जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने प्रेस को दी। श्री पाठक ने बताया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने श्री गुप्ता से यह उम्मीद जताया है कि वह संगठन की गतिविधियों को तेज करेंगे। श्री विनोद गुप्ता की नियुक्ति पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम,पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ,रामदास वर्मा, आईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला, पी सी सी सदस्य उग्रसेन मिश्रा,अशोक राय ,मोहम्मद आरिफ, राजकुमार पांडे बधाई दी।

# मुख्यमंत्री योगी ने लिया राम मंदिर निर्माण की प्रगति का जायजा

## हनुमानगढ़ी में सीएम योगी ने टेका मत्था

- श्रीरामलला के दरबार में की आरती
- ट्रस्ट पदाधिकारियों से की चर्चा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या बुधवार को एक बार फिर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठी, जब प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर पावन धरा पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अपने अयोध्या प्रवास की शुरुआत संकट मोचन हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन से की, जहां उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।



हनुमानगढ़ी से निकलने के बाद मुख्यमंत्री योगी सीधे श्रीरामलला के दरबार पहुंचे। आरती उतारकर उन्होंने प्रभु श्रीराम के चरणों में शीश नवाया और परिक्रमा करते हुए मंदिर निर्माण कार्यों की प्रगति का गहराई से अवलोकन किया। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हें मंदिर के निर्माण की वर्तमान स्थिति और आगामी चरणों की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के उपरांत मंदिर प्रांगण से बाहर निकलते समय श्रद्धालुओं और आमजन का हाथ जोड़कर अभिवादन भी स्वीकार किया। पूरा परिसर "जय श्रीराम" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

इससे पूर्व, अयोध्या आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर भव्य स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

गौरतलब है कि अक्टूबर माह में यह मुख्यमंत्री योगी का पहला अयोध्या दौरा रहा, जिसमें उन्होंने न केवल धार्मिक आस्था प्रकट की, बल्कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के कार्यों की प्रगति पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया।

हेलीपैड पर भव्य स्वागत में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही,पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह व महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव, अभय सिंह, चंद्रभानु पासवान, बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## अयोध्या में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भव्य स्वागत



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या बुधवार को एक बार फिर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक क्षण की साक्षी बनी, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपनी दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचीं। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केंद्रीय मंत्री का गरिमामय स्वागत किया। स्वागत के दौरान वाद्ययंत्रों की पारंपरिक धुनों ने अयोध्या की सांस्कृतिक आत्मा को स्पंदित कर दिया। एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच केंद्रीय मंत्री का काफिला सिविल लाइन्स स्थित होटल रेडिशन पहुंचा, जहां कुछ देर विश्राम के बाद वह अपने निर्धारित कार्यक्रमों के लिए रवाना हुईं। निर्मला सीतारमण का यह दौरा टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड में आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक आयोजन के लिए है। इस अवसर पर वह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संयुक्त रूप से दक्षिण भारत के तीन महान संगीतज्ञों संत त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का अनावरण करेंगी। बृहस्पति कुंड परिसर में स्थापित की गई ये मूर्तियां भारतीय संगीत, भक्ति और कला परंपरा का जीवंत प्रतीक हैं। इन संत संगीतज्ञों ने भक्ति संगीत को भारतीय संस्कृति का आत्मस्वर बनाया। अब उनकी मूर्तियों का अयोध्या की पावन भूमि पर स्थापित होना उत्तर–दक्षिण सांस्कृतिक एकता का अनुपम उदाहरण है।

# रक्त का कोई विकल्प नहीं : डीपी यादव

## राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** राष्ट्रीय रक्तदान पखवाड़ा के अंतर्गत पर रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में लोक प्रिय शिक्षक डीपी यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद शोध संस्थान के प्रबंधक निदेशक सूर्यकान्त पाण्डेय जी मौजूद रहे। शिविर की अध्यक्षता सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के पूर्व प्रबंधक राम बहल ने किया। इस कैम्प में 18 युवाओं ने रक्तदान कर महादानी बनें।कैम्प में रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुए मुख्य अतिथि डीपी यादव ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं हैं लिहाजा युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

ब्लड मैन के नाम से चर्चित संस्था के अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या जिले में हर मरीज को ब्लड मिल सकें इसके लिए संस्था निरंतर रक्तदान कैम्प लगा रहा हैं। और अभी तक संस्था द्वारा करीब 173 रक्तदान शिविर लगाकर लगभग दस हजार मरीजों को ब्लड दिया जा चुका है। रक्तदान संयोजक संजय यादव ने कहा कि रक्तदान जागरूकता को लेकर संस्था द्वारा निरंतर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है।

संस्था उपाध्यक्ष विजय वर्मा ने बताया कि पिछले कई सालों से अयोध्या जिले में सर्वाधिक रक्तदान कराने का रिकार्ड इसी संस्था के नाम दर्ज हैं। रक्तदान के सफल आयोजन में लोको पायलट राजन यादव, डॉ अनुराधा मौर्या, मो अहद, प्रदीप गुप्ता, काउंसलर ममता खत्री आदि का सराहनीय योगदान रहा। रक्तदान करने वालों में अभिषेक त्रिपाठी, हेमंत शुक्ला, दीपक गुप्ता, अनूप मनवानी डॉ अंजनी कुमार, मीना यादव, बृजेश जायसवाल, प्रदीप यादव, हिमांशु सोनी, सोमिल जायसवाल शिवम कसौधन, विनय उपाध्याय, सिद्धांत प्रजापति, आदि का सराहनीय योगदान रहा। समापन पर सभी रक्तदाताओं को अंगवस्त्र, प्रमाणपत्र व डोनर कार्ड देकर सम्मानित किया गया।

### इंग्लैंड के वेलिंगबोरो मेयर आज आएंगे अयोध्या, करेंगे रामलला का दर्शन

**अयोध्या।** इंग्लैंड के वेलिंगबोरो टाउन काउंसिल के मेयर राज मिश्र गुरुवार को अयोध्या आएंगे। उनके साथ 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत सर्किट हाउस में नगर निगम अयोध्या के पार्षदों का दल महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अगवाई में करेगा। इस मौके पर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों का भी समूह होगा। वेलिंगबोरो टाउन काउंसिल के मेयर नौ अक्तूबर को सुबह 9 बजे मिर्जापुर से चलकर दोपहर दो बजे अयोध्या पहुंचेंगें। मेयर एवं प्रतिनिधिमंडल के सदस्य दो घंटे विश्राम के पश्चात शाम चार बजे श्रीरामलला के दर्शन करेंगे। इसके उपरांत अतिथि गृह में जनप्रतिनिधियों व मीडिया से भेंट करेंगे।

प्रतिनिधिमंडल रात्रि विश्राम अयोध्या में करेगा और 10 अक्तूबर की सुबह 9 बजे यहां सें वापस लौट जाएगा।

# नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष उमेश सिंह की कार्यकारिणी का हुआ सम्मान

## विश्व हिंदू महासंघ के नवनिर्वाचित अयोध्या धाम के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ने ली शपथ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** विश्व हिंदू महासंघ के अयोध्या धाम की नई कार्यकारिणी का गठन जिला अध्यक्ष उमेश सिंह ने कर दिया है। एक कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष सहित सभी जिला कार्यकारिणी एवं महिला विधि प्रकोष्ठ धर्मार्थ प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों सहित सभी पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और सबको अपने दायित्व का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया।

आगामी 14 ,15 ,16 नवंबर को गोरखनाथ मंदिर पर विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के नेतृत्व में विशाल प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारी के लिए सभी को जिम्मेदारियां दे दी गई है। संगठन की एक पत्रिका जिसमें संगठन की अब तक की गतिविधियां एवं पदाधिकारियो का फोटो सहित समस्त विवरण प्रकाशित किया जाने का निर्णय लिया गया है और सबसे इसमें सहयोग मांगा गया है। यह जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने देते हुए संगठन को मजबूत करने की सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी से अपेक्षा की है। जिससे विश्व हिंदू महासंघ सशक्त होकर गौ रक्षा पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के हाथों को मजबूत करके सनातन धर्म और उनके गुरु महंत अवैद्यनाथ के सिद्धांतों सनातन धर्म का प्रचार गौ रक्षा भेदभाव समाप्त करके सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना है।

बैठक मे उपाध्यक्ष विजय शंकर पांडे विधि प्रकोष्ट उमेश मिश्रा प्रदेश मीडिया महामन्त्री,ने नई कार्यकारिणी को आशीर्वाद दिया। विश्व हिंदू महासंघ अयोध्या धाम की 2025 की नई कार्यकारिणी उमेश सिंह जिला अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव जिला महामंत्री अरविंद श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष अंकित सोनकर जिला उपाध्यक्ष शिखर श्रीवास्तव मयंक सेठ सतीश सोनकर सतीश सिंह सागर सोनकर कुलदीप साहू बरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश सिंह, मनीश शर्मा मन्त्री घनश्याम मौर्य जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ रमेश शास्त्री जिला अध्यक्ष धर्मार्थ प्रकोष्ठ प्रज्ञा श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रदीप तिवारी महानगर अध्यक्ष मनीष शर्मा मंत्री आलोक प्रताप सिंह जवाहर सोनकर राजाराम यादव मुरारी मांझी सनी सिंह मंत्री।

एकता रस्तोगी मंत्री रोली श्रीवास्तव मंत्री सुषमा श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष यसी श्रीवास्तव कार्यकर्ता नीलम रस्तोगी सदस्य बनाए गए संगठन का विस्तार किया गया है। बनाए गए सभी पदाधिकारी अपने स्तर से जल्द ही गठन करेंगे।

### दीपोत्सव 2025 को भव्य व दिव्य रूप देने की तैयारियां तेज़, मंत्री जयवीर सिंह ने की समीक्षा बैठक

**अयोध्या।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में दीपोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर आयुक्त सभागार में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री जी ने कहा कि इस वर्ष दीपोत्सव में प्रज्ज्वलित दीपों, ड्रोन शो और सरयू आरती के माध्यम से गिनीज बुक में नया रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। शोभायात्रा में रामायण पर आधारित 07 व सूचना विभाग द्वारा 14 झांकियां निकाली जाएंगी।उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन की सभी अनुमतियां समय पर जारी की जाएं तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु एलईडी प्रसारण, अतिरिक्त बसों की व्यवस्था और वॉलिंटियर्स की तैनाती सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा, स्वच्छता और चिकित्सा जैसी व्यवस्थाओं की भी व्यापक समीक्षा की गई।

# मिशन शक्ति में महिला थाना अयोध्या ने महिलाओं को किया गया जागरूक



**अयोध्या।** मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत महिला थाना थानाध्यक्ष आशा शुक्ला एवं महिला आरक्षी ज्योति सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के प्राधिकार वितरण समारोह में पहुंचकर महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम सिविल लाइन अयोध्या में आयोजित किया गया था, जहां महिलाओं को विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, सुकन्या योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला अपराधों से संबंधित जानकारी भी दी गई, जिससे महिलाएं अपने अधिकारों को समझ सकें और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में उचित सहायता प्राप्त कर सकें।महिला थानाध्यक्ष आशा शुक्ला व आरक्षियों ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की, जिनमें शामिल हैं- वीमेन पावर लाइनः 1090,यूपी पुलिस हेल्पलाइनः 112, महिला हेल्पलाइनः 181,मुख्यमंत्री हेल्पलाइनः 1076,चाइल्ड लाइनः 1098, साइबर अपराध हेल्पलाइनः 1930 इस अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और पुलिस से बिना झिझक संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना पैदा करना और उन्हें सशक्त बनाना था।

## अयोध्या में गूंजी दक्षिण की भक्ति स्वर लहरियां

**अयोध्या।** उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम बुधवार को अयोध्या की पावन भूमि पर देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का बृहस्पति कुंड में भव्य अनावरण किया।

टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड का वातावरण उस समय भक्तिरस और संगीत की पवित्र भावना से सरोबार हो उठा जब केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कर अनावरण समारोह की शुरुआत की। इस दौरान सीतारमण के माता-पिता भी मौजूद रहे, जिससे यह पल और भी भावनात्मक हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक अयोध्या शैली में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बृहस्पति कुंड केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है, जहां उत्तर भारत की श्रद्धा और दक्षिण भारत की भक्ति का संगम होता है। कहा कि अयोध्या केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने तीनों संतों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और भक्ति परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनके काव्य और रचनाओं ने समाज को प्रेम, भक्ति और एकता के सूत्र में पिरोया। सीतारमण ने बृहस्पति कुंड की भव्यता और शांति देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अयोध्या और कर्नाटक के सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं। आज इन संतों की मूर्तियों के अनावरण के माध्यम से भारत की उत्तर-दक्षिण परंपरा एक सूत्र में बंधी है। इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम की नगरी अयोध्या अब केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण की केंद्रस्थली बन रही है। उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमण का यह दौरा भारत की सांस्कृतिक एकता और समरसता का सशक्त प्रतीक है। बृहस्पति कुंड परिसर में स्थापित सुंदर पत्थर की बेंचों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कुछ देर के लिए विराम लेते हुए बैठे। शांत सरोवर, मधुर वातावरण और सुव्यवस्थित परिसर को निहारते हुए तीनों जनप्रतिनिधियों ने उस पल में अयोध्या की सौंदर्य व सांस्कृतिक गरिमा का आनंद अनुभव किया।

मुख्यमंत्री ने बेंचों की कलात्मक बनावट और परिसर के सौंदर्यीकरण की सराहना करते हुए कहा कि बृहस्पति कुंड अब श्रद्धा और सौंदर्य का आदर्श संगम बन चुका है।

**किसान मेला** आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में दो दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी लगी

# किसानों ने बताई गई कृषि मेले की विशेषताएं व उपयोगिताएं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज अयोध्या में दो दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेले एवं कृषि विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश के कृषि एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया । प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रगति शील किसानों ने कृषि मेले की उपयोगिता बताई।

1 बहराइच जनपद से आई महिला किसान सावित्री देवी ने बताया कि उनके पास 12 बीघे खेती है जिस वह सब्जी की खेती करती हैं।किसान मेले में सब्जी के उन्नतशील बीज एवं उत्पादन में वृद्धि के लिए वैज्ञानिक तकनीक प्राप्त होती है।

अयोध्या जनपद के मसौधा ब्लॉक के पोरा गांव निवासी किसान घिराऊ प्रसाद ने बताया कि उनके पास 15 बीघे जमीन है जिस पर वे गन्ना धान वा गेहूं की फसल का उत्पादन करते हैं कृषि विश्व विद्यालय वा किसान मेले से उन्हें काफी मदद मिलती है।किसान मेले में बीज की उन्नतशील प्रजातियां वा वैज्ञानिक तकनीक प्राप्त होती है।

अमानीगंज ब्लॉक अयोध्या के रोतांवां निवासी विजय बहादुर सिंह बताते हैं कि उनके पास 25 बीघे जमीन है जिस पर वे धन गेहूं वा सरसों की खेती करते हैं वे हर किसान मेले में आते हैं और कुछ न कुछ नया सीखते हैं।

अयोध्या जनपद के मसौधा ब्लॉक निवासी राम कल्प वर्मा बताते हैं कि उनके पास 15 बीघे जमीन है जिस पर वे गन्ना धान आदि की खेती करते हैं किसान मेले से उन्हें टेक्नीकी ज्ञान प्राप्त होता है। अमानीगंज ब्लॉक अयोध्या के रोतांवां निवासी किसान रंजीत नाथ पांडे के पास 12 बीघे जमीन है जिस वह जौ की खेती करते हैं।रंजीत बताते हैं कि वे जौ की उन्नत शील प्रजाति बोते हैं तथा अधिक पैदावार प्राप्त करते हैं।किसान मेले से उन्हें काफी मदद मिलती है।

आशा भगवान बक्श सिंह पी.जी. कॉलेज पूराबाजार के कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज में आयोजित किसान मेला का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने कृषि मेले के विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया व कृषि में उपयोग की जा रही नई तकनीकों और उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की कालेज प्राचार्य डॉक्टर नीलमणि सिंह ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया, जिसमें 120 स्टूडेंट्स शामिल रहे। इस भ्रमण के दौरान छात्रों को विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन करने, सूचनात्मक सत्रों में भाग लेने और अग्रणी विशेषज्ञों और उद्योग जग्त के विशेषज्ञों से बातचीत करने का अवसर भी मिला। किसान मेले में लगे स्टाल से फसल प्रबंधन, कृषि तकनीकों और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई। कृषि वैज्ञानिक उद्यान विभाग डॉ.भानू प्रताप ने स्टूडेंट्स को उन्नत खेती करने के आधुनिक तरीकों के साथ पानी संरक्षण के उपाय,जलस्तर,जलवायु के अनुसार बीज का चयन करने, मिट्टी परीक्षण कराने, स्प्रिंकलर से सिंचाई करने की जानकारी दी गई साथ ही आम, अमरूद के बागों में ड्रिप सिंचाई के प्रयोग के साथ ड्रिप और स्प्रिंकलर के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य के लाभ के बारे में बताया।

उन्होनें पॉलीहाउस, बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन, हाइब्रिड बीज उपलब्ध कराने और अदरक, हल्दी,आलू आदि बीजों पर मिलने वाली सब्सिडी तथा बागवानी में मिलने वाले रोजगार के अवसरों के बारे में भी विस्तार से बताया ।कृषि विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आलोक कुमार सिंह ने बदलते मौसम के अनुसार खेती-बाड़ी में बरती जाने वाली सावधानियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया। डॉ निरंजन सिंह (फल विज्ञान विभाग) ने विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे मशरूम उत्पादन, नर्सरी उगाना, प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने स्टूडेंट्स को एग्रोफॉरेस्ट्री को अपनाने की सलाह दी और समझाया कि कैसे इससे पर्यावरणीय लाभ के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी प्राप्त किए जा सकते हैं।छात्र-छात्राओं ने मेले में उपस्थित वैज्ञानिकों से जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्ट व खेती में उपयोग आने वाले उपकरण, फलों एवं सब्जियों का प्रबंधन संबंधी प्रश्न भी पूछे जिसका वैज्ञानिको एवं कृषि से जुड़े विभागों द्वारा बड़ी सरलता से उत्तर दिया गया।

इस शैक्षिक भ्रमण दल के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ उदय प्रताप सिंह डॉ महेंद्र यादव, डॉ. राज प्रताप सिंह, डॉ. गीता आर्य, डॉ. निरुपमा श्रीवास्तव, डॉ यशवीर,अरूनेश,मुकेश कुमार, योगेश सिंह साथ रहे।

## एक नजर

### बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में ग्राम प्रधान की मौत, दूसरे की हालत गंभीर



**पीलीभीत।** बाइकों की आमने-सामने से हुई आपसी भिड़ंत में एक गाँव के प्रधान की मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रधान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम गुलड़िया भूपसिंह निवासी रामकुमार (45 वर्ष) पुत्र रामचंद्र लाल बुधवार की शाम ब्लॉक से काम निपटाकर अपनी बाइक से गांव वापस लौट रहे थे, बताया जा रहा है कि जैसे ही रामकुमार पूरनपुर-बंडा रोड पर स्थित नवल किशोर राइस मिल के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। आमने-सामने हुई बाइक भिड़ंत में दोनों बाइक सवार घायल होकर घटनास्थल पर ही बेहोश हो गए। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पूरनपुर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना के बाबत जानकारी जुटाई। इससे पहले की पुलिस मौके पर पहुँचती राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी और दोनों घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद रामकुमार को मृत घोषित कर दिया। रामकुमार अपने गाँव के प्रधान थे। प्रधान की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दूसरे बाइक सवार अमरजीत की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### भजनों की मधुर स्वर लहरियों से गूंजा कृष्णानगर मंदिर



**शाहजहांपुर।** कार्तिक मास के पावन अवसर पर कृष्णानगर कॉलोनी स्थित श्रीकृष्ण मंदिर से बुधवार को निकाली गई द्वितीय दिवस की प्रभात फेरी का स्वागत सचिन गुप्ता के परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ किया गया। वातावरण भक्तिमय हो उठा जब लड्डू गोपाल की पालकी फूलों से सजी सवारी में लेकर परिवार के लोग अपने घर पहुंचे और वहां विधिवत पूजन-अर्चन कर पुनः मंदिर लौटे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभातफेरी की सुरमई प्रस्तुतियों से हुई। कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कार्तिक शर्मा ने कान्हा की मुरली, गोकुल की गली में" भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस में डुबो दिया। शिवांश गुप्ता ने ओ वृंदावन के जादूगर तूने मेरे मन को मोह लिया। अनिल कक्कड़ ने नाम मेरी राधा रानी का... और गौरव अरोरा ने मै तो तेरी हो गई श्याम...भजन सुनाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद देवेन्द्र खुराना ने "मेरे बांके बिहारी ने बुलाया, चली मैं वृंदावन को चली...और अंकित सक्सेना ने लो आ गई उनकी याद, वो नहीं आए...भजन से माहौल को भावविभोर कर दिया। नवीन सक्सेना ने "तेरी शरण में आके मैं धन्य हो गया...भजन सुनाकर समापन किया। महिलाओं व पुरुषों ने नृत्य कर राधा रानी और नंदलाल को रिझाया। समापन पर "चोरी-चोरी माखन खाय गयो रे..." भजन की धुन पर भक्तों ने मटकी से टॉफियां निकालकर प्रसाद स्वरूप बांटी। इसके बाद आरती हुई और प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति की ओर से गुप्ता परिवार को आशीर्वादस्वरूप भेंट प्रधान सुशील नारंग एवं सत्येंद्र गुप्ता एड. द्वारा प्रदान की गई। मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता एड. ने बताया कि गुरुवार की प्रभात फेरी का स्वागत राजीव मिश्रा एड., संपादक शेखर गुप्ता के परिवार द्वारा श्रीकृष्ण मंदिर, कृष्णानगर में किया जाएगा। इस अवसर पर मदन गोपाल गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, पवन गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता, अमिता मिश्रा, सुधा गुप्ता, पूनम अवस्थी, नलिनी गुप्ता, जगदीश गोगिया, प्रेम नारंग, अशोक गुप्ता, पूजा गुप्ता, केवल कृष्ण सक्सेना, नीलम गुप्ता, आशीष मेहरोत्रा, सुरेंद्र सेठी, कमलेश सक्सेना, सुनील वंदना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### वन्य प्राणी सप्ताह पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



**शाहजहांपुर।** सन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में सोमवार को वन विभाग जिला गंगा समिति एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के संयुक्त तत्वावधान में वन्य प्राणी सप्ताह 2025 का समापन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर जलीय जीव संरक्षण विषय पर चित्रकला, भाषण एवं नमामि गंगे परियोजना अन्तर्गत लाइव प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डब्ल्यूडब्ल्यूएफ समन्वयक डॉ. मोहम्मद आलम और संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. विकास अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। चित्रकला प्रतियोगिता में पंखुड़ी राजपूत कर्ण ने प्रथम, वारिशा ने द्वितीय और इशिका वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अभिनव सक्सेना प्रथम, श्रेया दीक्षित द्वितीय और प्रशांत सिंह तृतीय स्थान पर रहे। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिव्यांश दीक्षित, देवेश, प्रशांत सिंह और पंखुड़ी राजपूत कर्ण विजेता बने। डॉ. आलम ने छात्रों को प्रकृति व वन्यजीवों से जुड़ने हेतु प्रेरित किया और वन्यजीवों के संरक्षण के मौजूदा संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जनपद में चल रहे कछुआ संरक्षण कार्यक्रम की जानकारी भी दी। डॉ. विकास अग्रवाल ने युवाओं से इस प्रकार की गतिविधियों से निरंतर जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए नमामि गंगे परियोजना के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि नदियों को स्वच्छ रखने के लिए हमें कलम से लेकर कदम तक एक साथ चलना होगा। उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अजय सिंह राणा ने शाहजहांपुर की सीमा से सटे जंगलों, वहां के वन्यजीवों और वन संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी। निर्णायक मंडल में वन दरोगा पुष्पेंद्र सिंह, इंजीनियर आयुषी श्रीवास्तव और डॉ. आलम शामिल रहे। चित्रकला प्रतियोगिता रेनू कंचन श्रीवास्तव, शिखा कश्यप, शिवानी कटियार, नवनीत सक्सेना और हरप्रीत सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुई। विजेताओं को अतिथियों ने प्रमाणपत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, जबकि अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

### विकसित भारत का सपना घर-घर स्वदेशी से होगा पूरा



**बरेली।** हर घर स्वदेशी और घर-घर स्वदेशी यही हमारा मंत्र है और यही लक्ष्य है हमारा। यह कहना है सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार का। वे बुधवार को पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा हो सकता है जब घर-घर स्वदेशी को अपना लेंगे। प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपने से अपना ही समाज आर्थिक रूप से मजबूत होता है। आज दुनिया में योग, आयुर्वेद और हस्तशिल्प परंपरागत उद्योग वैश्विक पहचान बन चुके हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज भारत केवल आयात ही नहीं करता है बल्कि निर्यातक भी बन चुका है। उन्होंने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि 1964 में दत्तोपंत ठेंगड़ी ने स्वदेशी चेतना का पुनर्जागरण किया था। उनकी यही प्रेरणा 1991 में आत्मनिर्भर भारत आंदोलन का आधार बन गया। उन्होंने यह भी कहा कि आज के दौर में मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, के साथ ही वोकल फॉर लोकल जैसे अभियान इसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने आवाहन किया कि अब भारत विदेशी निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सतत प्रयास रत है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वदेशी उत्पादों का मतलब कम कीमत और अधिक शक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि आज हमारा देश सेना के लिए आधुनिक हथियार बनाते हुए कई देशों को रक्षा उपकरण निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मेक इन इंडिया का अगला चरण मेक फॉर द वर्ल्ड है।

# अखिलेश यादव के बरेली दौरे ने बढ़ाया सियासी तापमान

» धारा 163 में सपा कार्यकर्ताओं को रोकने से मचा हंगामा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बरेली आगमन ने बुधवार को जिले का सियासी माहौल गरमा दिया। सुबह जैसे ही उनका विमान बरेली एयरपोर्ट पर उतरा, वहां पहले से मौजूद सैकड़ों सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश की लहर दौड़ गई। 'अखिलेश यादव जिंदाबाद' और 'सपा कार्यकर्ता एकता जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। लेकिन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए धारा 163 (पूर्व में 144) लागू होने का हवाला देकर एयरपोर्ट और शहर के अंदर प्रवेश पर रोक लगा दी।

पुलिस ने एयरपोर्ट से पहले बैरियर -2, रोड पर सपा कार्यकर्ताओं को रोक लिया। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने वहीं सड़क पर धरना देते हुए जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने सभी को समझा-बुझाकर शांत कराया। हालांकि, प्रशासन की इस कार्रवाई से सपा नेताओं में रोष दिखा।

**केवल चुनिंदा नेता ही मिल सके अखिलेश यादव से :** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सिर्फ कुछ चुनिंदा सपा नेताओं को ही एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश की अनुमति दी गई। भोजीपुरा विधायक शहजील इस्लाम, बहेड़ी विधायक अताउर रहमान, आंवला सांसद नीरज मौर्य, जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी शामिल रहे। इन नेताओं ने अखिलेश यादव से संक्षिप्त मुलाकात की।

बाकी विधायक, पूर्व पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ताओं को बाहर ही रोक दिया गया। कई कार्यकर्ता हाथों में सपा का झंडा लेकर अखिलेश यादव के समर्थन में नारे लगाते रहे। पुलिस ने किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव का



मूल कार्यक्रम लखनऊ से मुरादाबाद जाने का था, लेकिन अंतिम क्षणों में प्लान में बदलाव हुआ। बरेली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद उन्होंने कुछ मिनटों तक स्थानीय नेताओं से चर्चा की और फिर हेलीकॉप्टर से सीधे रामपुर के लिए रवाना हो गए। रामपुर पहुंचकर उन्होंने सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां से मुलाकात की।

**लौटते समय कार्यकर्ताओं से मिलने की संभावना :** एयरपोर्ट परिसर, के आसपास इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। पार्टी जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं से मिलना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने हमें मिलने नहीं दिया। यह लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। कार्यकर्ताओं को रोकना जनता की आवाज को दबाने का प्रयास है।

वहीं महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा, हम शांतिपूर्ण ढंग से अपने नेता का स्वागत करने जा रहे थे, लेकिन प्रशासन ने हमें रोका। यह लोकतंत्र की हत्या है।

कुछ कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार समाजवादी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई हुई है, इसलिए इस तरह की पाबंदियां लगाई जा रही हैं। एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कई बार तनातनी की स्थिति बनी। प्रशासन के हस्तक्षेप से माहौल शांत हुआ और सभी कार्यकर्ताओं को वापस भेजा गया।

**मात्र पांच नेता मिल सके अखिलेश यादव :** अखिलेश ने हवाई अड्डे पर सपा नेताओं से बड़े हैरत से पूछा की मात्र पांच लोग क्यों आए। उन्हें अवगत कराया गया कि मात्र पांच नेताओं को प्रशासन ने हवाई अड्डे तक आने पहुंचने की अनुमति दी।

अखिलेश यादव 12 बजे बरेली के सिविल एयरपोर्ट पर हवाई जहाज से उतरे, वहां तैयार खड़े हेलीकॉप्टर में बैठना से पूर्व सांसद नीरज मौर्य, विधायक अताउर रहमान विधायक शहजिल इस्लाम, सपा के जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने स्वागत किया।

सीओ फर्स्ट पंकज कुमार ने कहा बरेली में बीएनएस 163 लगी है पांच लोगों से ज्यादा एकत्रित नहीं हो सकते अन्यथा चालान हो जाएगा तब प्रमोद यादव ने कहा कि आपका अधिकार है आप अपना कार्य करिए हम अपने नेता से मिलने आए हैं। साथ में सुरेन्द्र सिंह, शिवप्रताप सिंह यादव आरिफ कुरैशी, मुकेश यादव, जितेंद्र सागर, कमल साहू व अन्य नेता मौजूद थे।

पूर्व मंत्री भगवान सरन गंगवार ने कहा कि सपा के वरिष्ठ नेताओ को अपने नेता से नहीं मिलने दिया। सपा के विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी शिव प्रताप यादव ने कहा कि हम लोग अपराधी नहीं है अपने नेता से भी सपा कार्यकर्ता नहीं मिलेगा तो कौन मिलेगा। उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार ने बताया कि उन्होंने कानून व्यवस्था के मद्देनजर नजर रोका है। निषेधज्ञा का पालन कराना है।

# बरेली में बुलडोजर से लोगों को किया जा रहा प्रताड़ित : अखिलेश

## सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि कानूनी प्रक्रिया अपनाए बिना बुलडोजर का इस्तेमाल न किया जाए

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर बताया मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि बरेली में बेगुनाहों की गिरफ्तारी कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। लोगों को बुलडोजर से प्रताड़ित किया जा रहा है, जबकि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि कानूनी प्रक्रिया अपनाए बिना बुलडोजर का इस्तेमाल न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कानून के राज में बुलडोजर की जगह नहीं है। उन्होंने पार्टी नेताओं के जरिए पीड़ितों को संदेश भेजा है कि वे जल्द आकर उनसे मिलेंगे।

रामपुर से आजम खां से मुलाकात करने के बाद वापस लखनऊ जाते समय यहां त्रिशूल हवाई अड्डे पर थोड़ी देर के लिए रुके अखिलेश यादव ने सपा नेताओं



से मुलाकात के दौरान यहां चल रही प्रशासन और पुलिस की ज्यादतियों पर आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पीड़ितों से मिलने से सरकार आखिर कबतक रोकेगी? उन्होंने कहा कि वे जल्द यहां आकर पीड़ितों से मिलेंगे। उन्होंने पार्टी नेताओं से कहा कि वे जनता को जाकर संदेश दें कि सपा पूरी तरह से उनके साथ हैं।

उन्होंने कहा कि वे बेगुनाहों के उत्पीड़न के खिलाफ संसद से लेकर सड़क तक आवाज उठाएंगे। जरूरत पड़ी तो इस मामले में अदालत में दस्तक देकर पीड़ितों को इंसाफ दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि कानून के राज में बुलडोजर की कोई जगह नहीं है। उनसे मुलाकात करने वालों में आंवला के सांसद नीरज मौर्य, पूर्व सांसद और सपा के वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता वीरपाल सिंह यादव, विधायक अताउर्रहमान, शहजिल इस्लाम, जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी और संगठन के दूसरे कई नेता मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता में बहेडी विधायक आतयुर रहमान, पूर्व राज्यसभा सांसद वीरपाल यादव पूर्व विधायक सुल्तान बैग ,जिला अध्यक्ष शिक्षण कश्यप, महानगर अध्यक्ष सलीम खान सुल्तानी, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र यादव, महानगर उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक यादव शहीद कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर पंचायत धौंराटांडा के संविदा सफाई कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**भोजीपुरा।** बरेली, धौंराटांडा नगर पंचायत के संविदा कर्मचारियों ने कार्यालय गेट पर आज से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।

सफाई कर्मचारियों ने मांगे पूरी न होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी है। धरने पर मौजूद संविदा सफाई कर्मचारियों ने बताया कि सफाई नायक राकेश कुमार की मृत्यु के बाद पद रिक्त है।नगर पंचायत धौंराटांडा प्रशासन ने अस्थाई रूप से संविदा सफाई कर्मी दिनेश कुमार को सफाईनायक बना दिया।सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अस्थाई तौर पर बनाए गए सफाई नायक दिनेश कुमार सफाई कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते हैं।

सफाई कर्मचारियों से प्रत्येक माह पैसे लेते है और पैसा न देने पर गैर हाजिरी लगा देते हैं। यही नहीं नौकरी से निकलवाए जाने की धमकी देते हैं। सफाई कर्मचारियों का कहना कि करीब 90 कर्मचारी हैं लेकिन 60 से 65 कर्मचारी ही काम करते हैं। 25 कर्मचारियों को साथ में काम करने की बात तो दूर कभी चेहरा भी नहीं देखा है।

कर्मचारियों ने अस्थाई सफाई नायक हटाए जाने व प्रतिमाह उनसे होने वाली उगाही को बंद करवाए जाने के साथ घर बैठे वेतन लेने वाले सभी कर्मचारियों को काम पर लगाए जाने की मांग की है। कर्मचारियों ने धरना स्थल पर जमकर नारेबाजी की। अधिशासी अधिकारी संदीप चंद्रा ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के आरोप निराधार हैं। जो कर्मचारी घर बैठे वेतन ले रहे उनके नाम बताएं। अधिशासी अधिकारी ने कहा सफाई कर्मी शराब पीकर कार्यालय पर आते हैं और अपनी ऐबजी में कुछ पैसा देकर दूसरे को भेज देते हैं वह ठीक से सफाई कार्य नहीं करता है।

### गांव में मिट्टी की डांग गिरने से दो बहन दबी, एक की मौत एक गंभीर

**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में करवा चौथ की तैयारी को लेकर घर की लिपाई करने के लिए मिट्टी खोदने गई दो बहनों के ऊपर मिट्टी की ढांग गिर गई, जिससे वह दोनों दब गईं। एक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल बरेली के एक अस्पताल में भर्ता कराया।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के सब्दलपुर गांव निवासी महिपाल सिंह यादव ने बताया कि उनकी पुत्री प्रियंका (12) व शिवानी (13) करवा चौथ। दीपावली की तैयारी को लेकर घर की लिपाई करने के लिए बुधवार सुबह तालाब के किनारे मिट्टी लेने गई थीं। इसी दौरान मिट्टी की ढांग भरभरा कर गिर गई। जिसके नीचे दोनों दब गई। प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक फरीदपुर राधेश्याम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीणों ने मिट्टी हटाकर दोनों बहनों को निकाला। लेकिन प्रियंका की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# धूमधाम से शुरू हुई 69वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

## जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया शुभारंभ, 45 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं ले रहे हैं भाग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** स्वर्ण जयंती स्टेडियम (ओसीएफ) में बुधवार को तीन दिवसीय 69वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (बालक/बालिका वर्ग) का शुभारंभ हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में किया गया। शुभारंभ अवसर पर छात्रों की मुस्कान और पटाखों की गूंज ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण एवं मार्चपास्ट को सलामी देकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ने शांति एवं सफलता के प्रतीक के रूप में गुब्बारे उड़ाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली आर्य कन्या इंटर कॉलेज एवं आर्य महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से हुई। इसके बाद आर्य महिला इंटर कॉलेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और सुदामा प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।



जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों में हार-जीत नहीं, बल्कि खेल भावना और सक्रिय सहभागिता ही वास्तविक विजय है। वहीं जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों से खेल को अनुशासन, समर्पण और सद्भाव के साथ खेलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि "खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं बल्कि जीवन में सफलता की राह भी दिखाते हैं। इस प्रतियोगिता में जनपद के 45 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जिनके बीच 20 वर्गों की 96 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता का पहला इवेंट 800 मीटर बालक सीनियर वर्ग से प्रारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु उपाध्यक्ष श्रीमती दिव्या गुप्ता (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी), क्रीड़ा पदाधिकारी आयोजक अनिल कुमार, सचिव कैप्टन राम कुमार, संयोजक अमीर सिंह, सह संयोजक जे.पी. मौर्या, सह संयोजिका राखी मिश्रा, कोषाध्यक्ष लेफ्टिनेंट मोहम्मद अयूब, प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य, शाहबाज आलम, सोनिया गुप्ता, अनुपमा मौर्य, शाइस्ता नसीम, पूनम रानी, अल्पना सिंह, अवधेश अरुण, मिहिर फिलिप, संजय कपूर, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन अनिल मालवीय तथा सह संचालन राकेश कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में खेल शिक्षक रत्नेश शुक्ला, राहुल सिंह, गुरमीत सिंह, सुमित सिंह, अंग्रेश सिंह व पवन कुमार राजपूत का विशेष योगदान रहा। लेखा कार्य में नवाब अली अंसारी, रामफल सिंह, शिवेंद्र कुमार, संजय शुक्ला, विनोद कश्यप एवं राम कुमार वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

# मुख्य विकास अधिकारी ने एक दिन के लिए सौंपी दो छात्राओं को अपनी कुर्सी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** बेटियों को सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए विकास भवन में मिशन शक्ति (फेज 05) अभियान के अंतर्गत 02 मेधावी छात्राओं को सांकेतिक रूप से एक दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई।

इस अवसर पर सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज ,भमोरा की इंटरमीडिएट की छात्रा डिम्पल मौर्य और तूबा खान को मुख्य विकास अधिकारी देवयानी द्वारा आज अपनी कुर्सी सौंपी गई। मुख्य विकास अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर डिंपल मौर्य ने कहा कि आज वह गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। इसके साथ की दोनों छात्राओं ने मुख्य विकास अधिकारी के दायित्वों को भी बारीकी से समझा। दोनों छात्राओं ने मुख्य विकास अधिकारी से आगे की पढ़ाई के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की।



छात्राओं से बात करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि एक दिन के सांकेतिक अधिकारी बनाने का मकसद छात्राओं को प्रशासनिक विभागों के बारे में जानकारी मुहैया कराने के साथ साथ उनके मन में भी इस भावना को जगाना है कि भविष्य में सशक्त बनकर छात्राएं लोगों की सेवा कर सकती है।

उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ पाठ्येतर गतिविधियों पर भी ध्यान देने की बात कही। मुख्य विकास अधिकारी ने दोनों छात्राओं को विकास विभाग के अंतर्गत आने विभागों और विकास कार्यों के बारे में भी बताया।

### ट्रालियां चोरी करने वाले 3 आरोपियों पर पुलिस ने लगाया गैंगस्टर

**भोजीपुरा।** बरेली पुलिस ने संगठित गिरोह बनाकर ट्रालियां व कृषि यंत्रों की चोरी करने व शराब के अवैध धंधे के तीन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर उन्हें जेल भेज दिया गया। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव घुरसमसपुर निवासी सर्वेश, अमर पाल पुत्रगण तोता राम निवासी घुरसमसपुर व सूरज पुत्र रमेश निवासी कमुआं मकरूका थाना भोजीपुरा हाल निवासी गांव दोहना पीतमराय थाना भोजीपुरा तीनों संगठित गिरोह बनाकर ट्रैक्टर से रात में गांवों से ट्रालियां व रूटावेटर चोरी करते थे। साथ ही अवैध रूप से देशी शराब बनाकर ठेकों पर सप्लाई करते थे। भोजीपुरा पुलिस ने गत वर्ष उक्त तीनों आरोपियों के दोहना पीतमराय स्थित जंगल में बने ठिकाने से चोरी की ट्रालियों, रुटावेटर व अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था।

# गैर जनपदों से की जा रही धान खरीद पर बबाल, किसानों ने रोके ट्रक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पीलीभीत।** संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय राइस मिलर्स पर बाहरी जिलों से रातोंरात धान खरीद करने और जनपद के किसानों की तौल न करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाकर नारेबाजी की। किसानों ने गैर कानूनी तरीके से जनपद में प्रवेश कर रहे धान के ट्रकों को रोक दिया। किसानों का आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से धान खरीद में धांधली की जा रही है।

बुधवार को पीलीभीत-शाहजहांपुर सीमा पर किसानों ने धान से भरे ट्रकों को रोक लिया और राइस मिलर्स द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से गैर जनपद के धान को खरीद कर जिले में लाने का आरोप लगाया। इस दौरान किसानों ने आसाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। जाम के कारण राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। किसानों का आरोप है कि स्थानीय किसान कई दिनों से मंडियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनका धान नहीं खरीदा

» किसानों का आरोप लगाया कि अधिकारियों की मिलीभगत से की जा रही धान खरीद में धांधली

**गैर जनपदों के राइस मिलर्स बने चुनौती**

गैर-जनपदों से धान खरीदने का चलन राइस मिलर्स के लिए सीधा लाभ या घोटाले का माध्यम हो सकता है, क्योंकि इससे धान की लागत कम होती है या धान की खरीद में धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है। शासन और प्रशासन के लिए यह बड़ी चिंता का विषय है, क्योंकि इससे सरकारी खरीद नियमों का उल्लंघन भी होता है और फसल की बर्बादी का खतरा भी बढ़ जाता है।

जा रहा। व्यापारी और बिचौलिए अन्य जिलों से आने-पौने दामों में खरीदा गया धान ट्रकों में भरकर स्थानीय मंडियों में बेच रहे हैं। किसानों ने अधिकारियों और राइस मिलर्स के आपसी तालमेल से धान खरीद में बड़ा फर्जीबाड़ा होने की भी सम्भावना व्यक्त की।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी, मंडी सचिव सेहरामऊ थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को शांत कराकर अवरुद्ध मार्ग पर आवागवन सुचारु करने का प्रयास किया, लेकिन किसान नेताओं ने तुरंत बाहरी धान की आवक पर रोक और स्थानीय किसानों के धान की खरीद को प्राथमिकता देने की मांग की साथ ही स्थिति में सुधार न होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि मंडी समितियों में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। देर शाम तक प्रशासन और किसान नेताओं के बीच वार्ता जारी रही, और कई धान से लदे ट्रकों को अस्थायी रूप से वहीं रोका गया है।

**अभियान** | बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चलाये गये अभियान के लिए कुल 17 टीमों का किया गया गठन

# अधीक्षण अभियंता ग्रामीण व नगरीय के नेतृत्व में चलाया गया मास रेड अभियान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष के निर्देश पर लाइन लॉस को कम करने और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को जनपद बरेली में बड़े पैमाने पर मास रेड अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अधीक्षण अभियंता (ग्रामीण) एवं अधीक्षण अभियंता (नगरीय) के नेतृत्व में की गई। अभियान में कुल 17 टीमों का गठन किया गया, जिनकी निगरानी अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारियों ने स्वयं की।

सुबह 6 बजे से शुरू हुए इस अभियान के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में नकटिया, नवाबगंज, आंवला, बहेड़ी सहित बरेली शहर के अति संवेदनशील और चोरी बाहुल्य क्षेत्रों — स्वाले नगर, बानखाना, केलाबाग, लीचीबाग, जगतपुर, एजाजनगर की गोटिया, चक महमूद, कुतुबखाना, शाहदाना, नवादा शेखान, मठकी चौकी, किला, घोसियानी मस्जिद और एसबी कटरा मार्केट — में बिजली चोरी की जांच की गई। अभियान के दौरान लगभग 676 विद्युत संयोजनों की जांच की गई, जिनमें से 110 मामलों में बिजली चोरी के तथ्य सामने आए। सभी पकड़े गए उपभोक्ताओं के बिजली संयोजन तत्काल विच्छेदित कर दिए गए और उनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135



एवं 138 बी के अंतर्गत विद्युत चोरी निरोधक थाना, बरेली में एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके अलावा विभाग द्वारा करीब 65 लाख रुपये की राजस्व निर्धारण नोटिस जारी की गई है, जो बिजली चोरी के रूप में हुई हानि की वसूली हेतु दी गई है। इस अभियान के दौरान एक बड़ी कार्रवाई तब हुई जब स्वाले नगर वार्ड के पार्षद अलीम खान सुल्तानी को फर्जी मीटर लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही उनका कनेक्शन काट दिया और उनके विरुद्ध भी सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया।अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पावर कॉर्पोरेशन का उद्देश्य न केवल लाइन लॉस को कम करना है, बल्कि ईमानदार उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना भी है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विद्युत चोरी एक गंभीर अपराध है, जिससे निगम को भारी वित्तीय नुकसान होता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी क्षेत्र में दोबारा बिजली चोरी की शिकायत मिली तो संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर राजवीर सिंह, रामलाल, नितिन कुमार, अंकित गंगवार, सत्येन्द्र कुमार चौहान, विश्वास कुमार, ओमप्रकाश सिंह, चमन प्रकाश तथा वितरण एवं मीटर अनुभाग के समस्त सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता के साथ-साथ 01 इन्सपैक्टर, 07 सब इन्सपैक्टर एवं 34 पुलिस कान्स्टेबिल एवं विभागीय प्रवर्तन दल की समस्त टीमों की मौजूदगी में सघन अभियान चलाया गया।

## एक नजर

### अराजकतत्वों ने शिव मंदिर में प्रतिमा तोड़ी : प्रशासन ने तुरंत नई मूर्ति स्थापित की, मुकदमा हुआ दर्ज

**जालौन।** नगर के देवनगर चौराहे पर स्थित प्राचीन शंकर मंदिर में अराजक तत्वों ने नंदी की प्रतिमा को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में नई प्रतिमा स्थापित करा दी और मामला दर्ज कर लिया। घटना की सूचना हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता राजा सिंह सेंगर ने तत्काल प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, क्षेत्राधिकारी (सीओ) शैलेंद्र बाजपेई और एसडीएम विनय कुमार मौर्य भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मंदिर परिसर की जांच की और पुष्टि की कि नंदी प्रतिमा के कान और सींग टूटे हुए थे। पुलिस ने दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल नई प्रतिमा स्थापित करने का आदेश दिया। एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने मौके पर ही नई नंदी प्रतिमा लाने और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उसकी पुनः स्थापना कराने का निर्देश दिया। प्रशासन की तत्परता से कुछ ही घंटों में नई प्रतिमा स्थापित कर दी गई, जिससे माहौल शांत हुआ। इस दौरान नगर के सम्मानित नागरिक, स्थानीय व्यापारी, हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता और विभिन्न धार्मिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पुलिस ने सभी से शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि मामले की जांच जारी है और मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने कोतवाली जालौन में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रशासन ने इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि धार्मिक स्थलों के अपमान को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### 20 साल बाद इंदिरा स्टेडियम उरई में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा



**लखनऊ।** इंदिरा स्टेडियम में 20 साल बाद किसी मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। वर्ष 2004 में यहां पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का कार्यक्रम हुआ था। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे तथा लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार स्वयं निगरानी कर रहे हैं। स्टेडियम में हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था और वीवीआईपी, वीआईपी व प्रेस गैलरी भी तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के लिए जिला प्रशासन ने सारी तैयारियां पूर्ण कर ली है इंदिरा स्टेडियम में मुख्यमंत्री का यह दूसरा कार्यक्रम है। पहला वर्ष 2004 में मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव ने यहां सरकारी कार्यक्रम किया था जिसमें लाभार्थियों को लैपटॉप,मुख्यमंत्री आवास आदि वितरण का कार्यक्रम किया गया था इसके बाद कुछ अव्यवस्था हुई थी तो अधिकारियों को कार्रवाई भी झेलनी पड़ी। 20 वर्ष बाद किसी भी मुख्यमंत्री द्वारा इंदिरा स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है स्टेडियम में पांच बड़े बड़े पंडाल सजाए जा रहे है जहां हजारों कार्यकर्ताओं को उनको सुनने के लिए बैठने की व्यवस्था की जा रही है। रात्रि में वारिश होने की वजह से कुछ अव्यवस्था तो हुई है लेकिन जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार कमान अपने हाथों में लिए है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दोनों अधिकारी दिन रात एक करते दिखाई दे रहे है।यह कार्यक्रम जिले के लिए लाभकारी साबित होने की उम्मीद है मुख्यमंत्री द्वारा करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण करेंगे साथ ही लाभार्थियों को लाभान्वित करेंगे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री आवास की चाबी भी सौंपी जाएगी। भारी भरकम मंच के अलावा वीवीआईपी गैलरी वीआईपी गैलरी के अलावा प्रेस गैलरी भी बनाई गई है। और आमजन के लिए बैठने की व्यवस्था की गई।

### महर्षि वाल्मीक जयंती में अखंड रामायण पाठ का शुभारम्भ किया



**उरई, जालौन।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंशापूर्ण मंदिर और ठंडेश्वरी मंदिर में आज श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आज देव मंदिर में पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित कर अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और आदर्शों की अनमोल विरासत है। उन्होंने कहा कि रामायण हमें धर्म, सत्य, करुणा और मर्यादा का मार्ग दिखाती है। इस आयोजन के माध्यम से हम सभी को अपने जीवन में इन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर में की गई सफाई, सजावट, प्रकाश, ध्वनि एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों, भजन मंडलियों और श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए सभी को महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। पूरे जिले में विभिन्न देव मंदिरों, वाल्मीकि स्थलों और धार्मिक स्थलों पर आज अखण्ड रामायण पाठ, दीपदान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा व भक्ति भाव से किया जा रहा है। जनपद के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस दिवस को भव्यता, अनुशासन और श्रद्धा के साथ मनाया।

### भारतीय वायु सेना दिवस पर एनसीसी कैडेट्स की भागीदारी

**फतेहपुर।** भारतीय वायु सेना दिवस के अवसर पर डॉ. बी. आर. आंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय, फतेहपुर की एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के भाव के साथ समारोह में सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ने राष्ट्रीय गौरव, सैन्य मूल्यों और युवाओं में उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय तिरंगे के ध्वज-अवरोहण और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ। एनसीसी कैडेट्स ने सुसंगठित सलामी से समारोह की गरिमा में चार चाँद लगा दिए। मुख्य सत्र में लेफ्टिनेंट शरद चंद्र राय ने प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय पर्वों के विधिवत आयोजन, छात्रों में अनुशासन-सदाचार, सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और युवा पीढ़ी में अखंडता व उत्तरदायित्व की भावना के विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने एनसीसी के मूल सिद्धांत एकता और अनुशासन को दैनिक जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। सशस्त्र बलों में कैरियर विकल्प, नेतृत्व-कौशल, टीमवर्क और नागरिक उत्तरदायित्व के व्यावहारिक पक्षों पर भी विस्तृत चर्चा की। महाविद्यालय प्रशासन ने कैडेट्स के अनुशासन, समयपालन और नेतृत्व-भावना की सराहना की। भविष्य में देश-रक्षा संबंधी जन-जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रखने की घोषणा की। महाविद्यालय परिवार ने भारतीय वायु सेना के वीर अधिकारियों एवं सैनिकों के साहस, शौर्य और राष्ट्रसेवा को नमन करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग देने वाले सभी पीआई स्टाफ, एनओ एवं एनसीसी कैडेट्स के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की।

# हाईवे पर हादसा : प्रयागराज के चार की मौत, पांच घायल

## चालक को झपकी आने से तालाब में कूदी तेज रफ्तार कार

- कानपुर में आयोजित पाल समाज विवाह सम्मेलन से लौट रहे स्कार्पियों सवार नौ लोग
- दुर्घटना पर सीएम ने जताया दुख, घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बड़ौरी टोल प्लाजा के पास एनएच-2 पर बुधवार तड़के सड़क हादसा हो गया। स्कार्पियो चालक को झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कार हाईवे किनारे तालाब में कूद गई। इस दुर्घटना में प्रयागराज के चार लोगों की जहां मौत हो गई वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख प्रकट करते हुए घायलों के बेहतर उपचार के अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार प्रयागराज जनपद के खुलदाबाद थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी निवासी शिवम साहू (28) पुत्र प्रेमचन्द्र साहू, राहुल केशरवानी (25) पुत्र पप्पू केशरवानी, रितेश उर्फ ननकी सोनकर (32) वर्ष पुत्र ओम प्रकाश सोनकर, साहिल गुप्ता (28) पुत्र संतोष गुप्ता, महेश केशरवानी (32), सुमित सिंह, अमित कुमार, नीरज, राहुल स्कार्पियो में सवार होकर मोतीझील कानपुर में आयोजित पाल समाज विवाह सम्मेलन में शामिल होने गए थे। देर रात कार्यक्रम के बाद सभी लोग कार से प्रयागराज लौट रहे थे, जब कार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बड़ौरी टोल प्लाजा के निकट पहुंची तभी सुबह लगभग चार बजे चालक को झपकी आने से गाड़ी अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिर गई। जिससे शिवम साहू, राहुल केशरवानी, रितेश उर्फ ननकी सोनकर, साहिल गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कल्यानपुर पुलिस ने गोताखोरों व क्रेन की मदद से कार को तालाब से बाहर निकलवाया। घायलों को इलाज के लिए गोपालगंज पीएचसी भेजा। जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर प्रयागराज भेज दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं।

### हरिओम बाल्मीकि की न्यायिक लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस : प्रदीप नरवाल

**फतेहपुर।** दलित युवक हरिओम बाल्मीकि की हत्या को लेकर गंभीर कांग्रेस पार्टी के नेताओं के निरंतर आगमन के क्रम में बुधवार को राष्ट्रीय सचिव एवं बुंदेलखंड प्रभारी नीलांशु चतुर्वेदी एवं राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिम जोन प्रभारी प्रदीप नरवाल पीड़ति के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की।

नरवाल ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस घटना की पूरी न्यायिक लड़ाई लड़ते हुए कांग्रेस दोषियों को कठोर दंड दिलाकर दम लेगी। उन्होंने आगे कहा कि आज पूरे देश में दलित समाज को टारगेट कर उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसका कांग्रेस कड़ा विरोध करते हुए अंतिम लड़ाई तक डटी रहेगी। वहीं राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी ने कहा कि आज देश में उत्तर प्रदेश एक आपराधिक प्रदेश बन कर रह गया है जिसमें सब से ज्यादा दलित उत्पीड़न हुआ है, आज अपराधी निडर होकर कानून अपने हांथ में लेकर निरंकुश अपराध कर रहा है। जो बहुत दुखद पहलू है। साथ ही उन्होंने जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर मो0 अध्यक्ष आरिफ गुड्डा को निर्देश दिया कि पीड़ति परिजनों से बराबर संपर्क में रहते हुए हरसंभव मदद करें। राष्ट्रीय नेताओं के साथ शेख एजाज अहमद, कलीम उल्ला सिद्दीकी, शिवा कांत तिवारी, देवी प्रकाश दुबे, माधुरी रावत, ओम प्रकाश गिहार, बशीर अहमद, सैयद शहाब अली, आदित्य श्रीवास्तव, मोहसिन खान, डॉ अब्दुल हमीद, कौशल कुमार शुक्ला, अजय बच्चा, चौधरी मोइन राइन आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## स्वदेशी संकल्प अभियान में हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी का आह्वान



**बांदा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अब भाजपाई जगह-जगह स्वदेशी संकल्प अभियान चलाकर लोगों को आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिला रहे हैं। इसीक्रम में बुधवार को शहर के एक होटल में स्वदेशी संकल्प अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, पूर्व विधायक मानिकपुर आनंद शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत व नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू समेत सभी जनप्रतिनिधियों ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प दोहराया और लोगों को स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। बुधवार को शहर के एक होटल में आयोजित स्वदेशी संकल्प अभियान को संबोधित करते मानिकपुर के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने स्वदेशी अपनाने के संकल्प को आत्मनिर्भर व विकसित भारत की नींव बताया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया व वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों के जरिए लोगों को स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा दे रहे हैं, वहीं केंद्र की मोदी सरकार ने हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती करके स्वदेशी संकल्प अभियान को धार देने का काम किया है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने जीएसटी कटौती को आम जनता के लिए हित में लिया गया महत्वपूर्ण फैसला बताया। कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं में जीएसटी कटौती के बाद भारी गिरावट आई है, जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। बताया कि जीएसटी कटौती से जहां किसानों के उपयोग में आने वाले कृषियंत्र सस्ते हुए हैं, वहीं शिक्षा क्षेत्र को भी खासा लाभ मिला है। विधायक श्री द्विवेदी ने मेक फॉर द वर्ल्ड को मेक इन इंडिया का अगला चरण बताया। उन्होंने सभी को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाई और मंचासीन अतिथियों समेत सभी लोगों ने स्वदेशी संकल्प दोहराते हुए देश को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने की शपथ ली। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, अखिलेश श्रीवास्तव, बालमुकुन्द शुक्ला, ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, सत्यप्रकाश सर्राफ, डा.धर्मेन्द्र त्रिपाठी, अखिलेशनाथ दीक्षित, विष्णु गुप्ता, सन्तोष अनशनकारी, अभिषेक गुप्ता, ममता मिश्रा, मनीष गुप्ता, अशोक गुप्ता कल्पना, मनोज जैन, आशुतोष मिश्रा, डॉ.रामराज गुप्ता, पुष्कर द्विवेदी सहित समस्त व्यापारी व भाजपाई शामिल रहे।

## वकील के साथ अभद्रता और मारपीट के मामले में सपा ने दिया ज्ञापन

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा एवं पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल के नेतृत्व में पैदल मार्च कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक सिटी नीतेश सिंह को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर बताया गया कि दिनेश गुप्ता के साथ चुनार कोतवाली प्रभारी विजय शंकर पटेल के द्वारा मारपीट एवं अभद्रता की है। मांग पत्र में कहा गया कि पुलिस के प्रताड़ना से एडवोकेट दिनेश गुप्ता को ब्रेन हेमरेज हो गया है। जिन्हे वाराणसी के बीएचयू अस्पताल में इमरजेन्सी में भर्ती कराया गया है जिनकी हालत नाजुक है। एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि दिनेश गुप्ता एडवोकेट पुत्र स्व0 बाबूलाल गुप्ता निवासी ऐवकपुर थाना अन्तर्गत पुश्तैनी मकान बटवारा का वाद चल रहा है। इसी दौरान प्रदीप सिंह पटेल द्वारा विवादित भूखण्ड में चोरी छुपे बैनामा करा लिया गया लेकिन कब्जा विक्रेता द्वारा नही दिया गया। प्रार्थी के श्वसुर का आज भी बरकरार है इसी दौरान उपजिलाधिकारी चुनार के सहयोग से चुनार कोतवाली प्रभारी के द्वारा जबरन मकान में कब्जा कराया गया है तथा दिलीप गुप्ता पूर्व विधानसभा महासचिव चुनार के छोटे भाई एडवोकेट दिनेश गुप्ता जो सिविल कोर्ट चुनार में वकालत करते है। पुलिस घर से उठा कर थाने पर ले जाकर बुरी तरह से बन्द कर मारा पीटा है तथा जबरन कोरा कागजात पर हस्ताक्षर कराकर कब्जा विपक्षी का कराया है। एमएलसी ने कहा कि जाँच कर आवश्यक कार्यवाही की जाय। अपर पुलिस अधीक्षक सिटी ने आश्वासन दिया कि दोषी पाये जाने पर पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की जायेगी जिसकी जॉच अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओपी सिंह कर रहे है।

# गन्ने के खेत में घुसे तेंदुआ को टीम ने मनिगढ़ा जंगल में छोड़ा

**हलिया (मिर्जापुर)।** बिजनौर जिले के निजामबाद के गन्ने के खेत में घुसे खूंखार तेंदुआ को वन विभाग कि टीम ने पकड़कर पिंजरे में तेंदुआ को कैद कर वाहन से मंगलवार की देर शाम वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क भास्कर प्रसाद पाण्डेय के देखरेख में तेंदुआ को हलिया रेंज के अदवा बैराज के जंगल मनिगढ़ा में तेंदुआ को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है। तेंदुआ को छोड़ने वाली टीम में वन दरोगा सूरज पाण्डेय, सन्नी सिंह फारेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह, नीटू शर्मा, राजकुमार आदि रहे। इस संबंध में वन्यजीव प्रतिपालक कैमूर वन्यजीव चुर्क भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने बताया की बिजनौर जिले के निजामबाद में गन्ने के फसल में घुसे खूंखार तेंदुआ को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर तेंदुआ को पकडकर अधिकारियो के निर्देश पर तेंदुआ को हलिया रेंज के अदवा बैराज के मनिगढ़ा के जंगल में सुरक्षित तेंदुआ को छोड़ दिया गया है।



### पूर्व मंत्री गायत्री पर पर हमला, महासभा नाराज

**फतेहपुर।** लखनऊ कारागार के अंदर पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति पर हुए प्राण घातक हमले को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्रजापति महासभा ने नाराजगी का इजहार करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में पूर्व मंत्री को जेड श्रेणी की सुरक्षा दिए जाने सहित उन्हें पेरोल पर रिहा किए जाने की मांग की। पूर्व ब्लाक प्रमुख रीता प्रजापति की अगुवई में महासभा के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि 30 सितंबर को लखनऊ कारागार में बंद एक हत्यारोपी अपराधी ने धारदार हथियार से पूर्व मंत्री व प्रजापति समाज के प्रदेश अध्यक्ष गायत्री प्रसाद प्रजापति पर जान से मारने की नियत से किसी षड़ंयत्रकारी ने बंदी से हमला कराया है। घायल पूर्व मंत्री को कारागार प्रशासन ने सही समय पर इलाज के लिए भर्ती कराया।

### रायबरेली कांड के पीड़ित परिवार से मिले भाकपाई

**खागा, फतेहपुर।** रायबरेली जनपद के ऊंचाहार में जिले के तुराब अली पुरवा निवासी दलित हरिओम के मारे जाने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एफसी के तमाम साथियों ने मृतक के परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

पीड़ति परिवार के घर पर पहुंच कर पार्टी नेताओं ने सांत्वना देते हुए कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी आपके साथ है और आपके परिवार की सुरक्षा व सहायता के लिए पार्टी आंदोलन करेगी। परिवार के लिए राज्य व केंद्र सरकार से आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा हेतु मांग करेंगे और पार्टी मांग करेगी कि पीड़ति परिवार को एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व मृतक परिवार को मुआवजा के रूप में एक करोड़ रुपया दे। पीड़ति के घर पर सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरा व एक शस्त्र लाइसेंस मुहैया कराया जाए। पार्टी कार्यकर्ताओं ने घटना की पूरी जानकारी करने के बाद यह शासन प्रशासन की पूरी लापरवाही पाई है।

लापरवाह पुलिस प्रशासन पर सख्त कार्यवाही की जाये एवं इनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया जाये। घटना करने वाले लोगों को चिन्हित करते हुए बुलडोजर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रतिनिधि मण्डल में सचिव रामप्रकाश, राज्य काउंसिल सदस्य कामरेड फूल चंद्र पाल, कामरेड रामचंद्र, जिला सह सचिव कॉमरेड रामकृष्ण हेगड़े, पूरन लाल, जिला काउंसिल सदस्य कामरेड राधेरमन पाण्डेय, छोटेलाल, राजेंद्र हंस, राकेश प्रजापति, कयामुद्दीन, अतुल कुमार, रज्जन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नारी शिक्षा के प्रति राज्य महिला आयोग सदस्य ने किया जागरूक



**नरैनी।** राज्य महिला आयोग सदस्य ने ब्लाक सभागार में जनसुवाई करते हुए घरेलू हिंसा, बालश्रम, दहेज उत्पीडन, बाल विवाह आदि संबंधित पीड़ति महिलाओं की फरियादें सुनीं। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत नारी शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए पोषण की शपथ दिलाई। साथ ही तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया।

राज्य महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल ने बुधवार को ब्लाक सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, बालश्रम, दहेज उत्पीडन, बाल विवाह आदि से संबंधित महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने महिला जनसुनवाई में पीडित महिलाओं को शीघ्र आर्थिक सहायता दिलाने पर बल दिया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत नारी शक्ति स्वावलंबन एवं महिला शिक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही पोषण की शपथ दिलाई। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा लगाई गई विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्य महिला आयोग सदस्य श्रीमती पटेल ने तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष बेटालाल पटेल, मंगल सिंह पटेल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप पांडेय, अर्चना, शशि मिश्रा, प्रियांशी पटेल, आकांक्ष सिंह, भावना समेत स्वास्थ्य, पुलिस और शिक्षा विभाग आदि के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खेत में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** खेत में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए देहात कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को मौके से लगभग दो लाख रुपये की कीमत के बने व अधबने पटाखा और बारुद, विस्फोटक रासायनिक पदार्थ आदि बरामद किए। पुलिस के मुताबिक बरामद किए गए पटाखों को दीपावली में खपाने की पूरी तैयारी थी।

सुरक्षित, सौम्य एवं दुर्घटनारहित दीपावली कराने की शासन की मंशा व डीआईजी राजेश एस के निर्देश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की अगुवाई में जिले के सभी कोतवाली, थाना और चौकी क्षेत्रों में अवैध रुप से पटाखा निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज और सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के की देखरेख में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को देर रात देहात कोतवाली पुलिस टीम को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गुरेह गांव स्थित खेत में बने कमरे में अवैध पटाखों का निर्माण किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए देहात कोतवाली पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर छापेमारी कर अवैध पटाखा निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस दौरान पटाख बना रहे दो आरोपियों बिसंडा थाना क्षेत्र के हस्तम गांव निवासी अवधेश वर्मा पुत्र रामशरन वर्मा और गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड गांव निवासी मोनू सेन पुत्र रामानंद को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में बने व अधबने पटाखे, बारूद, विस्फोटक रासायनिक पदार्थ, खाली डिब्बे, पैकिंग सामग्री, रैपर, कागज, उपकरण व अन्य सामग्री बरामद की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह दीपावली के पूर्व बाजार में अवैध रूप से पटाखों की आपूर्ति करने की तैयारी में थे। बबेरु कोतवाली पुलिस ने रंगदारी मांगने, फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने व मारपीट के मामले में कई महीनों से फरार चल रहे कोतवाली क्षेत्र कस्बा के कमासिन रोड निवासी हिस्ट्रीशीटर मुन्ना खां पुत्र हीरालाल तथा उसके अन्य दो भाइयों सुल्तान व बेटा उर्फ सुफी पुत्र हीरालाल को बुधवार को कस्बा स्थित खान ढाबा से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक कस्बा निवासी शिव कुमार गुप्ता ने 28 जुलाई को हिस्ट्रीशीटर के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया था। चौकी प्रभारी शिवरतन गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध लगभग 10 मुकदमे दर्ज हैं।

**तैयारियां** 1850 करोड़ की 305 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे, स्कूलों में रहेगी छुट्टी

# 9 अक्टूबर को सीएम योगी एक दिवसीय दौरे पर आएंगे जालौन

**उरई, जालौन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 9 अक्टूबर को जालौन के दौरे पर रहेंगे। यह दिन जालौन के विकास के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने वाला साबित होगा। सीएम योगी उरई में लगभग 1850 करोड़ रुपए की कुल 305 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री 507.057 करोड़ रुपए की 165 परियोजनाओं का लोकार्पण और 1317 करोड़ रुपए की 140 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, जल निगम, ग्राम्य विकास और शहरी विकास विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। इनसे जनपद के विकास की गति और तेज होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री की जनसभा उरई के इंदिरा स्टेडियम में दोपहर 2 बजे आयोजित की जाएगी। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

### एडीजी ने किया निरीक्षण तैयारियों की समीक्षा

कार्यक्रम स्थल पर मंगलवार को कानपुर जोन के एडीजी आलोक कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। उनके साथ डीएम राजेश कुमार पांडेय और एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंच, सुरक्षा घेराबंदी, पार्किंग व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर उतरेगा, जहां से वे सड़क मार्ग से जनसभा स्थल जाएंगे। पूरे मार्ग को सुरक्षा की दृष्टि से किलेबंद कर दिया गया है। सीएम योगी के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। जालौन के अलावा कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद और कन्नौज से भी पुलिस बल बुलाया गया है। सुरक्षा में 4 एएसपी, 13 सीओ, 67 एसएचओ, 240 सब इंस्पेक्टर, 1370 कॉन्स्टेबल, 200 महिला कॉन्स्टेबल और 3 कंपनी पीएसी की तैनाती की गई है।



पुलिस लाइन से लेकर इकलासपुरा बाईपास, चुर्खी बाईपास और इंदिरा स्टेडियम तक पूरे मार्ग को सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह घेरा गया है। सीएम योगी के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने रूट डायवर्जन लागू किया है। मेडिकल कॉलेज की ओर जाने वाले वाहनों को हाईवे की दिशा से डायवर्ट किया गया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें और यातायात व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।

## संपादकीय


# डाक दिवस

जब दुनिया की रफ्तार डिजिटल संदेशों, त्वरित सूचनाओं और स्क्रीन की चमक में उलझी हुई है, तब एक दिन ऐसा आता है जो हमें रुकने, ठहरने और उन पलों को याद करने का अवसर देता है, जब एक कागज का टुकड़ा, स्याही की कुछ बूंदें और किसी प्रियजन की लिखावट दिलों को जोड़ने का सबसे मजबूत जरिया बनती थी। 9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, केवल डाक सेवाओं का उत्सव नहीं है; यह उन अनकही कहानियों, भावनाओं और मानवता के उस अटूट बंधन का सम्मान है, जो समय और दूरी की सीमाओं को लांघकर हमें एक–दूसरे के करीब लाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संचार केवल शब्दों का आदान–प्रदान नहीं, बल्कि दिलों का मिलन, आशा का संदेश और विश्वास का प्रतीक है। एक पत्र, जो किसी अनजान डाकिए के कंधों पर सवार होकर सुदूर गांवों, पहाड़ों या समुद्रों को पार करता है, वह केवल कागज नहीं, बल्कि एक कहानी, एक सपना और एक रिश्ता लेकर चलता है। विश्व डाक दिवस की शुरुआत 9 अक्टूबर 1874 को हुई, जब स्विट्जरलैंड के बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) की स्थापना हुई। इस संगठन ने विश्व भर की डाक प्रणालियों को एक सूत्र में बांधकर संचार को सरल और सुलभ बनाया। उस समय यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह वैश्विक सहयोग का एक ऐसा प्रतीक था, जिसने देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरी को पाटकर एक वैश्विक डाक नेटवर्क की नींव रखी। आज यू.पी.यू. के 192 सदस्य देश इस नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो हर साल अरबों पत्रों और पार्सलों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है। लेकिन इसकी कहानी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह उन असंख्य लोगों की कहानी है, जिनके लिए डाकघर केवल एक इमारत नहीं, बल्कि आशा, अवसर और संवेदनाओं का केंद्र रहा है। डाक सेवाओं का इतिहास मानव सभ्यता के विकास का एक अनोखा दस्तावेज है। भारत में डाक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल तक जाती हैं, जब राजा–महाराजा अपने संदेशवाहकों के जरिए पत्र भेजते थे। लेकिन आधुनिक डाक प्रणाली की शुरुआत 1854 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई, जब भारत में पहली डाक टिकट जारी की गई। आज भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक प्रणालियों में से एक है, जिसमें 1.55 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 89% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ये डाकघर उन लाखों लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन हैं, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन अभी भी एक सपना हैं। भारतीय डाक ने न केवल पत्रों को पहुंचाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के संदेशों को गुप्त रूप से प्रसारित करने, ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डाक सेवाओं ने मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया युद्ध की आग में जल रही थी, डाक सेवाओं ने सैनिकों और उनके परिवारों को जोड़े रखा। एक सैनिक का पत्र, जो खाइयों में लिखा गया और मीलों की दूरी तय करके उसके परिवार तक पहुंचा, वह केवल शब्दों का संग्रह नहीं था। वह पत्र आशा, प्रेम और जीवित रहने की प्रेरणा का प्रतीक था। आज भी, प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों के समय, जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, डाक सेवाएं निर्बाध रूप से काम करती हैं। 2020 की कोविड–19 महामारी के दौरान, भारतीय डाक ने दवाइयों, आवश्यक सामग्रियों और सरकारी सहायता को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया, जिसने लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा का काम किया। विश्व डाक दिवस केवल अतीत की गौरव गाथा नहीं गाता, बल्कि डाक सेवाओं के बदलते स्वरूप को भी रेखांकित करता है। आज डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं। भारत में डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सुविधाएं दुर्लभ हैं, डाकघर बचत खाते, बीमा और डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं।

## कटाक्ष ➤ हसन जैदी




# हम गलतियां क्यों करते हैं – इनसे कैसे बचें!


चंद्र मोहन

हमारी अपनी धारणाएँ और पूर्वाग्रह हमें सही जानकारी को नजरअंदाज करने और गलतियाँ करने के लिए प्रवृत्त कर सकते हैं। निश्चित संख्या में गलतियों को नहीं गिना जा सकता है क्योंकि हर व्यक्ति का जीवन और अनुभव अलग होता है, लेकिन सामान्यतः लोग अपने जीवन में कई गलतियां करते हैं, जैसे स्वास्थ्य की अनदेखी, खराब समय प्रबंधन, अवास्तविक इच्छाएँ, दूसरों से तुलना करना, और अपनी भावनाओं को दबाना।

गलती हो गयी - सोरी क्या इससे गलती सुधर जाती है! या यह दूसरे के अहम का तुष्टिकरण है। अब सवाल उठता है कि हम अपने जीवन में कितनी गलतियां करते हैं? क्या हम गलतियों को दोहराते नहीं या फिर से वैसी गलतियां दोबारा करते हैं। इनसे कैसे बचा जाये। हम गलतियाँ इसलिए करते हैं क्योंकि भावनाएँ हावी हो जाती हैं। अति आत्मविश्वास, अनुभव की कमी, तनाव या ध्यान भटकने जैसे कारक हमें सही निर्णय लेने से रोकते हैं। हमारा मस्तिष्क भी अक्सर शॉर्टकट या टेम्पलेट का उपयोग करता है जिन्हें ह्यूरिस्टिक्स कहते हैं, जो हमें कुछ गलतियों को बार-बार करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। ये गलतियाँ सीखना, अनुकूलन और अंततः बेहतर बनने की प्रक्रिया का हिस्सा हैं। गुस्सा, डर, लालच या अहंकार जैसी भावनाएँ हमें सही निर्णय लेने से रोक सकती हैं।

हमारा दिमाग जानकारी को संसाधित करने के लिए शॉर्टकट (ह्यूरिस्टिक्स) का उपयोग करता है, जो कभी-कभी गलतियों का कारण बनते हैं। जब हम सोचते हैं कि हम पहले से सब जानते हैं, तो हम गलतियाँ कर सकते हैं। बाहरी दबाव या प्रतिकूल परिस्थितियाँ हमें गलत निर्णय लेने के लिए मजबूर कर सकती हैं। बुरी आदतें छोड़ना मुश्किल हो सकता है और पर्याप्त अनुभव न होने के कारण हम गलतियाँ दोहरा सकते हैं। हमारी अपनी धारणाएँ और पूर्वाग्रह हमें सही जानकारी को नजरअंदाज करने और गलतियाँ करने के लिए प्रवृत्त कर सकते हैं। निश्चित संख्या में गलतियों को नहीं गिना जा सकता है क्योंकि हर व्यक्ति का जीवन और अनुभव अलग होता है, लेकिन सामान्यतः लोग अपने जीवन में कई गलतियां करते हैं, जैसे स्वास्थ्य की अनदेखी, खराब समय प्रबंधन, अवास्तविक इच्छाएँ, दूसरों से तुलना करना, और अपनी भावनाओं को दबाना। गलतियाँ सीखने और विकास के अवसर भी हैं, जिन्हें अनुभव और आत्म-जागरूकता से कम किया जा सकता है। कुछ सामान्य गलतियाँः निरंतर सीखने की कमीः नए कौशल और ज्ञान प्राप्त करने में रुचि न रखना। खराब समय प्रबंधन : समय का सही उपयोग न करना और महत्वपूर्ण कार्यों को टालना। स्वास्थ्य की अनदेखीः अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत पर ध्यान न देना। वित्तीय अनुशासन की कमीः खर्चों का सही प्रबंधन न करना और निवेश को नजरअंदाज करना। संवाद की कमीः रिश्तों में खुलकर बात न करना और गलतफहमियों को दूर न करना। खुद से प्यार न करना : आत्म-सम्मान की कमी और अपनी तुलना दूसरों से करना। अधिक सोचना : बहुत अधिक सोचने के कारण अंदर से परेशान होना। अवास्तविक इच्छाएंः अपनी सामर्थ्य से अधिक बड़ी-बड़ी इच्छाएँ पालना। डर और अनिर्णयः असफलता के डर से निर्णय न लेना और नए अवसरों को खो देना। जिम्मेदारी से भागनाः अपनी जिम्मेदारियों को दूसरों पर डालना। एक शोध के अनुसार इंसान हर घंटे तीन से छह गलतियाँ करते हैं, चाहे कोई भी गतिविधि हो या काम, और औसतन, एक दिन में 500 गलतियाँ करते हैं। ज्ञानात्मक गलती - यह गलती तब होती है जब हमें किसी विषय के बारे में पर्याप्त ज्ञान नहीं होता है या हमें गलत जानकारी मिलती है। व्यावहारिक गलती - यह गलती तब होती है जब हम किसी कार्य को करने में असफल होते हैं या हमें किसी कार्य को करने का तरीका नहीं पता होता है। एक इंसान दिन भर में औसतन 30 से 50 गलतियाँ करता है, और यह संख्या गतिविधि या व्यक्ति के आधार पर थोड़ी भिन्न हो सकती है। हम जानबूझकर या अनजाने में गलतियाँ करते हैं क्योंकि हम स्वाभाविक रूप से त्रुटिपूर्ण हैं, तनाव में होते हैं, या कभी-कभी सीखते हैं। गलतियों का होना सामान्य है, और इनसे सीखना और आगे बढ़ना ही महत्वपूर्ण है। गलतियों का औसतन समयः प्रति घंटाः आप औसतन 3 से 6 गलतियाँ कर सकते हैं। प्रतिदिनः हर दिन लगभग 30 से 50 गलतियाँ हो सकती हैं। हम गलतियाँ क्यों करते हैं? शारीरिक और मानसिक स्थितियाँः हम अपनी जैविक, शारीरिक और मानसिक विशेषताओं के कारण स्वाभाविक रूप से त्रुटिपूर्ण हैं। भावनात्मक और बाहरी प्रभावः तनाव, दबाव, या ध्यान भटकने जैसी चीजें भी खराब प्रदर्शन का कारण बन सकती हैं। अनजाने मेंः हम कई गलतियाँ अनजाने में करते हैं, जैसे कोई काम करना भूल जाना। गलतियां आमतौर पर भूलवश होती हैं, जिसका अर्थ है कि वे जानबूझकर नहीं की जातीं, बल्कि किसी असावधानी, अज्ञानता, या मानवीय स्वभाव के कारण होती हैं। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति अपनी गलती को बार-बार दोहराता है, तो वह "स्वभाविक" बन सकती है, या फिर जानबूझकर गलत काम करना "गलत" कहलाता है, जो नियत से जुड़ा होता है। भूलवश गलतियाँ अक्सर गलत धारणा या असावधानी के कारण होती हैं, और इनमें मूर्खता या अज्ञानता का पुट हो सकता है। उदाहरणः किसी काम को करते समय गलती से गलत बटन दबा देना, किसी चीज़ की सही मात्रा न जानना, या किसी को गलत नाम से पुकार देना। ऐसी गलतियों को स्वीकार करना और उनसे सीखना महत्वपूर्ण है, ताकि भविष्य में उन्हें दोबारा न दोहराया जाए। स्वाभाविक गलतियाँ - यह शब्द उन गलतियों को भी संदर्भित कर सकता है जो मानवीय स्वभाव का हिस्सा हैं, जैसे कि हर कोई गलतियाँ करता है। जब आप अपनी किसी गलती से कोई सबक नहीं सीखते, तो वह गलती बार-बार दोहराई जा सकती है और एक तरह से स्वाभाविक आदत बन सकती है। जानबूझकर की गई गलतियाँ - गलत या गलत नीयत से किया गया कार्य जानबूझकर किया जाता है। यह भूलवश नहीं होता, बल्कि गलत इरादों के कारण होता है। यह गलती एक इरादे या नीयत का परिणाम होती है, और यह किसी व्यक्ति को नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से की जाती है। गलतियां सबसे होती हैं, क्योंकि मनुष्य स्वभाव से परिपूर्ण नहीं होता। गलतियाँ सीखने की प्रक्रिया का एक हिस्सा हैं और इनसे हमें अनुभव मिलता है। अपनी गलतियों को स्वीकार करना और उनसे सीखना ही आगे बढ़ने और बेहतर बनने का सबसे सही तरीका है। गलतियाँ क्यों होती हैं? गलतियाँ होने के कई कारण हो सकते हैंः भावनात्मक प्रभावः गुस्सा, डर, लालच या अहंकार में गलत फैसले लेना। आदतेंः पुरानी गलत आदतों को छोड़ पाना मुश्किल होता है। अति आत्मविश्वासः खुद को बहुत ज़्यादा जानकार समझना और गलत निर्णय लेना। लापरवाही या टालमटोलः सही काम न करना और बाद में पछतावा होना। दबाव या परिस्थितियाँः सामाजिक दबाव या मजबूरी में गलत चुनाव करना। अनुभव की कमीः ज्ञान को सही समय पर लागू न कर पाना। गलतियों से कैसे सीखें? स्वीकार करेंः अपनी गलती स्वीकार करना पहला कदम है। पहचानेंः गलती के कारण को समझें और उससे सीखें। बार-बार दोहराएँ नहींः गलती से सीख लें ताकि उसे दोबारा न दोहराएँ। सुधार करेंः अपनी गलतियों में सुधार करने का प्रयास करें। खुद को माफ़ करें : हर बार गलती पर पछताने से अच्छा है कि आप खुद को माफ़ करके आगे बढ़ें। संक्षेप में, गलतियाँ जीवन का हिस्सा हैं, इनसे डरने की बजाय उनसे सीखना ही बुद्धिमानी है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे–
vishwavarta.response@gmail.com

# मिट्टी की महक लौट आई है, पर अब वह केवल तस्वीरों में है


गोविंद तिवारी

आजकल जब कोई युवक खेत की मेंड़ पर खड़ा होकर मुस्कुरा रहा होता है, जब कोई युवती आँगन के तुलसी चौरे के पास दीपक जलाती है, या जब किसी की पोस्ट में गाँव का तालाब झिलमिला रहा होता है, तो मन भीतर से काँप उठता है... यही तो वे दृश्य हैं जिन्हें कभी हमने अपना सामान्य जीवन माना था... अब वही तस्वीरें हमारे लिए स्मृतियों का खज़ाना बन गई हैं। सोशल मंचों पर इन दिनों गाँव लौट आया है... लोग अपने गाँव की गलियों, खेतों, तालाबों, पेड़ों और मिट्टी की खुशबू को खोज रहे हैं... कभी जो मिट्टी हमारे पैरों तले थी, अब वही मिट्टी कैमरे के फ्रेम में सजी है... खेतों में लहलहाती फसलें, रहट की चर्र-चर्र, तालाब पर उतरती सुबह की किरणें, और हवा में घुली सरसों की महक सब कुछ अब यादों का हिस्सा बन गया है... लोग अब यह सब अपने हाथों से नहीं छूते, बल्कि तस्वीरों में महसूस करते हैं। कभी गाँव की पगडंडी पर चलते हुए मिलने वाले लोगों के चेहरे पर आत्मीय मुस्कान होती थी... अब वही मुस्कान किसी पुरानी तस्वीर में तलाशनी पड़ती है... गाँव की चौपालें, जहाँ रातें गीतों में गुजरती थीं, अब मौन हैं... वहाँ अब मोबाइल की घंटियों की जगह केवल यादों की गूंज बची है... कभी गाँव की गलियों में डाकिया साइकिल चलाता हुआ आता था, खेतों में किसान हल चलाते थे, कुएँ से औरतें रस्सी खींचती थीं, बच्चे नंगे पाँव खेतों में दौड़ते थे... आज वही दृश्य किसी की पोस्ट में देखकर लोग लिखते हैं। "कितना सुंदर भारत था हमारा"... पर यह भारत कहीं गया नहीं, बस हमने अपनी नजरें हटा लीं। विकास के नाम पर हमने जो छोड़ा, वही अब हमारे भीतर की खाली जगह बनकर रह गया है... हमने सुविधाएँ तो ले लीं, पर सादगी खो दी... हमने ऊँची इमारतें बना लीं, पर आँगन की ठंडी हवा खो दी... हमने रसोई में चमकदार बर्तन रख लिए, पर मिट्टी के घड़े का स्वाद भूल गए... लोग अब पुरानी चीज़ों को देखकर भावुक हो उठते हैं... कोई अपने पुराने रेडियो की तस्वीर लगाता है, कोई मिट्टी के दीये को हाथ में लेकर याद करता है, कोई दादी के कनस्तर को सजा देता है, तो कोई बैलगाड़ी के पास खड़ा होकर मुस्कुराता है... जो कभी साधारण था, अब वही असाधारण लग रहा है... जो पहले रोजमर्रा का हिस्सा था, अब वही "यादों का



आभूषण" बन चुका है। गाँव की गलियाँ अब भी वैसी ही हैं, लेकिन वहाँ लौटने की इच्छा भीतर से उठने लगी है... आधुनिकता की चमक में थके लोग अब सादगी की छाँव खोज रहे हैं... वे अब महसूस कर रहे हैं कि जीवन का असली सुख वह नहीं जो शहरों की भीड़ में है, बल्कि वह जो मिट्टी की गंध में है... खेतों की हवा में है, तुलसी चौरे की लौ में है, और माँ की रसोई की सोंधी महक में है। सोशल मंचों पर जब लोग गाँव की तस्वीरें डालते हैं, तो वे केवल दिखावा नहीं करते, वे भीतर की एक अधूरी चाह को अभिव्यक्त करते हैं... यह चाह है। फिर से अपनी मिट्टी से जुड़ने की, अपनी पहचान को छूने की, उस अपनापन को महसूस करने की जो विकास की दौड़ में कहीं पीछे छूट गया है। आज का समाज अपने अतीत से संवाद कर रहा है... यह संवाद कैमरे से नहीं, हृदय से हो रहा है... यह किसी चलन का हिस्सा नहीं, बल्कि आत्मा की पुकार है... यह पुकार कहती है। "हमें लौटना होगा"... गाँवों की ओर, मिट्टी की ओर, अपनी पहचान की ओर... क्योंकि जड़ों से कटकर कोई वृक्ष हराभरा नहीं रह सकता। हमारे गाँव की धरोहरें केवल पुरानी चीज़ें नहीं हैं... वे हमारी सभ्यता के साक्षी हैं... मिट्टी के बर्तन में हमारी संस्कृति है, तुलसी के पौधे में हमारी आस्था है, खेतों की हरियाली में हमारी मेहनत की गवाही है, और गाँव के तालाब में हमारी आत्मा की शांति... जब ये सब स्मृति से बाहर होकर फिर से जीवन में लौटेंगे, तभी हम वास्तव में अपने होने का अर्थ समझ पाएंगे। तकनीक ने हमें सुविधाएँ दीं, पर सुकून नहीं... विकास ने हमें रफ्तार दी, पर ठहराव नहीं... अब वही लोग जो कभी गाँव से दूर भागे थे, अब गाँव की तस्वीरों में लौटकर अपनी साँसें खोज रहे हैं... यही समय है जब हम समझें कि आधुनिकता और परंपरा का मेल ही जीवन का सच्चा संतुलन है... आओ, अपनी धरोहरों को सिर्फ़ स्मृति न बनने दें... मिट्टी के चूल्हे की आँच को जीवन में फिर से जलाएँ... तुलसी चौरे में दीपक रखें... गाँव के तालाब तक जाएँ और उसकी शांति को आत्मा में बसाएँ... खेतों की हरियाली में बैठकर हवा से बातें करें... माँ के हाथ की रोटी खाएँ... यह सब कुछ अब भी हमारे आसपास है, बस हमें उसे महसूस करना है। लोग आज सोशल मंचों पर अपनी मिट्टी को ढूँढ़ रहे हैं... पर असली मिट्टी तो उनके भीतर ही है... उसे जागृत करने की ज़रूरत है... जब तक हम अपनी मिट्टी, अपनी भाषा, अपनी परंपरा, और अपने गाँव से जुड़े रहेंगे, तब तक भारत की आत्मा जीवित रहेगी। मैं केवल इतना कहना चाहता हूँ कि धरोहरों को केवल तस्वीरों में नहीं, जीवन में जिएँ... क्योंकि मिट्टी में ही जीवन की महक है, और वही हमारी असली पहचान है...। इस देश की मिट्टी से उठी उस सोंधी गंध को महसूस करता हूँ, जो हर भारतीय के हृदय में अब भी जीवित है... वही गंध जो हमें याद दिलाती है कि हम कितने भी आगे बढ़ जाएँ, पर हमारी आत्मा हमेशा अपने गाँव की ओर ही लौटती है...।

## कविता


मोनिका डागा

### ओ चंदा!


छुप करके बादलों की ओट में देखो तुम मत सताना,
ओ चंदा! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना।
सजधज कर प्रियतमा मेरी बैठी हैं तुम्हारे इंतजार में,
रखा है करवा चौथ का निर्जल व्रत आज मेरे प्यार में,
सुबह से ही उसने कर रखी हैं धूमधाम से सारी तैयारी,
लाल चूड़ा पहना और हाथों में लगाई है मेहंदी प्यारी,
सांझ हो रही अमृत किरणों को तुम हम पर बरसाना,
ओ चंदा! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना ।
देखकर सजनी के चेहरे की चमक मैं इठला रहा हूं,
ईश का धन्यवाद मैं ख़ुशी से ये जीवन बीता रहा हूं,
आँच मेरे इस जीवन पर तनिक कभी भी ना आएँ,
उसकी उम्र मुझे लग जाएँ माँगती वो कितनी दुआएँ,
दीप की लौ संग चालनी के बीच में प्रेम रंग छलकाना,
ओ चंदा! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना।
तन–मन जीवन में मेरे आनंद प्रेम संगीत भर जाती,
पायल की छनछन और सिंदूर की लाली मुझको भाँति,
आशाओं के आँगन में मधुबन सा सजा परिवार हमारा,
विश्वास सत्य सहयोग की नींव पर टिका गठबंधन प्यारा,
सप्तपदी के इस अटूट बंधन को और भी सुंदर सजाना,
ओ चंदा ! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना।

# डिजिटल अरेस्ट व्यवस्था के भय का प्रतीक है


राजेश कुमार पासी

एक दिन मेरी पत्नी के मोबाइल पर एक कॉल आई कि हम सदर थाने से बोल रहे हैं। उसने फोन मुझे दे दिया कि आप बात करो । मैंने पूछा, क्या बात है तो उसने कहा कि हमने चार लड़के ड्रग्स सप्लाई करते हुए पकड़े हैं. एक ने आपका नंबर दिया है और कहा है कि मेरे पापा को बता दो। वो पुलिसिया रौब से बात कर रहा था, बोला कि हम इन्हें अदालत में पेश करने जा रहे हैं, आपको बताने के लिए फोन किया था। मैंने कहा कि किस थाने से बात कर रहे हो तो वो बोला कि आपको पता नहीं है कि सदर थाना कहां है। मैंने कहा कि हमारे यहां कोई सदर थाना नहीं है और मेरा एक बेटा है जो अभी घर में ही है। उसने गुस्से से कहा कि फोन रख दो। मुझे उस दिन अहसास हुआ कि कैसे ये लोग आम जनता को डिजिटल अरेस्ट करके कंगाल कर रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट साइबर स्कैम का सबसे नया रूप है जिसमें अपराधी विधि प्रवर्तन अधिकारी या सरकारी एजेंसियों जैसे, सीबीआई, ईडी, पुलिस, नारकोटिक्स ब्यूरो की नकली पहचान बनाकर आम जनता के साथ ठगी करते हैं। ये लोग लोगों को फोन करके दावा करते हैं कि आपके या आपके किसी पारिवारिक सदस्य के खिलाफ मामला दर्ज हो गया है। अपने आरोपों को विश्वसनीय बनाने के लिए ये लोग नकली सरकारी कार्यालयों की व्यवस्था बनाते हैं । ये लोग ऐसे कई तरीके इस्तेमाल करते हैं जिससे कि पीड़ित को पूरा विश्वास हो जाता है कि वो सच में किसी सरकारी विभाग के अधिकारियों से बात कर रहा है। ये लोग ईमेल, मैसेजिंग एप के माध्यम से नकली वारंट, लीगल नोटिस और अन्य सरकारी दस्तावेजों से साबित कर देते हैं कि आप किसी अपराध में फंस गए हो। आरोप इतना गंभीर होता है कि आपको लंबी सजा हो सकती है. इसके अलावा आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी खत्म हो सकती है । ये लोग आदमी को इतना डरा देते हैं कि वो उनकी हर बात मानने को विवश हो जाता है। ये लोग कम पढ़े-लिखे होने के बावजूद इतने पेशेवर तरीके से बात करते हैं कि उससे कहीं ज्यादा पढ़ा-लिखा व्यक्ति इनका शिकार बन जाता है। नई दिल्ली में एक बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट करने का मामला सामने आया है जिसमें उससे 42 लाख रुपये की ठगी कर ली गई । अपराधियों ने बुजुर्ग को मनी लॉनड्रिंग के मामले में नाम आने को लेकर धमकाया था । इस मामले में तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। पीड़ित 80 साल का सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी था जिससे आरोपियों ने ईडी/सीबीआई अधिकारी बनकर ठगी की थी । आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से अपने जाल में फंसाकर उसकी जीवन भर की पूंजी लूट ली थी । ऐसे ही एक मामले में जम्मू के एक व्यापारी से मनी लॉनड्रिंग के मामले में फंसाने की धमकी देकर 4.44 करोड़ रुपये ठग लिए गए । अपराधियों ने उसे कहा कि उनके आधार कार्ड और सिम कार्ड का इस्तेमाल मनी लॉनड्रिंग में हुआ है। पन्द्रह दिन पहले दिल्ली में डिजिटल अरेस्ट का अब तक का सबसे बड़ा मामले सामने आया है। साउथ दिल्ली के गुलमोहर पार्क में रहने वाले सेवानिवृत्त बैंकर नरेश मल्होत्रा को साइबर ठगों ने डेढ़ महीने तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर 23 करोड़ रुपये की ठगी कर ली है । देखा जाए तो यह मामला सिर्फ इसलिए सबसे बड़ा नहीं है कि इसमें 23 करोड़ रुपये की बड़ी रकम की ठगी की गई है बल्कि इसलिए भी यह बड़ा है क्योंकि इसमें पीड़ित को अपराधियों ने डेढ़ महीने तक डिजिटल अरेस्ट किया हुआ था । इस दौरान ठगों ने उनकी जीवन भर की कमाई लूट ली थी । हर साल ऐसे हजारों मामले सामने आ रहे हैं जिसमें अपराधी लोगों को डिजिटल अरेस्ट करके उनकी जीवन भर की कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं । 2021-2024 के दौरान साइबर अपराधों में लगभग 30000 करोड़ रुपए लूटने का अनुमान है । साइबर ठग लोगों को डराने-धमकाने के नए-नए तरीकों से लूट रहे हैं। ये लोग इतने शातिर तरीके से काम करते हैं कि पुलिस के लिए इनको पकड़ना बहुत मुश्किल होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस बारे में जनता को आगाह किया है कि वो ऐसे झांसों में आकर अपनी मेहनत की कमाई को न लुटाए। पुलिस कई माध्यमों से जनता को जागरूक कर रही है कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता। पुलिस का कहना है कि वो किसी को भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। सवाल यह है कि लोग क्यों डिजिटल अरेस्ट का शिकार बन रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामले बता रहे हैं कि देश की जनता में सरकारी व्यवस्था का कितना डर है। इससे पता चलता है कि देश की जनता सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों से कितनी डरी हुई है । जनता में इतना डर है कि वो न तो अदालत पर भरोसा कर रही है और ही उसे पुलिस पर भरोसा है । सबसे बड़ी बात यह है कि लोग यह जानते हुए भी कि उन्होंने कुछ नहीं किया है, अपनी जीवन भर की कमाई छुटकारा पाने के लिए दे देते हैं। वास्तव में इसके पीछे यह धारणा काम कर रही है कि अगर उन्हें झूठे मामले में भी फंसा दिया गया तो उन्हें अदालत से भी राहत मिलने वाली नहीं है । हमारे मुख्य न्यायाधीश लगातार बयान दे रहे हैं कि देश संविधान से चलेगा लेकिन ऊंचे पद पर बैठे हुए लोगों को पता नहीं है कि देश की सच्चाई क्या है । कहने को तो देश में न्यायपालिका है लेकिन सच्चाई यह है कि न्यायपालिका के पास 5 करोड़ से ज्यादा मुकदमे लंबित हैं । अगर आम नागरिक राहत पाने के लिए अदालत का रुख करता है तो उसे पता नहीं है कि उसके मामले की सुनवाई कब तक होगी ।

# गांव देहात में अभी भी काम आ रहे हैं डाकघर


अरविंद कुमार सिंह

संचार और सूचना क्रांति के बीच पैदा हुई पीढ़ी को भले ही यह लगता हो कि अब डाकघरों की जरूरत क्या है। पर देहाती डाकघर आज भी अपना महत्व बनाए हुए हैं और ग्रामीण भारत के बहुत काम आ रहे हैं। इसीलिए 1,64,987 डाकघरों में से 1,49,478 डाकघर ग्रामीण अंचलों में है। इनकी बदौलत ही भारतीय डाक विश्व में नंबर एक पर है। 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। 1969 में टोकियो में आयोजित विश्व डाक संघ (यूपीयू) के सम्मेलन में इस बारे में फैसला हुआ था। इसकी मातृ संस्था जनरल पोस्टल यूनियन संयुक्त राष्ट्र संघ के बनने के पहले 9 अक्तूबर, 1874 को स्थापित हुई थी, जिसका नाम 1879 में विश्व डाक संघ रखा गया। भारत 1 जुलाई 1876 को इसका सदस्य बनने वाला पहला एशियाई देश था। दुनिया भर में इस समय करीब 6.40 लाख डाकघर हैं। संचार और सूचना क्रांति के असर के चलते कई देशों में डाकघर बंद हो रहे हैं पर भारत में पिछले पांच सालों में 5,639 नए डाकघर खुले हैं। सरकार नए सिरे से भारतीय डाक को आधुनिक साजो सामानों से लैस करने में लगी है। 16 दिसंबर, 2024 से नए डाक नियम लागू हुए हैं। डाकघर अधिनियम, 2023 भी 18 जून, 2024 से लागू हुआ है। इसके पहले भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 के तहत डाकघरों का संचालन होता था। यह संस्था हमेशा लोगों के सुख-दुख में खड़ी रही, जिसके कारण जनमानस में इसके साथ एक भावनात्मक जुड़ाव भी रहा है। डाक, बैंकिंग, जीवन बीमा और मनीआर्डर तथा रिटेल सेवाओं के माध्यम से इसका




आम लोगों के साथ गहरा जुड़ाव बना रहा है। पहले चिट्ठियां, मनीआर्डर, शुभकामना संदेश, तार, रेडियो लाइसेंस से लेकर तमाम भूमिकाएं थीं, पर अब वित्तीय सेवाओं से लेकर ई-कामर्स में इसकी भूमिका है। ऐसी कई सेवाएं जारी है, जिनके कारण पहले की तरह ही चौबीस घंटे डाकघरों में काम चलता रहता है। परंपरागत सेवाओं में लंबे समय तक उलझे रहे डाकघरों ने समय के साथ खुद को बदल कर अपना अस्तित्व ही नहीं बचाए रखा है, बल्कि खुद को सबल किया है। डिजिटल इण्डिया' से लेकर आर्थिक और वित्तीय समावेशन के लिए संचार और सूचना क्रांति की ताकत से डाकघरों ने खुद को लैस किया है। इसी कारण कुरियर की चुनौतियों के बावजूद अपनी स्पीड पोस्ट सेवा की बाजार हिस्सेदारी 40% तक बनाए रखी है। कई नागरिकोन्मुखी सेवाएं भी भारतीय डाक ने आरंभ की हैं। 3352 डाकघरों में आधार केंद्र और 434 प्रमुख डाकघरों में पासपोर्ट सेवा केंद्र भी खोले गए हैं। देश में डाकघरों में बचत बैंक से लेकर विभिन्न श्रेणी में 26 करोड़ से अधिक खाते हैं, जिनमें 12.68 लाख करोड़ रुपए जमा है। बेटी बचाओ बेटी पढाओ नारे के साथ शुरु सुकन्या खातों का 84% डाकघरों में खुला है क्योंकि इसके लिए पोस्टमैनों ने अभियान चलाया था। देश में 5 लाख से अधिक लघु बचत एजेंटों को भी इन योजनाओं से काम मिलता है। 2018 में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक भी स्थापित किया गया है। इस साल आम बजट से पहले संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शीर्ष अधिकारियों के साथ वित्त मंत्री से मुलाकात कर डाक विभाग के कायाकल्प और 2029 तक लाभ में लाने की रणनीति के साथ एक ठोस रणनीति रखी। उसी के तहत डाक विभाग आगे बढ़ा है।

## एक नजर

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं में बढ़ा आत्मविश्वास



**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को जनता इंटरमीडिएट कॉलेज शास्त्रीनगर सोहंग में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के व्यावहारिक टिप्स दिए गए, साथ ही विद्यालय परिसर में शिकायत पेटिका लगाई गई, ताकि कोई भी छात्रा अपनी समस्या या शिकायत बिना झिझक दर्ज करा सके। थाना तुर्कपट्टी चौकी मधुरिया के उपनिरीक्षक ब्रह्मा उपाध्याय एवं नरसिंह ओझा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब लड़कियों को डरने की नहीं, आगे बढ़ने की जरूरत है।उन्होंने बताया कि यदि किसी छात्रा को कोई परेशानी या असुरक्षा महसूस होती है, तो वह अपनी शिकायत कागज पर लिखकर पेटिका में डाल दे।वही पहचान गोपनीय रखी जाएगी और पुलिस खुद मामले का समाधान करेगी।कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1098 और 1076 की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही आत्मरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए गए। उपनिरीक्षकों ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जरूरत है उन्हें सही दिशा और साहस देने की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनीता सिंह, शिक्षक मदन सिंह, चन्द्रिका शर्मा, रामप्रवेश सिंह सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### प्रभु का शोक भी होता है लोक शिक्षार्थ : अंजलि द्विवेदी



**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** शिवजी जब सती को अमर कथा सुना रहे थे, तभी उन्होंने प्रभु श्रीराम को सीता वियोग में वन-वन भटकते देखा। भगवान को मानव रूप में विलाप करते देख शिवजी ने उन्हें प्रणाम किया। यह दृश्य देखकर सती चकित रह गईं। उन्होंने कहा स्वामी जिन्हें आप परमब्रह्म बताते हैं, वे यदि सर्वज्ञ हैं तो सीता वियोग में इस तरह व्याकुल क्यों हैं। शिवजी ने कहा कि प्रभु श्रीराम का यह शोक भी लोक शिक्षार्थ है, यह सब लीला मात्र है। यह बातें कथावाचिका अंजलि द्विवेदी ने कही। वह तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत पगरा पड़री के बसंतपुर टोला स्थित ब्रह्मस्थान परिसर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीरामकथा अमृत वर्षा व अखंड हरिकीर्तन के दूसरे दिन मंगलवार की रात्रि सती संदेह प्रसंग का वर्णन कर रहीं थीं। कथावाचिका ने आगे कहा कि भगवान शिव की बात पर सती को विश्वास नहीं हुआ। उन्होंने सत्य परखने हेतु सीता का रूप धारण कर प्रभु श्रीराम के समीप जाकर परीक्षा ली। राम ने उन्हें देखकर कहा 'माता, प्रभु शिव के साथ पधारी हैं। यह सुन सती को गहन लज्जा व पश्चात्ताप हुआ। लौटकर वे मौन हो गईं, पर भीतर ग्लानि से व्याकुल रहीं कि उन्होंने अपने आराध्य पर ही संशय किया था। इस अवसर पर राजकिशोर प्रसाद, नगनारायण सिंह, मनोरंजन शाही, महातम कुशवाहा, सुदामा गुप्ता, अनिरुद्ध सिंह, अंजित गुप्ता, अमरनाथ प्रजापति, बैजू सिंह, छोटे सिंह, राजेश पांडेय, आदित्य कुमार, सोनू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी व क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजा की मांग : मदन गोविंद राव



**कप्तानगंज (कुशीनगर)।** तहसील क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि,आंधी से खेतों में खड़ी फसलों को काफी नुकसान हुआ है।इसके मुआवजे की मांग पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव ने किया है।वही उन्होंने गन्ना मूल्य बढ़ाए जाने की वकालत किया है। कप्तानगंज के सोहनी गांव के गणेश चौक पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने यह मांग उठाई। पूर्व विधायक राव ने मुख्यमंत्री को संबोधित प्रेषित पत्र में मांग किया है कि गन्ना, धान एवं गेहूं की उत्पादन लागत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मजदूरों के पारिश्रमिक, घटती श्रम क्षमता महंगी सिंचाई, खाद, कीटनाशक के कारण किसानों के समक्ष जीविका संकट उत्पन्न होने लगा है। वर्तमान सत्र में न्यूनतम मानसूनी बारिश के कारण किसान फसलों को बचाने के लिए मंहगी सिंचाई के मजबूर हुए।लेकिन एकाएक हुई अतिवृष्टि एंव तेज हवाओं ने गन्ना, धान, मक्का तथा केला की फसलों को जमीन पर सुला दिया ।जिससे उत्पादन 30 से 40 प्रतिशत कम होने का अनुमान है। राज्य सरकार को क्षतिग्रस्त धान, गन्ना, केला, तथा मक्का फसलों का सर्वे कराकर वाजिब मुआवजा का ऐलान करना चाहिए।

### प्राथमिक विद्यालय दोमाठ में हुआ नालेज शेयरिंग कार्यक्रम व टीएलएम मेला का आयोजन



**तमकुही राज (कुशीनगर)।** स्थानीय विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दोमाठ में खण्ड शिक्षा अधिकारी अमितेश कुमार की अध्यक्षता में नालेज शेयरिंग कार्यक्रम एवं टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। जिसमें परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा एक से बढ़कर एक टीएलएम का प्रदर्शन किया। खंड शिक्षा अधिकारी अमितेश कुमार ने कहा कि शिक्षकों द्वारा बनाए गए इन टीएलएम से बच्चो को जल्दी सीखने में मदद मिलती है। बच्चो का ध्यान विषय की ओर सहजता से आकृष्ट होता है। कार्यक्रम का अनुश्रवण डायट प्रवक्ता आश्वनी कुमार सिंह, अर्चना जी एवं जितेन्द्र कुमार गोंड एआरपी सेवरही, राजेश तिवारी द्वारा किया गया। इनके द्वारा उत्कृष्ट टीएलएम को जनपद स्तरीय प्रदर्शनी हेतु चयनित किया गया। कार्यक्रम में अरविन्द सिंह पटेल निवर्तमान जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ, धर्मेन्द्र सिंह ब्लाक अध्यक्ष, मधेश मिश्र अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ, सुमंत मिश्व मंत्री, एजुलहक मंत्री, कृष्ण कुमार, पंकज कुमार गोंड, ढोढ़ा प्रसाद, संजय सिंह, संजय यादव, विनोद कुमार जिलामंत्री अटेवा, मृत्युंजय पाण्डेय इत्यादि उपस्थित रहे।

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वंचित समस्त वर्गों के छात्रों के लिए पोर्टल खुला

**मऊ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वंचित समस्त वर्गों के छात्रों के लिए पोर्टल निम्न विवरण अनुसार खोला गया है। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा मास्टर डाटा लॉक करने की तिथि 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक (कक्षा 11-12 को छोड़कर), छात्रों द्वारा रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन करने की तिथि 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक, छात्रों द्वारा फाइनल प्रिंट आउट निकालने एवं हार्ड कॉपी को छात्रों द्वारा वांछित संलग्नको सहित शिक्षण संस्था में जमा किए जाने की तिथि 1 नवंबर, शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 2 नवंबर, त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही करने की तिथि 8 नवंबर से 11 नवंबर 2025 तक तथा छात्रों द्वारा सही आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुन: अग्रसारित करने की तिथि 12 नवंबर 2025 तक किया जाना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य/प्रचार्य उपरोक्त विवरण के अनुसार समस्त प्रक्रियात्मक कार्यवाही पूर्ण करा लें, जिससे कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति पाने से वंचित न हो सके।

### मऊ सहित 12 जनपदों में स्थाई लोक अदालत में अध्यक्ष पद पर होगी नियुक्ति

**मऊ।** अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय मऊ बाकर शमीम रिजवी ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेश के अनुपालन में प्रदेश के 12 जनपदों में बान्दा, कानपुर देहात, महोबा, मऊ, पीलीभीत, सन्त कबीरनगर, मुरादाबाद, चित्रकुट, कासगंज, झॉसी, सहारनपुर, मेरठ गठित स्थायी लोक अदालत में (01) अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की जानी है। उपरोक्त पद के लिए इच्छुक आवेदनकर्ता अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों को संलग्न कर उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, 4/7 गोमती नगर विस्तार, लखनऊ को प्रेषित कर सकते है। आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 है।

# वाराणसी में स्मार्ट मीटर चेक अभियान से उपभोक्ताओं में भरोसा बढ़ा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों और शंकाओं को दूर करने के उद्देश्य से वाराणसी प्रोजेक्ट क्षेत्र में हाल ही में बड़े पैमाने पर जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में वाराणसी, बलिया, आज़मगढ़, मऊ, चंदौली और जौनपुर मंडल शामिल थे। जांच में सभी स्मार्ट मीटरों की रीडिंग मानक इलेक्ट्रॉनिक मीटरों यानि चेक मीटर से पूर्णतः मेल खाती पाई गईं। इस अभियान में 100 प्रतिशत उपभोक्ता संतुष्ट नज़र आए।

शशांक अग्रवाल, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर, स्मार्ट मीटर ने कहा कि स्मार्ट मीटर की गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ताओं की शंकाओं को दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर स्मार्ट मीटर जांच अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। किसी भी उपभोक्ता को यदि संदेह हो तो वह मीटर की आधिकारिक जांच के लिए आवेदन कर सकता है। डिस्कॉम ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अपनी बिजली से जुड़ी समस्याओं का समाधान आसानी से कर सकते हैं।

अभियान के दौरान बिजली विभाग और डिस्कॉम अधिकारियों ने कुल 818 स्मार्ट मीटरों की जांच की। सभी मीटर मानक मीटरों के अनुरूप ऊर्जा दर्ज कर रहे थे और यह परिणाम स्वीकृत मानकों के भीतर पाया गया। इससे यह साबित हुआ कि स्मार्ट मीटर से अतिरिक्त बिलिंग की अफ़वाहें बिल्कुल गलत थीं। इस पहल से उपभोक्ताओं का भरोसा मज़बूत हुआ और शंकाएँ दूर हुईं। राज्य स्तरीय अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी और प्रयागराज में सफल हुए इस अभियान को अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल भ्रम दूर करने तक सीमित नहीं है, बल्कि ऊर्जा बचत को लेकर जागरूकता फैलाने का भी प्रयास है। साथ ही अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से डिस्कॉम मोबाइल ऐप का नियमित उपयोग करने, बिल और मीटर रीडिंग पर नज़र रखने और आवश्यकता पड़ने पर चेक मीटर टेस्ट के लिए आवेदन करने की अपील की।



#### मोबाइल ऐप : उपभोक्ताओं के लिए मददगार साधन

डिस्कॉम मोबाइल ऐप उपभोक्ताओं के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। इसके माध्यम से उपभोक्ता अपनी खपत और मीटर रीडिंग देख सकते हैं साथ ही ज़रूरत पड़ने पर शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। चेक मीटर टेस्ट की लागत किफ़ायती रखी गई है। इससे हर उपभोक्ता आसानी से अपने स्मार्ट मीटर की आधिकारिक जांच करा सकता है। यह पारदर्शिता बढ़ा रहा है और भरोसा मज़बूत कर रहा है।

**उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया :** स्मार्ट मीटर चेकिंग ड्राइव को लेकर उपभोक्ताओं ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। अब्दुल क़य्यूम ने कहा कि मैंने हमेशा सुना था कि स्मार्ट मीटर लगाने पर ज़्यादा बिल आता है। इसलिए जब ड्राइव हुई तो मैंने भी अपना मीटर चेक कराया। इसकी रीडिंग सामान्य मीटर जैसी ही निकली। अब मुझे काफ़ी भरोसा है। बिजली विभाग की यह पहल सराहनीय है। आमिर कुरैशी ने कहा कि मेरे क्षेत्र में भी चेकिंग ड्राइव हुई। मैंने हाल ही में स्मार्ट मीटर लगवाया था और ऐप के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी। ड्राइव के दौरान मैंने ऐप का इस्तेमाल सीखा। यह बहुत आसान है। अब मैं बिल भर सकता हूँ, मासिक खपत ट्रैक कर सकता हूँ और अपनी खपत का पैटर्न भी बदल सकता हूँ।

**चेक मीटर प्रणाली :** अभियान के तहत उपभोक्ता के घर पर अस्थायी रूप से एक इलेक्ट्रॉनिक चेक मीटर लगाया जाता है। स्मार्ट मीटर और मैनुअल मीटर दोनों एक ही अवधि की खपत दर्ज करते हैं। बाद में उनकी तुलना की जाती है। यदि रीडिंग मानकों के अनुसार मिलती है, तो स्मार्ट मीटर को पूरी तरह विश्वसनीय माना जाता है। यह पारदर्शी प्रक्रिया उपभोक्ताओं को सशक्त बनाती है और शिकायत निवारण को और तेज़ व प्रभावी बनाती है।

#### ऐप का इस्तेमाल कैसे करें

यह ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। मोबाइल नंबर और उपभोक्ता आईडी से लॉगिन करने के बाद उपभोक्ता बिल देख और भर सकते हैं, शिकायत दर्ज कर सकते हैं और अपने स्मार्ट मीटर का विवरण देख सकते हैं। इसमें वास्तविक समय की खपत, दैनिक/ साप्ताहिक/मासिक पैटर्न और पीक-ऑवर की जानकारी भी उपलब्ध रहती है। प्रीपेड उपभोक्ता ऐप से बैलेंस चेक कर रिचार्ज भी कर सकते हैं।

## जिविनि दफ्तर पर राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य पर जानलेवा हमला

» प्रधानाचार्य परिषद ने दी गिरफ्तारी के लिए दो दिन की मोहलत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय रविन्द्रनगर धूस स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय पर आज अपराह्न साढ़े तीन बजे के करीब कुछ लोगों द्वारा राजकीय इंटर कालेज, मोतीललहा के प्रधानाचार्य पर हमला किये जाने की खबर मिली है। मारपीट की इस अप्रत्याशित घटना से जिले भर के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण हतप्रभ हैं । प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि अगले 48 घंटे के भीतर हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो विद्यालयों में पठन पाठन ठप कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि हमले में घायल प्रधानाचार्य राजीव प्रताप मल्ल पिछले वर्ष सम्पन्न हुए नेहरू इंटर कालेज, पटहेरवा की प्रबंध समिति के चुनाव हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पर्यवेक्षक नामित किये गए थे। वहां की प्रबंध समिति के चुनाव में असफल रहे खेमे के संतोष कुमार श्रीवास्तव व विनय कुमार राय ने साल भर पहले ही निपट चुके चुनाव से संबंधित अभिलेख की मांग श्री मल्ल से की। तब श्री मल्ल ने उन्हें बताया कि एक वर्ष पूर्व हुए चुनाव से संबंधित अभिलेख उन्होंने जिविनि दफ्तर को तभी सौंप दिए थे । अब उनके पास कोई अभिलेख नहीं है। इस पर दोनों व्यक्तियों ने उन्हें बेरहमी से मारा पीटा और वहां से भाग निकले । इसके बाद पीड़ति प्रधानाचार्य श्री मल्ल ने जिलाधिकारी महेंद्र तंवर से मिलकर उन्हें आपबीती सुनाई । जिलाधिकारी ने एडीएम को मुकदमा दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद प्रधानाचार्य श्री मल्ल की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रविन्द्रनगर धूस थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।


इसी क्रम में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डा देवेंद्र मणि के नेतृत्व में प्रधानाचार्यों व प्रबंधकों का एक शिष्ट मंडल ने जिलाधिकारी श्री तंवर से मिलकर हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार किये जाने और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को अराजक तत्वों से मुक्त कराने का मांग की है । साथ ही परिषद की ओर से प्रशासन को आगाह किया गया है कि यदि अगले 48 घंटे के भीतर कार्यवाही नहीं हुई, तो परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

शिष्ट मंडल में डा देवेंद्र मणि, सुभाष त्रिपाठी, डा गोरख राय, शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, शैलेंद्र मिश्र, अशोक कुमार, गोविंद मिश्र आदि विभिन्न विद्यासलयो के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक शामिल रहे।

## मठिया माधोपुर का दशहरा मेले में हुआ रावण दहन

### कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाया अपना दम खम

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कुशीनगर।** कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा मठिया माधोपुर के सत्यम शिवम सुदरम मंदिर के परिसर में आपसी सौहार्द वह भाईचारे का प्रतीक परंपरागत रामलीला मेला धूमधाम से संपन्न हुआ। मेले में कुश्ती दंगल का भी आयोजन किया गया था , जिसमें पहलवानों ने अपना दम - खम दिखाया। इस मेले की प्रमुख विशेषता यह है कि 182 वर्षों से शरद पूर्णिमा के अवसर पर लगातार जुड़ता चला आ रहा है , सभी समुदायों के लोग सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं।

स्थानीय व आसपास के लोगों द्वारा आयोजित किया जाता है यह मेला 1840 से अब तक हर वर्ष लगता है। इस मेले की शुरुआत स्थानीय खिचड़ी बाबा ने वर्ष 1840 में की थी। तभी से यह मेला स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अश्वनीमाह के शुक्ल पक्ष पंचम तिथि से प्रारंभ होकर शरद पूर्णिमा को रावण दहन के साथ संपन्न होता है। रावण का पुतला संभल मिया व हमीद मिया बनाते है। रामलीला में भी स्थानीय मुसलमान बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। कुल मिला कर यह मेला हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। इस मेले में अवधेश की बनाई हुई तांग बिरंगी जिलेबिया भी आकर्षण का केंद्र रहीं। इसमें दूर दराज से आए पहलवानों ने अपना दम खम दिखाया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुशवाहा के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि राजबलम यादव द्वारा पहलवानों से हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुश्ती प्रतियोगिता भारत की प्राचीन धरोहर है।इसे जीवंत रखने के लिए इस तरह का आयोजन निरंतर होना चाहिए। जिससे इस क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखने का मौका मिले।

## मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि, गोरखपुर में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**मऊ।** जिला सेवायोजन अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय ने बताया है कि मिशन रोजगार के तहत प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान कराने की दिशा में श्रम एवं सेवायोजन विभाग के तत्वावधान में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में 14 एवं 15 अक्टूबर 2025 को दो दिवसीय रोजगार महाकुम्भ-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार महाकुंभ में संयुक्त अरब अमीरात तथा ओमान मे सुपरवाइजर रिगिंग, मोबाइल पंप ऑपरेटर, फोरमैन वेल्डिंग, हैवी ट्रक ड्राइवर, बाइक राइडर, वॉल पेंटर, कंकिट कटिंग ऑपरेटर, वेल्डर, मेसन, प्लंबर, एसी टेक्नीशियन, पाइप फिटर तथा जिप्सम कारपेंटर आदि पदो पर भर्ती होगी जिसके लिए शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आईटीआई, पासपोर्ट (जिसकी वैधता 3 वर्ष) वेतनमान-24000 से 1,50,000 है। अभ्यर्थी (rojgaar sangam.up.gov.in) पर पंजीकरण कराते हुए तथा जो पूर्व से पंजीकृत है वे अपनी शैक्षिक योग्यता अनुरूप रिक्तियों में आवेदन कर रोजगार महाकुम्भ में प्रतिभाग कर सकते है।

## शिक्षा में गुणात्मक सुधार व शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता

» विद्यालयों में उन्नत शैक्षणिक वातावरण हेतु करें सर्वोत्तम उपाय

» छात्रों व शिक्षकों की उपस्थिति व सूचना संकलन की निरंतर होगी समीक्षा



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** नवागत खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) रीता गुप्ता ने बुधवार को दुदही बीआरसी कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित करना और शासन की योजनाओं को प्रभावी रूप में लागू करना है। इसके लिए सभी विद्यालयों में उन्नत शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के प्रयास किए जाएंगे।

बीईओ ने स्पष्ट किया कि छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति, शिक्षकों की समयबद्ध उपस्थिति, छात्रों की 90 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना, सूचनाओं का अद्यतन संकलन व प्रेषण तथा विकसित भारत पोर्टल पर आवश्यक विवरण दर्ज करना प्राथमिक कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार केवल विद्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के सहयोग से बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों की प्रगति पर निरंतर नजर रखें और डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर समय पर सूचनाओं को अद्यतन करें। उनका यह संदेश शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता व जवाबदेही को सुनिश्चित करने की ओर महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षिका रुबी गुप्ता, इसरावती कुशवाहा, सरिता गुप्ता आदि ने माल्यार्पण किया और शिक्षकों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

परिचय सत्र में प्राशिसं के अध्यक्ष अरुणेंद्र राय, मंत्री रामनिवास जायसवाल, उपाध्यक्ष अशोक यादव, जूशिसं के मंत्री योगेंद्र शर्मा, राजकुमार राय, वरिष्ठ शिक्षक विद्या सिंह, ओपी सिंह, संतोष प्रसाद, संजय यादव, सत्येंद्र गुप्ता, शिवशंकर तिवारी, अनन्त अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

### एनएचएम संविदा कर्मचारीसंघ ने दी आन्दोलन की धमकी , मुख्य चिकित्साधिकारी को सौपा ज्ञापन

» संविदा कर्मचारी समाज मे अपमानित व जिल्लत की जिंदगी जीने को मजबूर : सत्येंद्र पांडेय

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ कुशीनगर के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में आज मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर डा चंद्रप्रकाश से मिलकर अगस्त व सितंबर महीनों का मानदेय व वित्तीय वर्ष 2025-26 की वेतन वृद्धि अब तक न मिलने पर क्षोभ का इजहार किया और उन्हें इससे संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाण्डेय के अनुसार त्यौहारी माह में मानदेय न मिलने के कारण दशहरा का त्यौहार अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मी नहीं मना सके है।

संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि अब दीपावली का त्यौहार भी करीब है। साथ ही बच्चों के स्कूल का फीस, राशन, आवास का किराया व दवा का पैसा न हो पाने के कारण अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मचारी समाज में अपमानित व जिल्लत की जिन्दगी जीने पर मजबूर हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही से दीपावली भी संविदा कर्मियों के लिए फीकी होने वाली है। जबकि शासन के मंशा के अनुरूप दीपावली तथा छठ पूजा के दृष्टिगत अक्टूबर माह का भी मानदेय अब तक प्राप्त हो जानी चाहिए। संगठन के मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने कहा कि यदि दो दिनों के भीतर अल्पवेतन भोगी कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हुआ , तो बाध्य हो कर जिला मुख्यालय पर संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ज्ञापन सौंपने वालों को आश्वस्त किया कि एसएनए स्पर्श पोर्टल के माध्यम से वेतन का भुगतान होना है। पोर्टल अपडेट करने में तकनीकी खामी की वजह से कुछ दिक्कत है। इसी वजह से विलंब हुआ है। लेकिन दो दिनों के भीतर भुगतान करा दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के प्रदेश संरक्षक अमित पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष विशाल जायसवाल, जिला मंत्री विवेक यादव, संगठन मंत्री संतोष यादव, अनुपम मिश्र, अमित राय, डा वेद प्रकाश तिवारी, वीरेन्द्र शर्मा, डा पूनम गुप्ता, खुर्शीद अहमद, बबीता भारती, जमशेद, कन्हैया यादव, निशिकांत सिंह आदि शामिल रहे।

## राजकीय पॉलिटेक्निक विद्यालय में सेल्फ डिफेन्स कार्यशाला का किया गया आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मऊ।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग जिला प्रोबेशन अधिकारी के कुशल नेतृत्व में राजकीय पॉलिटेक्निक मऊ में सेल्फ डिफेन्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन और महिला पुलिस थाना के सहयोग एवं सामंजस्य से बालिकाओं को सुरक्षा आत्म रक्षा हेतु कुछ उपयोगी टिप्स दिए गये। उक्त कार्यक्रम में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ़ वूमेन से श्रीमती राखी राय द्वारा पर्सनल सेफ्टी के बारे में चर्चा करते हुए आवश्यक हेल्पलाइन नंबर जैसे 112 इमरजेंसी सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन 1090 वूमेन पावर लाइन 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन, 1076 उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई।

श्रीमती तृप्ति राय द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष जैसी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला पुलिस थाना से कांस्टेबल श्रीमती पूनम यादव द्वारा छात्राओं को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण दिया गया साथ ही ये भी बताया गया कि विषम परिस्थिति में वे अपनी रक्षा कैसे करें।

कार्यक्रम में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन से डिस्ट्रिक्ट मिशन कॉर्डिनेटर श्रीमती अर्चना राय, जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती तृप्ति राय एवं श्रीमती राखी राय, शाहबाज अली, महिला पुलिस विभाग से कांस्टेबल श्रीमती पूनम यादव, कीर्ति शुक्ला, रत्ना सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य वी.एन. चौधरी एवं समस्त शिक्षक एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

**कार्यक्रम** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जीएसटी बचत उत्सव एवं आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

# देश को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारत को स्वदेशी अपनाना होगा

» जीएसटी कर सुधार से देश की अर्थव्यवस्था बनेगी मजबूत

» विकसित भारत के निर्माण में सभी की भागीदारी आवश्यक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने जनपद मऊ के मुहम्मदाबाद में आयोजित "जीएसटी बचत उत्सव एवं आत्मनिर्भर भारत" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों, उद्यमियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें जीएसटी कर सुधार के लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर मंत्री शर्मा ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था ने देश की कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और एकीकृत बनाया है। इससे व्यापार में सुगमता बढ़ी है, कर चोरी पर रोक लगी है तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तीव्र गति से आगे बढ़ रही है और जीएसटी इस विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा से जुड़ी वस्तुएं जैसे नशे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर नोटबुक, इरेज़र आदि में जहां जीएसटी की दर पहले 5 से 12% थी अब इसे जीरो प्रतिशत कर दिया गया है। दैनिक आवश्यक वस्तुओं जैसे हेयर ऑयल, शैंपू, टूथपेस्ट, शेविंग क्रीम, सिलाई मशीन आदि पर जहां जीएसटी की दर पूर्व में 12 से 18% थी अब वहां 5% कर दी गई है।



स्वास्थ्य क्षेत्र में राहत देते हुए जीवन बीमा सहित स्वास्थ्य उपकरणों में जहां कर की दर पहले 18% थी अब इन्हें जीरो से 5% के स्लैब में कर दिया गया है।

केंद्र सरकार ने किसान बंधुओं को राहत देते हुए कृषि से जुड़े उपकरणों की दरें 18% के स्लैब से हटाकर उन्हें 5% के स्लैब में कर दिया गया है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री शर्मा ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जब हम अपने देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देंगे, तब ही भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बन सकेगा। उन्होंने उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें और "वोकल फॉर लोकल" के संकल्प को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

मंत्री शर्मा ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को योगदान देना होगा — चाहे वह व्यापारी हो, किसान, छात्र या आम नागरिक। उन्होंने कहा कि "सबका प्रयास" ही "विकसित भारत" की कुंजी है।मंत्री ए.के. शर्मा ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रतिबद्ध नीतियों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण आज उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि "डबल इंजन की सरकार" के सतत प्रयासों से प्रदेश शीघ्र ही विकसित भारत की दिशा में एक सशक्त राज्य के रूप में स्थापित होगा।

इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक राम सोनकर, जिला अध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, श्रीमती पूनम सरोज, लाल जी वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व्यापारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नारी सशक्तिकरण पर हुआ कार्यक्रम



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** क्षेत्र में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने एवं बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की भूमिका और समाज में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने नारी सशक्तिकरण को सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के मासिक परीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर अंजली यादव, द्वितीय स्थान पर प्रीतम यादव तथा तृतीय स्थान पर अभिषेक कुमार व कमलेश कुमार संयुक्त रूप से रहे। विजेता विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कामता प्रसाद ने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। नारी सशक्तिकरण के माध्यम से समाज में समानता, सम्मान और आइत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावकगण तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस पहल की सराहना की।

### गोण्डा में 9 से 18 अक्टूबर तक लगेगा स्वदेशी मेला स्थानीय उत्पादों को मिलेगा मंच

**गोण्डा।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, गोण्डा के तत्वावधान में आगामी 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक गांधी पार्क टाउन हाल, गोण्डा में भव्य "स्वदेशी मेला" का आयोजन किया जाएगा। यह मेला दीपावली महोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहा है। मेले में स्थानीय हस्तशिल्पी, कारीगर और उद्यमी अपने स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री करेंगे। जिला प्रशासन ने ऐसे उद्यमियों के लिए नि:शुल्क स्टाल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है, जिससे स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिल सके। उपायुक्त उद्योग कार्यालय के अनुसार, इस मेले का उद्देश्य "वोकल फॉर लोकल" अभियान को गति देना और घरेलू उत्पादों को जनसामान्य तक पहुँचाना है।

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल खुला

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सभी वर्गों के वंचित छात्रों के लिए बड़ा अपडेट जारी किया है। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के अनुसार, छात्रवृत्ति पोर्टल https://scholarship.up.gov.in को खोल दिया गया है। शासन ने इस योजना के अंतर्गत सभी आवश्यक कार्यवाहियों की समयसारिणी भी जारी कर दी है। जारी कार्यक्रम के अनुसार शिक्षण संस्थान अपने मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2025 तक पूरी करेंगे। छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई है। इसके बाद संस्थान स्तर से पात्र छात्रों के आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण 02 नवम्बर 2025 तक किया जाएगा। स्क्रूटनी में पाए गए त्रुटिपूर्ण आवेदनों के सुधार की तिथि 08 नवम्बर से 11 नवम्बर 2025 तक तय की गई है। शासन ने सभी संस्थानों से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि वे इस समयसारिणी के अनुसार कार्यवाही पूर्ण करें, ताकि किसी भी छात्र को छात्रवृत्ति से वंचित न होना पड़े। समाज कल्याण विभाग ने छात्रों को सलाह दी है कि वे पोर्टल पर उपलब्ध आधिकारिक समयसारिणी डाउनलोड कर अपने पास सुरक्षित रखें तथा समय पर आवेदन करें।

### बाजाजा मार्केट में विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन



**रुपईडीहा, बहराइच।** जय मां आदिशक्ति प्रसाद वितरण कमेटी के संयोजकत्व में रुपईडीहा के बजाजा मार्केट में मंगलवार को एक भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने प्रमुख रूप से एसएसबी 42वी वाहिनी रुपईडीहा बीओपी के सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार, इंस्पेक्टर कुमार ऋतुराज, एसएचओ रुपईडीहा आर एस रावत, चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य, आईसीपी के मैनेजर सुधीर शर्मा, एआरएम रुपईडीहा राम प्रकाश, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ हरीश चंद, व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष शैलेश जायसवाल, महामंत्री योगेंद्र शर्मा सहित हजारों लोगों ने अबाल वृद्ध ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। प्रमुख लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भंडारा शाम 5 बजे से रात 12 बजे तक चला। यही नही पड़ोसी नेपाली गांव कालाबंजर, टंगपसरी, जमुनहा व रुपईडीहा गांव, निबिया, सहजना, मनवरिया, पचपकरी, गंगापुर व जैतापुर तक के बच्चे परिवार सहित माता का प्रसाद ग्रहण करते देखे गए। कमेटी के अध्यक्ष नारायण बंसल, महामंत्री व कोषाध्यक्ष अनुज अग्रवाल, संरक्षक पुनीत अग्रवाल, शिवम गुप्ता, टिंकू जायसवाल, साहिल गुप्ता, सचिन साहू, सौरभ गुप्ता प्रिंस व अभिषेक आदि युवक 12 बजे रात तक प्रसाद वितरण व पूरी व्यवस्था में संलग्न रहे। यह भंडारा रुपईडीहा के भंडारों में सर्वश्रेष्ठ व ऐतिहासिक रहा।

### आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की अनूठी पहल



**रामगांव,बहराइच।** आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एक अनोखी पहल की जा रही है। राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त निर्देश के क्रम में चिन्हित आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन के उपरांत उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विशेष प्रशिक्षक या वालंटियर द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा पहल की जा रही है। आउट ऑफ स्कूल बच्चों को प्रशिक्षित करने वाले विशेष प्रशिक्षकों,वालंटियरों को प्रतिमाह 4000 रुपए मानदेय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष प्रशिक्षक चयन में परिषदीय,सहायता प्राप्त विद्यालयों के सेवानिवृत शिक्षकों को वरीयता दी जाएगी। सेवानिवृत शिक्षकों की अनुपलब्धता की स्थिति में इन वॉलिंटियर्स का चयन किया जाएगा। वालंटियर के चयन में स्नातक के साथ डीएलएड,बीटीसी,बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी। डीएलएड,बीटीसी,बीएड उत्तीर्ण अभ्यार्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति स्नातक उत्तीर्ण अभ्यार्थियों का चयन किया जाएगा। वालंटियर हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की आयु सीमा 1 जुलाई 2025 को 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ राम लीला महोत्सव का हुआ समापन

**बहराइच।** श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी के तत्वावधान में 14 दिवसीय राम लीला महोत्सव का मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया।22 सितम्बर से शुरू हुए महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।सांस्कृतिक कार्यक्रम में इंडियन आइडल के कलाकार कुलदीप सिंह चौहान ने भक्ति,बॉलीवुड गीत संगीत से जलवा बिखेरा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने की। मंगलवार देर शाम राम लीला महोत्सव समापन कार्यक्रम के अंतर्गत वायलेंट द म्यूजिकल बैंड द्वारा शहर के घन्टाघर पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में इंडियन आइडल के चर्चित कलाकार कुलदीप सिंह चौहान सहित अन्य कलाकारों ने भक्ति गीत संगीत से कार्यक्रम में समा बांधा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ 14 दिवसीय राम लीला महोत्सव का समापन हो गया।कार्यक्रम में राम लीला महोत्सव में योगदान देने वाले पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह,कमेटी अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार,जिला प्रचारक अजय,विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय,संतोष अग्रवाल,जितेन्द्र अग्रवाल,राहुल रॉय, कमल शेखर गुप्ता,राकेश मित्तल,राज कमल गुप्ता, देवकुमार रस्तोगी,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,नन्हे लाल लोधी,विनय जैन,सुरेश गुप्ता,आनंद गुप्ता, के के सक्सेना,अंशुमान यज्ञसैनी,सुशील कुमार,एस पी मिश्रा,पुष्प नाथ तिवारी,मनोज मिर्ची,अजय सिंह,मनोज गुप्ता,वासु साहू,राहुल दीक्षित,के के मिश्रा,अशोक सैनी,सिद्धार्थ सिंह,हर्षित राज श्रीवास्तव,जगदम्बा सोनी,निशा शर्मा,एकता जायसवाल सहित अन्य राम भक्त मौजूद रहे।

# किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं:डीएम

## जल जीवन मिशन की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

» कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर स्थलों का किया जाये बराबर निरीक्षण-जिलाधिकारी




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में संचालित पेयजल योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान एक्सईएन जल निगम एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं की अब तक की प्रगति की रिपोर्ट पर असंतोष व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। ऐसे में कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पाइपलाइन, टंकी निर्माण, कनेक्शन और परीक्षण कार्य नियत मानकों के अनुसार किए जाएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर स्थल का बराबर निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही, योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की सहभागिता भी जरूरी है।

मुख्य विकास अधिकारी ने भी कार्यदायी संस्थाओं से कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और अपेक्षित सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने दोहराया कि सभी योजनाएं तय समयसीमा में पूरी हों, इसके लिए अधिकारी नियमित अनुश्रवण करें। कार्य में देरी, लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, एक्सईएन जल निगम, तथा सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेगें जनपद के 6 खिलाड़ी

**गोंडा।** आगरा में 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हो रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जनशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में मंडल के टीम में गोंडा जनपद के 6 खिलाड़ियों का चयन किया गया जो उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे चयनित खिलाड़ियों में सागर शुक्ला,प्रणय प्रजापति, अली, अंकित यादव, आकर्षित हल्दिया, शिवांश गुप्ता शामिल है। चयनित खिलाड़ियों को गोंडा टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा विगत 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में टेबल टेनिस की बारीकियां व प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त टीम मैनेजर डॉ प्रत्यूष राज को नियुक्त किया गया। मंडल टीम में चयनित खिलाड़ियों को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना, उप क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर समेत टेबल टेनिस एसोसिएशन के पदाधिकारी डॉ ज्योत्सना शुक्ला ,संतोष गुप्ता ,संजू छाबड़ा ने विजई होने की शुभकामनाएं दी।

## माता पार्वती ने पहली बार भगवान शिव के लिए रखा था करवा चौथ का व्रत




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** भारतीय संस्कृति और सभ्यता का एक प्रमुख पर्व करवा चौथ व्रत है। यह व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष यह व्रत 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए आचार्य बी पी त्रिपाठी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सबसे पहले माता पार्वती जी ने अपने आराध्य भगवान शिव के दीर्घायु होने की कामना से यह व्रत रखा था।

तब से यह व्रत परंपरागत रूप से प्रचलित है। उन्होंने बताया कि स्त्रियों के अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए यह व्रत किया जाता है। इस बार 10 अक्टूबर को सूर्योदय सुबह 6 बजकर 12 मिनट पर होगा और चतुर्थी तिथि का समापन रात्रि 12 बजकर 24 मिनट पर होगा। चंद्रोदय रात्रि 7 बजकर 58 मिनट पर होगा। महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखती हैं और व्रत का समापन पति व चंद्रमा के दर्शन छलनी से देखकर करती हैं। मान्यता है कि छलनी में जितने अधिक छिद्र होते हैं, पति की आयु उतनी अधिक बढ़ती है। इस दिन भगवान गणेश जी और कार्तिकेय जी की भी पूजा की जाती है। आचार्य बी पी त्रिपाठी ने कहा कि पवित्र मन से किया गया यह व्रत न केवल भारत में बल्कि विश्वभर में जहां-जहां सनातन धर्म के अनुयायी हैं, वहां श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है।

### पुलिस ने पांच डग्गामार वाहन किए सीज

**रुपईडीहा, बहराइच।** स्थानीय पुलिस की मिशन शक्ति तथा एन्टी रोमियो टीम ने बुधवार की सुबह 5 डग्गामार वाहन सीज किये हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि वाहन स्वामी सिराजुद्दीन पुत्र शमशुद्दीन निवासी गंगापुर दा. जैतापुर थाना रुपईडीहा, संजय कुमार पुत्र कैलाश निवासी ताजपुर थाना नानपारा, संगीत मल शाही पुत्र भूपेन्द्र शाही निवासी दुर्गापूरी कालोनी सदर कोतवाली लखनऊ, कृष्ण कुमार गुप्ता पुत्र रमेश कुमार गुप्ता निवासी केवलपुर थाना रुपईडीहा जिला बहराइच व अब्दुल जब्बार पुत्र रमजान अली निवासी नटाहवा सिसवरिया थाना मोतीपुर जिला गोंडा के वाहन एम वाई एक्ट के अंतर्गत सीज किये गए हैं। इन्हें थाने के एसआई जितेश कुमार सिंह, महिला एसआई दीक्षा पटेल, एसआई सूर्यभान व महिला कांस्टेबल प्रिया पांडेय ने जांच के दौरान सीज किये हैं।

## बड़ा परेड ग्राउंड में 18 अक्टूबर तक लगेगा स्वदेशी मेला

### 10 दिवसीय स्वदेशी मेले की तैयारियों को लेकर डीएम ने बनाई रणनीति

» खरीदारी के लिए बड़ा प्लेटफार्म होगा स्वदेशी मेला डीएम



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** देश को विकसित राष्ट्र बनाए जाने हेतु देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के स्वदेशी उत्पादों को अपनाए जाने के आह्वान एवं प्रदेश को विकसित बनाए जाने हेतु मुख्यमंत्री के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन के क्रम में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु शासन के दिशानिर्देश पर जनपद 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला का आयोजन बड़ा परेड ग्राउंड में होगा।

स्वदेशी मेला की तैयारियों के संबंध में बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई।

डीएम ने कहा की जिले में निर्मित स्थानीय उत्पादों एवं स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी के स्वदेशी मेला बड़ा प्लेटफार्म होगा, उन्होंने स्वदेशी मेले में स्थानीय उत्पादों एवं स्वदेशी उत्पादों की बिक्री हेतु 50 स्टॉल लगाए जाने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी मेले में जिले में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी, दीपावली की खरीदे जाने वाले उत्पाद भी मेले में होगे, मेले में थारू जनजाति द्वारा निर्मित उत्पाद विशेष रौनक होगें। स्वदेशी मेले में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगे।

स्वदेशी मेले को भव्य रूप आयोजित किए जाने को डीएम ने बड़ा परेड ग्राउंड का भौतिक निरीक्षण किया, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें। उन्होंने स्वदेशी मेले हेतु स्टॉल एवं स्टेज के संबध में आवश्यक दिशानिर्देश दिया।

एसडीएम बलरामपुर सदर, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी उपस्थित रहें।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पंचायत सहायिका की मौत

### फोरेंसिक टीम के साथ जांच में जुटी पुलिस





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** जिले के देहात थाना कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुर गांव में बुधवार सुबह 28 वर्षीय पंचायत सहायक पुष्पा वर्मा का शव उनके घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

मृतका के चाचा ओम प्रकाश वर्मा, निवासी शिवपुर महंत थाना श्रीदत्तगंज ने बताया कि सुबह करीब छह बजे परिजनों को पुष्पा की आत्महत्या की सूचना मिली थी। हालांकि, जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो शव फांसी पर लटकने के बजाय फर्श पर पड़ा मिला, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया। परिवार वालों ने पुष्पा के पति सुभाष वर्मा पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घरेलू कलह के कारण पुष्पा कई बार मायके में महीनों तक रही थी।

पुष्पा की शादी 20 साल पहले हुई थी, लेकिन विदाई 9 साल पहले हुई थी। उनकी छह साल की बेटी प्रिया है और वह ग्राम पंचायत धर्मपुर में पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत थीं।

**हत्या और आत्महत्या में उलझा मामला:**

मृतका के एक करीबी सूत्र के अनुसार, पुष्पा दो माह की गर्भवती भी थीं। घटना की सूचना फैलते ही गांव में भीड़ जमा हो गई। ग्रामीण पुलिस और फोरेंसिक टीम की कार्रवाई को देख रहे थे।

पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। गांव में इस मौत को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग इसे आत्महत्या मान रहे हैं, जबकि कई लोग ससुराल पक्ष पर हत्या का संदेह जता रहे हैं। पुलिस के अनुसार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।

### समस्याओं के त्वरित निदान के लिए समर्पित ईओ कैसरगंज

**कैसरगंज,बहराइच।** नवसृजित नगर पंचायत कैसरगंज का सौभाग्य ही है कि शिवम द्विवेदी जैसा कर्मठ, ईमानदार और जनता में लोकप्रिय प्रशासनिक अधिकारी मिला। जो किसी भी कार्य को समय रहते हल करके समस्या ग्रसित व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने की कुबत रखता है। इसी प्रशासनिक दक्षता का परिणाम है कि नव गठित नगर पंचायत कैसरगंज के भीतर और बाहर कोई मतभेद नहीं है। मात्र व्हाट्सएप की वायरल विडियो खबर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हजारों राहगीरों सहित मोहल्ले में गन्दे जल भराव से निजात दिलाते हुए व्यक्तिगत बात कर हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। इस कार्य को ईओ साहब ने अपने आप की नहीं बल्कि आफिस और फील्ड वर्क कर्मचारियों में समर विजय सिंह, अमित सिंह,अनुज राव, सोनू सहित अन्य कार्यरत सफाई कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की।

## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत प्राइमरी विद्यालय बनवरिया, गंगापुर में लगी चौपाल

» एण्टीरोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला एवं बालिका सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के राजपत्रित अधिकारी व एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए।

कार्यक्रम में टीमों ने महिलाओं बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय और कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। तिवारी बाजार चौकी प्रभारी अखिलेश राही के नेतृत्व में मंगलवार को ग्राम गंगापुर व बुधवार को प्राइमरी विद्यालय बनवरिया में चौपाल का आयोजन कर मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आने-जाने के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर सुझाव भी प्राप्त किए तथा फीडबैक फार्म भरवाकर हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया साथ ही महिलाओं को भरोसा दिलाया गया कि गोण्डा पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए उपलब्ध है साथ ही एण्टीरोमियों स्क्वायड टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को शासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में विस्तार से बताया गया।

## एसडीएम की कुर्सी पर रंजनी देवी, हिना ने संभाला तहसीलदार का काम



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कैसरगंज,बहराइच।** बुधवार को तहसील कैसरगंज में मिशन शक्ति अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने एक दिन के लिए प्रशासनिक पदों का दायित्व संभाला। कक्षा 11 की छात्रा रजनी देवी को उपजिलाधिकारी, हिना बानो को तहसीलदार और लक्ष्मी यादव को नायब तहसीलदार बनाया गया। इन छात्राओं ने तहसील सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि सरकार की मंशा है कि महिलाएं बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि महिलाएं बिना किसी रुकावट के प्रशासनिक क्षेत्र में आएं, ताकि समाज की अन्य महिलाएं भी अपनी बात कहने में संकोच न करें। इस अवसर पर तहसील सभागार कैसरगंज में लेखपाल पवन चौहान सहित तहसील के कई राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

» मिशन शक्ति फेज 5 में बालिका सशक्तिकरण के अंतर्गत बालिकाओ ने निभाया प्रशासनिक पदों का दायित्व

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में गूंजा,घटी जीएसटी

### मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार का नारा




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पयागपुर,बहराइच।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विधानसभा सम्मेलन में घटी जीएसटी, मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार" का नारा जोश के साथ गूंजा। कार्यक्रम में पयागपुर क्षेत्र के प्रमुख व्यापारी, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सम्मेलन में व्यवसायी विष्णु मित्तल और महेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी दरों में की गई कमी से व्यापारी वर्ग एवम आम जनता को काफ़ी राहत मिली है। कार्यक्रम में जीएसटी अधिवक्ता हरेंद्र प्रताप सिंह ने विस्तार से बताया कि किन वस्तुओं पर कर घटा है और इससे आम लोगों को क्या आर्थिक लाभ मिलेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसमें कुर्सी विधानसभा के विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा और पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से भाग लिया। विधायक त्रिपाठी ने अतिथि वर्मा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। सभा में घटी जीएसटी, मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार का नारा भी जोश के साथ लगाया गया। विधायक सुभाष त्रिपाठी जी ने कहा जीएसटी व्यवस्था में सुधार और कर अनुपालन बढ़ाने के प्रयासों से हमारे राज्य में व्यापारियों और आम नागरिकों दोनों को लाभ मिल रहा है। बेहतर कर प्रशासन और पारदर्शिता के कारण अनावश्यक कर भार कम हुआ है। जिससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख पयागपुर प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख हुजूरपुर अजीत प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी, पयागपुर मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, हुजूरपुर मंडल अध्यक्ष दुर्गेश सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी हरिओम रस्तोगी और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन आनंद बिहारी शुक्ल ने किया। व्यापारियों और स्थानीय जनता ने जीएसटी दरों में कमी के लिए मोदी सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

**अभियान** बलरामपुर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का आगाज़

# विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ता 'वोकल फॉर लोकल'




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** भारत अब मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया से आगे बढ़कर वेड इन इंडिया के मंत्र को आत्मसात कर रहा है। यह बातें बुधवार को तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने अटल भवन कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देखा गया 'विकसित भारत 2047' का सपना आत्मनिर्भर भारत अभियान के जरिए ही साकार हो सकता है।

विधायक शुक्ला ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक गतिविधि नहीं बल्कि यह हमारी संस्कृति,पहचान और आत्मा का हिस्सा है। आज ज़रूरत है कि हम विदेशी वस्तुओं के मोह में न पड़कर अपने देश में निर्मित उत्पादों को अपनाएं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर इस अभियान को जनांदोलन बनाएं।

प्रेस वार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने कहा कि आज विश्व में भारत के पारंपरिक ज्ञान जैसे योग, आयुर्वेद,हस्तशिल्प और लघु उद्योगों— की वैश्विक पहचान बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया,स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और लोकल फॉर वोकल जैसे अभियान आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रख रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब देशवासी स्वदेशी वस्तुओं को गर्व के साथ अपनाएंगे। उन्होंने कहा,देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का रास्ता हमारे हाथ में है। जब हर नागरिक देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करेगा,तभी सही मायनों में हम आत्मनिर्भर बनेंगे।

रवि मिश्रा ने आगे बताया कि 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' आगामी 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलाया जाएगा,जिसमें भाजपा द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस,जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अभियान का मूल उद्देश्य भारतवासियों को आर्थिक,सामाजिक और मानसिक रूप से स्वावलंबी बनाना है,ताकि भारत 2047 तक एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरे।

# जीएसटी की घटी दरों से आमजन की जेब में पहुंचे दो लाख करोड़ : असीम

## त्योहारों में बढ़ेगा खर्च, पीएम मोदी का बताया जनता के लिए तोहफा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कन्नौज।** समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कमी से आमजन को बड़ा आर्थिक लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि दरों में कमी के चलते जनता की जेब में लगभग दो लाख करोड़ रुपये बचे हैं, जिससे अब लोग खुलकर खर्च कर पा रहे हैं।

त्योहारों के मौसम को ध्यान में रखते हुए मंत्री ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनता को तोहफा बताया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि इस पर्व पर स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करें, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो। इसके तहत बोर्डिंग ग्राउंड में स्वदेशी मेले का भी आयोजन कराया गया।पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री असीम अरुण ने बताया कि प्रदेश सरकार युवाओं के कौशल विकास पर लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा, "पढ़ाई जरूरी है, सेहत जरूरी है, लेकिन सबसे जरूरी है कौशल विकास।"उन्होंने अपने पिता श्रीराम अरुण की पुण्यतिथि पर आने वाले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का आभार भी जताया। वहीं, पूर्व सांसद ब्रज भूषण सिंह के विवादित बयान से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि मुझे जानकारी नहीं, लेकिन ऐसा कहना उचित नहीं होगा।इस मौके पर जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी भी उपस्थित रहे ।



# पीसीएस परीक्षा की तैयारियां पूरी करने के डीएम ने दिए सख्त निर्देश



**कन्नौज।** लोक सेवा आयोग प्रयागराज की पीसीएस (प्रा.) एवं वन सेवा परीक्षा-2025 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बैठक कर सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।डीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा 12 अक्टूबर (रविवार) को दो पालियों में शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से कराई जाए। परीक्षा में कुल 2400 अभ्यर्थी शामिल होंगे और 6 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी में परीक्षा होगी। परीक्षार्थियों को मोबाइल, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस आदि केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा।डीएम ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर फर्नीचर, बिजली, शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे। बैठक में एसपी विनोद कुमार, एडीएम आशीष कुमार सिंह, एएसपी अजय कुमार, एसडीएम वैशाली, डीआईओएस पप्पू सरोज समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एक नजर

## मान्यवर काशीराम का परिनिर्वाण दिवस

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में मान्यवर परी निर्माण दिवस पर विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें मान्यवर काशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित कर सभा का आयोजन होगा। यह जानकारी आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रताप गौतम ने दी उन्होंने बताया की समय 11:00 बजे स्थान अन्नपूर्णा गेस्ट हाउस रामगंज में मान्यवर काशीराम का 19वां परिमाण दिवस के उपलक्ष पर आजाद समाज पार्टी की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता प्रतिभा करेंगे उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनपद के सैकड़ो ग्राम पंचायत में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया जिसमें जनसभा में पहुंचने के लिए प्रचार प्रसार किया गया है उन्होंने कार्यकर्ताओं से आवाहन करते हुए कहा कि मान्यवर काशीराम के परिवार दिवस पर सभी कार्यकर्ता प्रतिभा करके उन्हें पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करें जिला अध्यक्ष बताया कि विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की है और तैयारी संपूर्ण बुधवार को पूर्ण कर ली गई है।

## विद्यालय में शुरू हुई ग्रह अर्धवार्षिक परीक्षा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा प्रथम दिन संपन्न कराई गई परीक्षा समिति ने नकल विहीन परीक्षा कराई नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में अर्धवार्षिक परीक्षा कक्षा 6 से 12 तक शुरू हो गई प्रथम दिन कक्षा 6 से 8 तक प्रथम पारी में हिंदी का पेपर की परीक्षा कराई गई परीक्षा प्रभारी बृजेश कुमार गंगवार ने बताया कि विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता के निर्देशन में शुरू कर दी गई है 9 से लेकर 12 तक द्वितीय पाली में हिंदी का पेपर छात्राओं ने दिया उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर तक लगातार ग्रह परीक्षा का आयोजन विद्यालय में किया जा रहा है 9 अक्टूबर को प्रथम पाली में कक्षा 6 7 8 में विषय गणित की परीक्षा आयोजित की जाएगी जबकि कक्षा 9 11 में विज्ञान तथा द्वितीय पाली में कक्षा 10 में गणित गृह विज्ञान का पेपर होगा इस मौके पर राकेश सक्सेना सुनील सिंह पुष्पेंद्र कुमार सिंह डॉक्टर अमीर हम्जा करतार सिंह यादव शिव सिंह यादव विजय शंकर पाठक दुर्ग विजय रिचा सूर्यभान सिंह रामाश्रय वर्मा आलोक कुमार रमेश चंद्र आनंद राजन अवनीश पटेल शाहिद शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## जय श्रीराम के नारों के बीच धूं धूं कर जला दशानन

**कन्नौज।** शहर की दो प्राचीन रामलीलाओं में राम रावण युद्ध के दौरान जैसे ही राम ने रावण की नाभि में तीर मारा, और दशानन धराशाई हुआ तो जैसे पंडालों में जय श्री राम के नारों से आकाश गुंजायमान हो उठा। इसके बाद दशानन के पुतले आतिशबाजी के विस्फोट के साथ जल उठे।कन्नौज शहर के ग्वाल मैदान और एसबीएस कॉलेज में बीती रात रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मैदानों पर 35 फिट ऊंचे रावण के पुतले खड़े किए गए थे, इसके अलावा आसपास लंकानुमा रूप भी दिया गया था। पुतलों में आतिशबाजी भी लगाई गई थी। कार्यक्रमों में पहले राम रावण युद्ध का मंचन हुआ और उसके बाद रावण के धराशाही होने के बाद जय श्री राम के नारों के बीच दशानन के पुतलों को आग के हवाले कर दिया गया। रावण दहन का मंचन देखने को बढ़ी संख्या में जनसैलाब मौजूद दिखाई दिया। कार्यक्रम स्थलों पर आयोजित मेलों से लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मौजूद रहा।

## जूनियर व सीनियर बालिका वर्ग की व्यक्तिगत चैंपियनशिप



**हरदोई।** श्रीदेवी दयाल इंटर कॉलेज सुभान खेड़ा में चल रही तीन दिवसीय 75वीं जनपदीय विद्यालय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 44 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सब जूनियर बालक वर्ग में दुर्गा प्रसाद इंटर कॉलेज खासौरा विजेता और सेठ बाबू राम भारती इंटर कॉलेज पाली उप विजेता रहा। सब जूनियर बालिका वर्ग विजेता...श्री देवी दयाल इंटर कॉलेज सुभानखेड़ा विजेता और जनता इंटर कॉलेज भरावन उप विजेता रहा। जूनियर बालक वर्ग में कोटपाल इंटर कॉलेज अटियॉं मझिगॉंवा विजेता और बीएनइंटर कॉलेज भगवंतनगर मल्लावां उप विजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग में बीएन इंटर कॉलेज भगवंतनगर मल्लावां विजेता और श्री देवी दयाल इंटर कॉलेज सुभानखेड़ा उप विजेता रहा। सीनियर बालक वर्ग में श्री देवी दयाल इंटर कॉलेज सुभानखेड़ा विजेता और भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज संडीला उप विजेता रहा। सीनियर बालिका वर्ग में बीएन इंटर कॉलेज भगवंतनगर मल्लावां विजेता और अम्बिका बक्श इंटर कॉलेज पंडारवकिला उप विजेता रहा। बालक वर्ग कोटपाल इंटर कॉलेज अटियॉं मझिगॉंवा और बालिका वर्ग बी0एन0इंटर कॉलेज भगवंतनगर मल्लावां ने चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। जूनियर बालिका वर्ग की व्यक्तिगत चैंपियनशिप पर बीएन इंटर कॉलेज भगवंतनगर मल्लावां यशी सिंह ने कब्जा किया। सीनियर बालिका वर्ग की व्यक्तिगत चैंपियनशिप पर बीएन इंटर कॉलेज भगवंतनगर मल्लावां शीतल देवी ने कब्जा किया। कोटपाल इंटर कॉलेज अटिया मझिगवां ने ऑल ओवरआल चैंपियनशिप में प्रथम और बी एन इंटर कॉलेज भगवंतनगर मल्लावां ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

## चित्र कला पोस्टर प्रतियोगिता में विनीत रहे अव्वल



**हरदोई।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आडिटोरियम में सड़क सुरक्षा जागरूकता के अन्तर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आरम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 निखिलेश शरण ने सड़क सुरक्षा शपथ के माध्यम से किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि सड़कों पर छात्र-छात्राओं को सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि सामान्य लापरवाही दुर्घटना का कारण बन जाती है। प्राचार्य ने बताया कि जिले में दुर्घटनाओं की दर सामान्य से अधिक है इसलिए यह आवश्यक है कि सड़कों पर सतर्कता रखी जाये और दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल राहत पहुंचायी जाये। उन्होंने कहा कि सड़कों पर दुर्घटना की परिस्थिति में हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि घायल व्यक्ति को गोल्डेन आवर के भीतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जाये। महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता का थीम सड़कों पर लापरवाही, दुर्घटना को दावत रखा गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 सुरेन्द्र प्रताप एवं सदस्य डॉ0 सुधीर कुमार ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 28 छात्र-छात्राएं शामिल हुये। चित्रकला पोस्टर का मूल्यांकन महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 दिलीप कौर एवं नमिता त्रिपाठी ने किया। प्रतियोगिता में विनीत अवस्थी प्रथम, कौशिकी गुप्ता दूसरे और निकिता रावत तीसरे स्थान पर रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए महाविद्यालय के समाहारक डॉ0 अजित आनन्दमणि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हैं तथा जागरूकता छात्र-छात्राओं से जन सामान्य में पहुँचती है।

## योजना ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करायें

**हरदोई।** जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में आहूत की गयी। बैठक में डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह को निर्देश दिये कि शासन के निर्देशानुसार जन योजना अभियान का आयोजन ग्रामों में कराये तथा कराये कार्यक्रमों आदि को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करायें। उन्होंने कहा कि वार्षिक कार्य योजना के स्थानीयकरण की दिशा में 09 विषयगत दृष्टिगत थीम गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव,बाल हितैषी गांव,पर्याप्त जल युक्त गांव,स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्म निर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव,सुशासन युक्त गांव तथा महिला हितैषी गांव पर आधारित कार्य योजना ग्राम स्तरीय कार्मिकों की उपस्थिति में जन सहभागिता का सहयोग लेकर 31 अक्टूबर तक तैयार कराकर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार,सीबीओ अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकान्त सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# विधान परिषद निर्वाचन हेतु शिक्षकों ने किया अभियान तेज

» मतदाता बनाने के लिए संगठन ने कमर कसी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गुरसहायगंज कन्नौज।** शिक्षक क्षेत्र से विधान परिषद निर्वाचन हेतु शिक्षकों को मतदाता बनाने के लिए शिक्षक संगठन ने अभियान तेज कर दिया है उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ने शिक्षकों को मतदाता बनाने आवेदन पत्र देकर टिप्स दिए।

बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामानंद द्विवेदी ने भारतीय इंटर कॉलेज मतौली स्वामी बेधड़क हायर सेकेंडरी स्कूल नादासिया मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज गुरसहायगंज स्वामी एकरसानंद इंटर कॉलेज तेराजकेट महर्षि निशंक इंटर कॉलेज नवादा चौधरी रसाल सिंह इंटर कॉलेज नौली महोली रामाश्रम हायर सेकेंडरी स्कूल एवं भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर के शिक्षकों से संपर्क कर उन्हें मतदाता आवेदन पत्र उपलब्ध करा कर उन्हें आवेदन पत्र भरकर शीघ्र ही मतदान केदो पर जमा करने के लिए अपील की।

उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्य से आह्वान किया कि जितने आवेदन पत्र शिक्षकों के प्राप्त हो जाएं उन पर अपनी सिलवासाक्षर करके और सूची बनाएं सूची और आवेदन पत्र संबंधित नगर पालिका कार्यालय में प्राप्त कारण जिससे कि शिक्षकों के विधान परिषद निर्वाचन हेतु मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किया जा सके उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक व्यक्तिगत लगाओ के साथ आवेदन पत्र भरकर कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें जिससे कि समय से कार्रवाई पूर्ण की जा सके इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह बीके मिश्रा विजय शंकर पाठक पुष्पेंद्र कुमार सिंह डॉक्टर अमीर हम्ज़ा आलोक कुमार प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता दुर्ग विजय सूर्यभान सिंह शिक्षक मौजूद रहे।

## गोली चलने का वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव गौसपुर में मंगलवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने फायरिंग कर दी, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। गांव निवासी सद्दाम हुसैन पुत्र स्व. मुकील हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब चार वर्ष पूर्व मुंबई में उसके बड़े भाई शकील व सलमान पर गांव के मान, अरशद, वसीम, शादाब आदि ने जानलेवा हमला किया था, जिसकी रिपोर्ट मुंबई में दर्ज है। सद्दाम ने बताया कि मंगलवार शाम करीब चार बजे उसका भाई सलमान गांव में मिस्त्री बुलाने गया था। तभी मान, अरशद, वसीम, सलमान उर्फ गोगा, दिलशाद उर्फ शिवलू, महराज , बसर के अलावा 7-8 अज्ञात लोगों ने रास्ते में रोक लिया। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मुकदमे में समझौता करने का दबाव डाला। जब सलमान ने मना किया तो अरशद ने अवैध असलहे से फायर कर दिया।

# नगर में भ्रमण करेगी भव्य श्री राम बारात

» 91 झांकियां बारात की बढ़ाएंगी शोभा

» समिति के पदाधिकारी ने की तैयारियां पूर्ण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नवनिर्मित आदर्श रामलीला समिति तिर्वा रोड के तत्वाधान में भव्य श्री राम बारात का भ्रमण गुरुवार की देर शाम भगवान श्री राम लक्ष्मण के पूजन के बाद शुरू होगा। यह जानकारी नवनिर्मित आदर्श रामलीला समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता ने दी उन्होंने बताया कि रामलीला महोत्सव 42वां कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें गुरुवार देर ब्रह्मदेव मंदिर से शुभारंभ किया जाएगा उन्होंने बताया आगरा मेरठ एटा फिरोजाबाद बिजनौर मैनपुरी संभल बदायूं कासगंज दिल्ली पानीपत नासिक बिलारी बदायूं हरियाणा हरदोई जेवर से आई झांकियां के साथ पूरे नगर में भ्रमण होगा कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व खनन मंत्री विधायक अर्चना पांडे द्वारा किया जाएगा इस मौके पर निर्देशक रामकुमार पाठक उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता महामंत्री नीरज मिश्रा कोषाध्यक्ष राकेश कौशल रवि गुप्ता संतोष गुप्ता कैलाश गुप्ता पीयूष चतुर्वेदी नाथूराम राजपूत मटरू गुप्ता गंगा चरण मनोज गुप्ता शहीद कई पदाधिकारी मौजूद रहे बुधवार को पूरे दिन पदाधिकारी ने भव्य राम बारात के आयोजन को लेकर बैठक कल की और कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया।

# कस्तूरबा विद्यालय के निरीक्षण में डीएम जिलाधिकारी को मिली कमियां

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** कमालगंज ब्लाक के गांव बीबीपुर में बने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पंजीकृत 100 छात्राओं के सापेक्ष केवल 21 छात्राएं उपस्थित मिलीं,इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि छात्राओं की उपस्थित बड़ाई जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में बने रसोईघर व भोजन राशन सामिग्री की जाँच की गई, विद्यालय में साफ-सफाई का अभाव पाया गया पंखों पर धूल व जाला लगा पाया गया, बेड पर बिछी चादरे गंदी पाई गई, जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई व सुधार करने के निर्देश दिये गये, बी0एस0ए0 को निर्देशित किया कि नियमित रूप से खाने की गुणवत्ता की जांच की जाए और छात्राओं को पौष्टिक भोजन मिले। विद्यालय में बिजली व्यवस्था भी ठीक नहीं पाई गई, जिस पर सुधार के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, विद्यालय में फॉगिंग कराने,अनुशासन बनाए रखने और परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आचार संहिता व कोविड-19 प्रोटोकॉल उल्लंघन के मुकदमे में पूर्व विधायक हुए दोषमुक्त

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लगभग साढ़े तीन वर्ष पूर्व पुलिस द्वारा दर्ज कराए गए आचार संहिता एवं कोविड-19 प्रोटोकॉल उल्लंघन के मुकदमे में विशेष मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा पूर्व विधायक सहित दस लोगों को दोष मुक्त कर दिया गया। 25 जनवरी सन 2022 को गुरसहायगंज पुलिस द्वारा पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी सहित 10 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था।



पूर्व विधायक पर आरोप था कि उनके आवास पर आचार संहिता के दौरान भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे और बिना परमिशन के एक सभा का आयोजन किया गया था तथा कोविड-19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ था। पुलिस द्वारा विवेचना कर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी सहित 10 लोगों के विरुद्ध 6 सितंबर सन 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। न्यायालय द्वारा कार्यवाही शुरू की गई अभियोजन पक्ष ने पांच गवाहों को परीक्षित कराया वहीं उपरोक्त मुकदमे में बचाव पक्ष की तरफ से एडवोकेट शराफत हुसैन उपस्थित हुए जिन्होंने गवाहों से तर्कसंगत सवालात किये। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शराफत हुसैन ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत गवाहों द्वारा अभियुक्तगणों के विरुद्ध कोई विश्वस्नीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाया गया।

इसके अलावा घटना को साबित करने के लिए कोई स्वतंत्र साक्षी भी न्यायालय में पेश नहीं किया गया। इन्हीं तमाम दलीलों पर ध्यान देते हुए न्यायालय विशेष एमपी एमएलए, अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन ने पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी सहित 10 लोगों को उपरोक्त मुकदमे में दोषमुक्त का फैसला सुनाया। जानकारी मिलते ही पूर्व नगर गुरसहायगंज सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सपा कार्यकर्ताओं एवं विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और समर्थकों नें एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

## प्राइवेट खरीद को समर्थन दे रहे सरकारी केंद्रों के अफसर

**हरदोई।** शाहाबाद स्थानीय नवीन गल्ला मंडी शाहाबाद में डीएम की ओर से पहली अक्टूबर से 8 केन्द्रों के माध्यम से किसानों का धान खरीदने के लिए निर्देश दिए थे।लेकिन डीएम के निर्देशों का अफसरों ने दर किनार कर अभी तक किसी भी किसान का धान नहीं खरीदा। या यूं कहा जाय कि अभी तक सरकारी सिस्टम भ्रष्टाचार करने की वजह तलाशने में लगा हुआ है।किसानों का धान 14 सौ से 16 सौ के बीच खरीदा जा रहा है।सरकारी खरीद अभी तक शून्य बताई गई है।बुधवार को कुछ किसान अपना धान का नमूना लेकर वहां पर पहुंचे तो सरकारी केंद्रों के अफसरो ने टरका दिया। जबकि प्राइवेट व्यापारी मनमाने तरीके और कम कीमत पर उनका धान खरीदते हैं। किसान मजबूर होकर अपना धान बेचने को तैयार होता है।किसानों ने स्थानीय अफसरों के खिलाफ कार्यवाही कर धान क्रय केंद्र तत्काल चालू कराए जाने की मांग की है।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

» युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के सहयोग से सम्पन्न



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कन्नौज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत (माय भारत) अभियान के तहत कन्नौज पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन, जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी, विद्यालय प्रबंधक प्रदीप कुमार तिवारी, जिला परियोजना अधिकारी अजय त्रिपाठी, यूनिटी क्लब अध्यक्ष शिवांग श्रीवास्तव एवं प्रो. डॉ. अमित सचान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।जिला क्रीड़ा अधिकारी ने खिलाड़ियों को खेलो इंडिया कार्यक्रम से जुड़ने और अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। वहीं जिला युवा अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित किया जाएगा। प्रतियोगिता में छह खेलों 400 मीटर दौड़ (महिला/पुरुष), लंबी कूद, वॉलीबॉल, कबड्डी और स्लो साइक्लिंग का आयोजन हुआ।

कबड्डी में कन्नौज स्पोर्ट्स टीम, वॉलीबॉल में भारतीय इंटर कॉलेज टीम विजेता रहीं। विजेताओं को मेडल, मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाति दुबे ने सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन में राजेंद्र कुमार, सुमित कुमार, चक्रेश पांडे, अभिनव और विनय कुशवाहा का विशेष सहयोग रहा।

# खाद्य-माप विभाग की मनमानी पर व्यापारियों में गुस्सा

» मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कन्नौज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के निर्देश पर जनपदीय संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार और एएसपी अजय कुमार से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि छिबरामऊ, सौरिख, गुरसहायगंज, तालग्राम, तिवा, ठाठया, मानामऊ, जसोदा, जलालपुर पनवारा, सरायमीरा और मकरंद नगर के किराना, परचून, मिठाई, बेकरी सहित खाद्य विक्रेताओं से सेम्पलिंग का भय दिखाकर दीपावली सीजन में अवैध मासिक-वार्षिक वसूली की जा रही है। साथ ही कांटा-बांट माप विभाग के अधिकारी और ठेकेदार सरकारी शुल्क से 20-25 गुना अधिक राशि वसूल रहे हैं, वहीं जीएसटी, विद्युत और अन्य विभागों में भी खुली लूट की शिकायत की गई।प्रतिनिधिमंडल ने बड़े नौकरशाहों की बेनामी संपत्ति की जांच और कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अनिल कुमार गुप्ता (प्रदेश मंत्री एवं जिलाध्यक्ष) ने किया। अन्य सदस्य रहे नरेश चंद्र वर्मा, रामानंद वर्मा, दिलीप गुप्ता, चन्द्र प्रकाश वर्मा सहित कई वरिष्ठ व्यापारिक नेता।

**सराहनीय** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा किए गए प्रदेश स्तरीय एसेसमेंट के आधार पर विद्यालय को ए प्लस प्लस श्रेणी में किया शामिल

# शिक्षण के क्षेत्र में तिर्वा के सरस्वती विद्या मंदिर को मिला प्रदेश में पहला स्थान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तिर्वा (कन्नौज)।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा ने शिक्षण के क्षेत्र में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। साथ ही जनपद में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में भी पहला स्थान हासिल किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य की जनपद के प्रबंधक प्रधानाचार्य और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने सराहना करते हुए बधाई दी है। विद्यालय के अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष 2025 में माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा किए गए प्रदेश स्तरीय एसेसमेंट के आधार पर विद्यालय को ए प्लस प्लस (A++)ग्रेड व प्रदेश में हुए 27917विद्यालयों में व जनपद कन्नौज के 349 विद्यालयो के सर्वे में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा को प्रदेश व जिले में पहला स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के एसेसमेंट के आधार पर



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व विद्यालय में छात्रों के लिए उपलब्ध अत्याधुनिक संसाधनों से सज्जित प्रयोगशालायें,शिक्षण क्रियाकलाप, डिजिटल स्मार्ट क्लासेस और निरंतर प्रदेश स्तर की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की मेरिट में छात्रों का स्थान व इस वर्ष 2024 की इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अनुराधा राजपूत ने 476/500 95.20%अंक लाकर प्रदेश में 9वाँ स्थान प्राप्त किया व जनपद स्तरीय मेधावी मेरिट सूची में क्रमशः 2,3,4,6,7,8,9,10 कुल 9 स्थान प्राप्त कर नया कीर्ति मान स्थापित किया। सत्र 2024 हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में हरेंद्र सिंह ने 577/600 96.17% अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिछले वर्ष वर्ष 2023की इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में पीयूष तोमर ने 484/50096.8%अंक लाकर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया व प्रदेश स्तरीय मेधावी मेरिट सूची में क्रमशः 4,6,7,8,9,10 कुल 9 स्थान प्राप्त कर नया कीर्ति मान स्थापित किया। सत्र 2023हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में दिव्य सिंह 582/600 97% अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया ।



2022 की हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के छात्र अनिकेत शर्मा ने 97.33% अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर मेधावी मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया था इन सभी आधारों पर किए गए सर्वे में विद्यालय को राज्य स्तर पर पहला स्थान व 7 स्टार में 7 स्टार प्रदान किया गया है। विद्यालय को जनपद स्तर पर माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रथम स्थान प्रदान किया गया है।विद्यालय परिवार में इस कीर्तिमान पर हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा व प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी व प्रबंध संचालक सुनील चतुर्वेदी जी ने इसका श्रेय सभी आचार्य बंधुओं को व प्रधानाचार्य के कुशल दिशा निर्देशन व मार्गदर्शन को दिया और सभी को इस कीर्तिमान के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## प्रधानाचार्य को शिक्षक दिवस पर सीएम ने किया था सम्मानित



**कन्नौज।** विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रदेश मुख्यालय पर शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा को प्रमाण पत्र और प्रशास्त्र पत्र देकर सम्मानित किया गया था इस कार्यक्रम में मंत्री संदीप कुमार वर्मा सहित प्रदेश के शिक्षा जगत के अधिकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे थे जनपद के प्रधानाचार्य प्रबंधकों और समाजसेवियों ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा ने सर्वोच्च प्रदर्शन करके शिक्षा जगत में अपना मुकाम हासिल किया है इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने अपना एक स्थान बनाया है उन्होंने प्रधानाचार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक समाज समाज के सच्चे दर्पण कहलाते हैंजिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा ने प्रदेश में 7 स्टार रैकिंग प्राप्त की है माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रदेश स्तरीय एसेसमेंट मे विद्यालय को ए डबल प्लस ग्रेड मिला है विद्यालय जनपद में ही नहीं बल्कि प्रदेश में अग्रिम संस्थान के रूप में विद्यालय उभर कर आया है।

## एक नजर

### पृथ्वी शॉ की गेंदबाज को बल्ले से मारने की कोशिश

15 अक्टूबर से रणजी ट्रॉफी के आगामी सीजन की शुरुआत होने वाली है। इस सीजन के शुरू होने से पहले मुंबई और महाराष्ट्र के बीच तीन दिनों का प्रैक्टिस मैच पुणे में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के स्टेडियम में खेला जा रहा है। पृथ्वी शॉ मुंबई को छोड़ कर महाराष्ट्र से खेल रहे हैं। शॉ का इस मैच में अपनी पुरानी टीम मुंबई के खिलाड़ियों के साथ नोकझोंक हुई। यह घटना तब हुई जब शॉ ने मुंबई के खिलाफ शानदार शतक (181 रन) जड़ा और इसके बाद मुंबई के स्पिनर मुशीर खान के साथ उनकी तीखी बहस हो गई।

### इंडिया अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराया



इंडिया अंडर-19 ने दूसरे यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया टीम पहली पारी में 135 रन पर ऑल आउट हो गई। जबकि भारतीय टीम ने 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम 36 रनों की बढ़त हासिल करने में सफल रही। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया 116 रन ही बना सकी। जीत के लिए 81 रनों का लक्ष्य मिला। जिसे महज 12.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। वेदांत त्रिवेदी 33 और राहुल कुमार 13 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह दूसरा यूथ टेस्ट 2 दिन के भीतर खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया को 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा जबकि भारतीय टीम ने लगातार 5वीं जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे का समापन किया। इससे पहले भारतीय टीम ने 3 मैचों की ODI सीरीज 3-0 से अपने नाम की थी।

### अखबार का दावा- कमिंस-हेड को 58 करोड़ ऑफर हुए थे

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के स्टार पैट कमिंस और ट्रेविस को दुनिया भर की टी-20 फ्रेंचाइजी लीगों में खेलने के लिए लगभग $10 मिलियन (लगभग 58 करोड़ रूपए) का ऑफर मिला, लेकिन दोनों ने इसे ठुकरा दिया। यह ऑफर IPL की एक टीम ग्रुप की तरफ से अनौपचारिक रूप से दिया था। इसका खुलासा ऑस्ट्रेलियाई अखबार सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार यह घटना उस समय सामने आई जब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अन्य अधिकारियों ने बिग बैश लीग को निजी निवेश के जरिए मजबूत बनाने पर चर्चा कर रहे हैं। इस साल IPL में, कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 18 करोड़ में खरीदा था, जबकि हेड को 14 करोड़ रूपए में शामिल किया था। इसके बावजूद, ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रिकेटरों को राष्ट्रीय अनुबंधों से सालाना लगभग 1.5 मिलियन डॉलर (लगभग 12.5 करोड़ रूपए) मिलते हैं। कमिंस, जो ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान हैं, को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से कुल मिलाकर लगभग 3 मिलियन डॉलर (लगभग 25 करोड़ रूपए) की आय होती है।

# ICC रैंकिंग जारी-बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज सिराज 12वें स्थान पर

## कुलदीप ने 7 स्थान की छलांग लगाई, बैटर्स में जायसवाल को नुकसान





**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ICC ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। टेस्ट बॉलर्स की रैंकिंग में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे भारतीय गेंदबाजों को फायदा हुआ है, जबकि जसप्रीत बुमराह ने अपनी टॉप पोजिशन कायम रखी है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 7 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज करियर बेस्ट 12वीं रैंक पर आ गए हैं। उनके 718 रेटिंग पॉइंट्स हैं। स्पिनर कुलदीप यादव को 7 स्थान का फायदा हुआ है। वे 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 21वें स्थान पर हैं।

**जायसवाल को नुकसान, राहुल को 4 स्थान का फायदा**

भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को बैटर्स की रैंकिंग में 2 पायदान का नुकसान हुआ है। वे 779 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 7वें स्थान पर आ गए हैं। जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेली गई इकलौती पारी में 36 रन ही बना सके थे।

एक अन्य भारतीय ओपनर केएल राहुल को 4 स्थानों का फायदा हुआ है। वे 606 अंक के साथ 35वें स्थन पर आ गए हैं। राहुल ने कैरेबियाई टीम के खिलाफ 100 रन की शतकीय पारी खेली थी। नाबाद 104 रन की पारी खेलने वाले रवींद्र जडेजा 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 25वें स्थान पर आ गए हैं। उन्हें 6 पायदान का फायदा हुआ है। यह जडेजा की करियर बेस्ट रैंकिंग है। इस सूची में भारतीय कप्तान शुभमन गिल 13वें स्थान पर यथावत हैं।

**राशिद खान टी-20 के नंबर-2 गेंदबाज, वरुण टॉप पर**

अफगानिस्तानी स्पिनर राशिद खान को टी-20 बॉलर्स की रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। वे 6 स्थानों की छलांग के साथ नंबर-2 पर आ गए हैं। राशिद के 710 रेटिंग पॉइंट्स हैं। वे वरुण चक्रवर्ती से पीछे हैं। भारतीय स्पिनर वरुण चकवर्ती 803 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर कायम हैं। इस सूची में भी कुलदीप यादव को फायदा हुआ है और वे 11वें स्थान पर आ गए हैं। कुलदीप के 648 रेटिंग पॉइंट्स हैं।

टेस्ट रैंकिंग

**टॉप-10 बल्लेबाज**

| रैंक | देश | खिलाड़ी | अधिकतम रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | इंग्लैंड | जो रूट | 908 |
| 2 | इंग्लैंड | हैरी ब्रूक | 868 |
| 3 | न्यूजीलैंड | केन विलियमसन | 850 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | स्टीव स्मिथ | 816 |
| 5 | साउथ अफ्रीका | टेम्बा बावुमा | 790 |
| 6 | श्रीलंका | कामिंदु मेंडिस | 781 |
| 7 | भारत | यशस्वी जायसवाल | 779 |
| 8 | भारत | ऋषभ पंत | 761 |
| 9 | न्यूजीलैंड | डैरिल मिचेल | 748 |
| 10 | इंग्लैंड | बेन डकेट | 747 |

टेस्ट रैंकिंग

**टॉप-10 बॉलर्स**

| रैंक | देश | खिलाड़ी | अधिकतम रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत | जसप्रीत बुमराह | 885 |
| 2 | साउथ अफ्रीका | कगिसो रबाडा | 851 |
| 3 | न्यूजीलैंड | मैट हेनरी | 846 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | पैट कमिंस | 838 |
| 5 | ऑस्ट्रेलिया | जोश हेजलवुड | 815 |
| 6 | पाकिस्तान | नोमान अली | 806 |
| 7 | ऑस्ट्रेलिया | स्कॉट बोलैंड | 784 |
| 8 | ऑस्ट्रेलिया | नाथन लायन | 769 |
| 9 | साउथ अफ्रीका | मार्को यानसन | 767 |
| 10 | ऑस्ट्रेलिया | मिचेल स्टार्क | 766 |

ICC रैंकिंग

**भारत के टॉप-5 टेस्ट बैटर्स**

| रैंक | खिलाड़ी | पॉइंट्स |
|---|---|---|
| 7 | यशस्वी जायसवाल | 779 |
| 8 | ऋषभ पंत | 761 |
| 13 | शुभमन गिल | 722 |
| 25 | रवींद्र जडेजा | 644 |
| 35 | केएल राहुल | 606 |


ICC रैंकिंग

**भारत के टॉप-5 टेस्ट बॉलर्स**

| रैंक | खिलाड़ी | पॉइंट्स |
|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | 885 |
| 12 | मोहम्मद सिराज | 718 |
| 17 | रवींद्र जडेजा | 649 |
| 21 | कुलदीप यादव | 644 |
| 47 | वॉशिंगटन सुंदर | 425 |

# रेसलर अमन सहरावत एक साल के लिए बैन

## वर्ल्ड चैंपियनशिप में वजन ज्यादा निकला था पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीता था



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रेसलर अमन सहरावत पर एक साल का बैन लगाया गया है। पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले प्लेयर पर फेडरेशन ऑफ इंडिया ने प्रतिबंध लगाया है। अमन पर बैन सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में ओवरवेट होने के कारण लगा है। 22 साल के अमन क्रोएशिया में 13 से 21 सितंबर के बीच हुई सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में भारत की ओर से उतरने वाले थे। लेकिन उनका वजन 1.7 किलोग्राम ज्यादा था। इस कारण उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया था।

WFI अमन के जवाब से नाखुश

रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (WFI) ने 23 सितंबर को अमन को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। साथ ही 29 सितंबर तक जवाब भी मांगा था। अमन ने अपना जवाब दिया, लेकिन फेडरेशन की अनुशासन समिति ने उसे असंतोषजनक माना। इसके बाद फेडरेशन ने एक साल का प्रतिबंध लगाने का फैसला किया।

इसके अलावा, अमन के मुख्य कोच जगमंदर सिंह और उनके कोचिंग स्टाफ के अन्य तीन सदस्यों, विनोद, वीरेंद्र और नरेंद्र से भी वजन प्रबंधन की निगरानी में गलती हुई थी। फेडरेशन का कहना है कि कोचिंग स्टाफ ने भी खिलाड़ी के वजन की निगरानी में लापरवाही बरती थी।

WFI ने कहा कि अमन जैसे ओलिंपिक मेडल विजेता से प्रोफेशनलिज्म और अनुशासन की उम्मीद की जाती है। वजन नाप में असफल होना खेल के अनुशासन और तैयारी की कमी को दिखाता है।

वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में भारत को केवल एक मेडल मिला

इस वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत की ओर से सिर्फ अंतिम पंघाल को पदक मिला। उन्होंने महिलाओं की 53 किग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज जीता।

# डेल टेक्नोलॉजीज़ ने भारत में छोटे और मध्यम व्यवसायों के लिए नए 'डेल प्रो एसेंशियल' लैपटॉप पेश किए

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बैंगलुरु।** डेल टेक्नोलॉजीज़ ने भारत में छोटे और मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए "डेल प्रो 14 एसेंशियल" और "डेल प्रो 15 एसेंशियल" लैपटॉप लॉन्च किए हैं। इन लैपटॉप्स का शुरुआती मूल्य 31,999 रखा गया है। ये किफायती, टिकाऊ और व्यवसायिक जरूरतों के अनुरूप आधुनिक समाधान प्रदान करते हैं, जो एसएमबी को सुरक्षित और अधिक उत्पादक बनाते हैं।

नए डेल प्रो एसेंशियल लैपटॉप्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे आईटी मैनेजमेंट को आसान बनाते हुए व्यवसायों को बेहतर परफॉर्मेंस, सुरक्षा और विश्वसनीयता प्रदान करें। इनमें "डेल मैनेजमेंट पोर्टल" के माध्यम से क्लाउड-बेस्ड फ्लीट मैनेजमेंट और "माइक्रोसॉफ्ट इनट्यून" इंटीग्रेशन जैसी



उन्नत सुविधाएं दी गई हैं। सुरक्षा के लिए "हार्डवेयर टीपीएम 2.0", "फिंगरप्रिंट रीडर", "प्राइवेसी शटर" और "लॉक स्लॉट" जैसी विशेषताएं शामिल हैं, जो डेटा और डिवाइस दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं।

इन लैपटॉप्स में 2.5K डिस्प्ले और 16:10 आस्पेक्ट रेशियो दिया गया है, जिससे दस्तावेज़ों, प्रेजेंटेशन और वीडियो कॉल्स के दौरान अधिक स्पष्टता और सटीकता मिलती है। एचडी वेबकैम और डिजिटल माइक्रोफोन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अनुभव को और बेहतर बनाया गया है।

डेल के अनुसार, इन उपकरणों को दैनिक व्यावसायिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मिलिट्री-ग्रेड मानकों पर परीक्षण किया गया है। पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए, डिवाइसों में रिसायकल्ड एल्युमीनियम, स्टील और बायोबेस्ड प्लास्टिक का उपयोग किया गया है। ये "EPEAT Silver Climate+" और "Energy Star" सर्टिफिकेशन के साथ आते हैं।

डेल टेक्नोलॉजीज़ इंडिया के सीनियर डायरेक्टर एवं जनरल मैनेजर, इंद्रजीत बेलगुंडी ने कहा, "भारत के एसएमबी तेजी से डिजिटल रूपांतरित हो रहे हैं। डेल प्रो एसेंशियल लैपटॉप उन्हें किफायती, सुरक्षित और कुशल समाधान प्रदान करेंगे, जो उनके विकास में सहायक होंगे।"

# सोना 1.21 लाख पार, लगातार तीसरे दिन कीमत बढ़ी : 45,637 महंगा हुआ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम आज फिर (8 अक्टूबर) ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,858 रुपए बढ़कर 1,21,799 रुपए पर पहुंच गए हैं। इससे पहले मंगलवार को ये 1,19,941 रुपए पर था।

वहीं, चांदी 2,342 रुपए महंगी होकर 1,50,783 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। कल ये 1,48,441 रुपए पर थी। इस साल सोना 45,637 और चांदी 64,766 महंगी हुई

इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 45,637 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,21,799 रुपए हो गया है।

चांदी का भाव भी इस दौरान 64,766 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,50,783 रुपए प्रति किलो हो गई है।



1.55 लाख रुपए तक जा सकता है सोना-गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा।

# सितंबर में वेज थाली की कीमत 10% घटी :नॉनवेज थाली भी 6% सस्ती हुई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत सितंबर में (सालाना आधार पर) 10% घटकर 28.17 रुपए हो गई है। पिछले साल सितंबर-2024 में वेज थाली की कीमत 31.30 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी है। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट (RRR) रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत अगस्त की तुलना में सितंबर में 3% घटी है। अगस्त में वेज थाली की कीमत 29.1 रुपए थी।

**नॉन-वेज थाली भी 6% सस्ती हुई**

वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत सितंबर में सालाना आधार पर 6% घटकर 56 रुपए हो गई है। पिछले साल सितंबर-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 59.30 रुपए थी।



मंथली बेसिस पर यानी अगस्त की तुलना में सितंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत 3% बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 54.60 रुपए थी।

**आलू, प्याज और टमाटर सस्ते होने से वेज थाली के दाम घटे**

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। प्याज की कीमत 46% घटी है। इसका कारण रबी की फसल की अच्छी आवक और बाजार में बढ़ती उपलब्धता रही। वहीं आलू के दाम 31% कम हुए हैं क्योंकि कोल्ड स्टोरेज यूनिट्स से बड़े पैमाने पर स्टॉक जारी किया गया है।

टमाटर की कीमतों में भी अच्छी सप्लाई के कारण 8% की कमी आई है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24% हिस्सेदारी होती है। इसके अलावा दालों की कीमत में भी 16% की गिरावट रही। हालांकि सालाना आधार पर वेजिटेबल ऑयल की कीमत 21% और LPG सिलेंडर की कीमत 6% बढ़ी है, नहीं तो वेज थाली और भी सस्ती हो सकती थी।

नॉनवेज थाली की लागत में गिरावट की रफ्तार धीमी रही। इसका कारण सालाना आधार पर ब्रॉयलर्स यानी चिकन की कीमत सिर्फ 1% कम होना है। इस साल चिकन के उत्पादन में कमी और आपूर्ति की दिक्कतें रहीं हैं।

# अरबाज खान की बेटी की पहली झलक आई सामने

## अपनी नन्हीं परी को सीने से लगाए नजर आए एक्टर, कैमरों से बचती दिखीं पत्नी शूरा खान



अरबाज खान और उनकी पत्नी शूरा खान हाल ही में एक बच्ची के पेरेंट्स बने हैं। शूरा ने 5 अक्टूबर को बेटी को जन्म दिया है। डिलीवरी के तीन दिन बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इस दौरान अरबाज अपनी बेटी को गोद में लिए नजर आए। इंस्टाग्राम पर एक पैपराजी अकाउंट द्वारा शेयर किए गए वीडियो में, अरबाज काले रंग की शर्ट पहन नजर आ रहे हैं। उनकी गोद में कपड़ों में लिपटी उनकी बेटी भी देखी जा सकती है। गाड़ी में बैठने से पहले एक्टर ने वहां मौजूद पैपराजी को स्माइल करते हुए इशारों में शुक्रिया कहा। वहीं, शूरा पैपराजी से बचती दिखीं। वो अरबाज के पीछे तेजी से गाड़ी की तरफ बढ़ जाती हैं। शूरा लोअर-टीशर्ट में कैप और मास्क लगाए नजर आ रही हैं। बता दें शूरा खान को शनिवार को डिलीवरी के लिए मुंबई के पी.डी. हिंदुजा अस्पताल में एडमिट किया गया था। इस दौरान अरबाज पत्नी के साथ मौजूद थे। डिलीवरी के चलते परिवार के कुछ सदस्य भी अस्पताल पहुंचे थे। शूरा की मां, सोहेल खान और अरबाज के बेटे अरहान अस्पताल के बाहर देखे गए थे। इसके पहले 29 सितंबर को अरबाज और शूरा ने बेबी शावर का ग्रैंड सेलिब्रेशन होस्ट किया गया था। इसमें करीबी परिवार और दोस्त शामिल हुए थे। सलमान खान भी इस खुशी के मौके पर पहुंचे थे।





# हिजाब पहनने पर दीपिका पादुकोण हुईं ट्रोल

## नए एड में पति रणवीर सिंह के साथ आईं नजर, बचाव में उतरे एक्ट्रेस के फैंस

दीपिका पादुकोण पिछले कुछ समय से लगातार विवादों में हैं। अब एक्ट्रेस का एक नया एड आया है, जिसकी वजह से उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। दीपिका ने पति रणवीर सिंह के साथ अबू धाबी टूरिज्म के लिए एक नया एड शूट किया है। इस एड में एक्ट्रेस हिजाब में नजर आ रही हैं। वहीं रणवीर शेरवानी लुक में दिख रहे हैं। दोनों को अबू धाबी टूरिज्म का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। इस एड के जरिए दोनों वहां के इतिहास और विरासत को दिख रहा हैं। एड को दीपिका ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- 'मेरा सुकून।' हालांकि, इस एड की वजह से वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। दीपिका को हिजाब में देखकर कुछ यूजर्स नाराज नजर हैं। एक यूजर ने दीपिका पर तंज कसते हुए लिखा- 'भाई साहब मैडम को याद आ गया कि वो कौन थीं।' एक यूजर ने दीपिका के जेएनयू जाने की बात का जिक्र करते हुए लिखा- 'जब कुछ टेरिस्ट आजादी-आजादी चिल्ला रहे थे, तब आप भी वहां थीं। देश सब कुछ याद रखता है।' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'कभी अपने देश के मंदिर के लिए आपने ये सब नहीं किया। अबू धाबी में हिजाब पहन रही हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'रणवीर खान और दीपिका बेगम पैसों के लिए कुछ भी कर सकते हैं। शुक्र है कि कल्कि के कास्ट से उन्हें हटा दिया गया।' एक्ट्रेस की ट्रोलिंग पर उनके फैंस खुलकर उनके समर्थन में आ गए हैं। दीपिका के फैंस उनके सपोर्ट में लिख रहे हैं कि एड में दोनों की केमिस्ट्री कमाल की है। दोनों साथ में काफी अच्छे लग रहे हैं। साथ ही वो ट्रोलर्स को ये भी बता रहे कि दोनों पति-पत्नी देश के मंदिरों में भी जाते हैं और हमेशा से भारत की संस्कृति का सम्मान करती रही हैं।

# शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस और नेटफ्लिक्स को समन:समीर वानखेड़े की मानहानि याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 दिनों में जवाब मांगा

दिल्ली हाईकोर्ट में IRS अधिकारी समीर वानखेड़े की मानहानि की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने नेटफ्लिक्स और शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिल्लीज एंटरटेनमेंट को समन किया है। आरोप हैं कि सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड द्वारा समीर वानखेड़े की छवि खराब की गई है। इस सीरीज को रेड चिल्लीज द्वारा प्रोड्यूस किया गया, जिसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जारी किए गए समन में लिखा गया है कि प्रोडक्शन हाउस और नेटफ्लिक्स को 7 दिनों में मामले पर जवाब देना होगा। इस मामले की सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी। समीर वानखेड़े का आरोप है कि शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में उनसे मिलता-जुलता किरदार दिखाया गया, जिससे उनकी छवि बिगाड़ी गई और मानहानि हुई। उन्हें और उनके परिवार को लगातार ट्रोल किया जा रहा है। इससे पहले समीर वानखेड़े ने 26 सितंबर को पहली बार मानहानि की याचिका दायर की थी। उस समय दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें याचिका में संशोधन करने का समय दिया था और जवाब मांगा था कि ये याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में सुनने योग्य कैसे होती है। तब जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा था- आपकी याचिका दिल्ली में सुनवाई योग्य नहीं है।




# सारा खान ने की दूसरी शादी

## एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग की कोर्ट मैरिज



'बिदाई' और 'बिग बॉस' फेम एक्ट्रेस सारा खान फिर से शादी के बंधन में बंध गई हैं। एक्ट्रेस ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग रजिस्टर्ड मैरिज की है। दोनों ने 6 अक्टूबर को करीबियों के बीच अपनी शादी को रजिस्टर किया है। कपल अब दिसंबर में ग्रैंड वेडिंग सेलिब्रेशन करेगा। सारा ने इंस्टाग्राम पर शादी की खुशखबरी शेयर करते हुए कृष संग कई तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही एक भावुक नोट पोस्ट किया है। सारा ने लिखा- 'दो आस्थाएं। एक स्क्रिप्ट। असीम प्रेम। सिग्नेचर हो गए हैं। 'कुबूल है' से 'सात फेरे' तक इस दिसंबर का इंतजार है। दो दिल, दो संस्कृतियां हमेशा के लिए एक हो गईं। हमारी प्रेम कहानी एक ऐसे मिलन का गढ़ कर रही है, जहां आस्थाएं मिलती हैं, विभाजित नहीं होतीं। जब प्यार ही हेडलाइन बन जाए तो बाकी सब कुछ एक खूबसूरत कहानी बन जाता है। इसलिए हमें अपना आशीर्वाद दीजिए क्योंकि यह यूनियन सभी के लिए है।' सारा और कृष की शादी पर फैंस और सेलेब्स खूब बधाई दे रहे हैं। हाल ही में शादी के बंधन में 'बालिका वधू' फेम एक्ट्रेस अविका गौर ने सारा को बधाई दी है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने लिखा- 'ओह माय गॉड। माई बेबी...बधाई।' इसके अलावा कपल को एक्ट्रेस आशका गोराडिया, किश्वर मर्चेंट, गायक अभिजीत सावंत ने भी बधाई दी है। बता दें कि सारा ने इससे पहले अली मर्चेंट से बिग बॉस-4 के घर में शादी की थी। लेकिन शादी के दो महीने के अंदर ही दोनों ने तलाक ले लिया था। अली ने रियलिटी शो 'सच का सामना' के एक एपिसोड में कहा कि उन्होंने पब्लिसिटी के लिए सारा से शादी की थी और उनसे शादी करना उनके जीवन की सबसे बड़ी गलती थी।

# रंगे हाथ पकड़ी गई पत्नी, पति ने प्रेमी को पीट-पीटकर मार डाला

## परदेशी पति ने पत्नी को भी किया मरणासन्न, पड़ताल में जुटी पुलिस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुड़वार-सुलतानपुर।** बंधुआ कला थाना क्षेत्र के बबुरी गांव में मंगलवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पत्नी के प्रेम प्रसंग से बौखलाए पति ने अपनी पत्नी को गांव के ही युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। गुस्से से तिलमिलाए पति ने लाठी-डंडे से हमला कर युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी, जबकि पत्नी को भी बेरहमी से पीटकर मरणासन्न अवस्था में छोड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी पति को हिरासत में ले लिया।

**घर के अंदर चला खौफनाक तांडव :** मालूम हो कि, बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज चौकी अंतर्गत बबुरी गांव निवासी रमेश (30) पुत्र बाबूलाल कोरी मंगलवार की रात किसी निमंत्रण से घर लौट रहा था। घर के अंदर घुसते ही उसने अपनी पत्नी वंदना को गांव के ही युवक विशाल (18) पुत्र विनोद कोरी के साथ संदिग्ध हालत में देख लिया।

यह दृश्य देखते ही रमेश का आपा खो गया और उसने दोनों पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में विशाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वंदना गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि वारदात के बाद रमेश वहीं घर के अंदर बैठा रहा। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर मर्चरी भेज दिया।





**घर में मचा कोहराम, मां और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल :** मृतक विशाल अपने भाइयों अरुण और अंशु के बीच का था। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां गीता देवी और बहनों अंतिमा व शांतिमा का रो-रोकर बुरा हाल है। विशाल के पिता जो पंजाब में रहकर मजदूरी करते हैं, घटना की सूचना मिलते ही घर के लिए रवाना हो गए हैं।

वहीं आरोपी रमेश का वृद्ध पिता बाबूलाल घर के बाहर बैठा था। उसने पुलिस को बताया कि घर के अंदर क्या हो रहा है, इसका उसे अंदाजा ही नहीं था।

**हत्या का केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस :** प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग की वजह से हत्या की पुष्टि हुई है। मृतक की मां की तहरीर पर आरोपी रमेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायल पत्नी का इलाज जिला मेडिकल कॉलेज के सर्जिकल वार्ड में जारी है।

परदेश से लौटा था पति, सात साल से थी संतानहीन शादी : जानकारी के अनुसार, आरोपी रमेश माहभर पहले ही मुंबई से लौटा था, जहां वह मजदूरी करता था। उसकी शादी सात साल पहले वंदना उमरपुर, लंभुआ निवासी से हुई थी, लेकिन अब तक संतान नहीं थी। इससे पहले रमेश की पहली शादी मनियारी गांव में हुई थी, जो कुछ दिनों में ही टूट गई थी। रमेश को उसके पिता बाबूलाल ने गोद लिया था, क्योंकि उनकी अपनी कोई संतान नहीं थी। उसकी मां की मृत्यु पहले ही हो चुकी है।

**गांव में दहशत, अनहोनी के मद्देनजर पुलिस बल तैनात :** इस सनसनीखेज वारदात से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। बबुरी गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों में चर्चा है कि आरोपी पति ने गुस्से में ऐसा कदम उठाया, लेकिन उसने जो किया उसने गांव में खौफ और सन्नाटा दोनों फैला दिया है।

# बच्चे के अपहरण की अफवाह पर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

## बच्चों के विवाद में किशोर की पिटाई कर अपने वाहन से उठा ले जाने का आरोप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुड़वार-सुलतानपुर।** दूध डेयरी पर दूध देने गए दो पक्ष के किशोरों में हुए विवाद ने तब बड़ा रूप ले लिया जब गैर समुदाय के किशोर के पिता ने मौके पर पहुंचकर किशोर को बोलेरो में लेकर फरार हो गया।अपहरण की सूचना मिलते ही परिजनों ने कुड़वार-सुलतानपुर मार्ग जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस सड़क जाम हटवाकर दोनों पक्षों को थाने लाकर विधिक कार्यवाही में जुटी है।



मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के रूपापुर गांव से जुड़ा है। जहां बुधवार को सुबह गांव निवासी अमन मौर्य उर्फ महादेव पुत्र नन्हे घर से जोगिया नगर भदहरा में दूध डेयरी पर दूध देने गया। तभी वहां पर गंजेहड़ी निवासी सदफ पुत्र मोकीम भी दूध देने बाइक लेकर पहुंच गया।वही खड़ी बाइक को हटाने में दोनो किशोरों में विवाद हो गया।तभी वहां रूपापुर गांव निवासी किशोर शनि व अंकुश भी पहुंच गया और हल्की फुल्की दोनों में मारपीट हुई।जिसकी सूचना सदफ ने अपने पिता मोकीम को दी।सूचना पर बोलेरो लेकर पहुंचे मोकीम पुत्र मोईन पर आरोप है कि वह अमन को बोलेरो में बैठाकर मौके से फरार हो गया।

अपहरण की सूचना मिलते ही उग्र हुए ग्रामीणों सहित महिलाओं ने जोगिया नगर पहुंचकर कुड़वार सुलतानपुर मार्ग जाम कर दिया।जाम लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की तो पता चला कि मोकीम अमन को लेकर थाने आया था और उसका बेटा और अन्य लोग बाइक से थाने पहुंच गए। पुलिस जाम हटवाकर दोनों पक्षों को थाने लाकर विधिक कार्यवाही में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर समाज में शिक्षा व जागरूकता पर बल



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** बढ़ैयावीर में रविवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ सदस्य नटवर लाल सुदर्शन व स्व. राम प्रसाद सुदर्शन दास द्वारा स्थापित मूर्ति के समक्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य बार एसोसिएशन एवं प्रदेश सचिव समाजवादी अधिवक्ता सभा ने कहा कि "महर्षि वाल्मीकि का जीवन इस बात का प्रमाण है कि ज्ञान और तपस्या से मनुष्य अपने जीवन का संपूर्ण परिवर्तन कर सकता है। बाल्यावस्था में रत्नाकर नामक डाकू के रूप में जाने जाने वाले वाल्मीकि जी ने नारद मुनि और ब्रह्मा जी की प्रेरणा से तपस्या आरंभ की और दिव्य ज्ञान प्राप्त कर हिन्दू धर्म का प्रथम महाकाव्य रामायण की रचना की।

उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने भगवान राम के जीवन और आदर्शों को मानवता के सर्वोत्तम उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। वे संस्कृत के प्रथम महाकवि के रूप में पूजनीय हैं। शास्त्रों के अनुसार वे वरुण के दशवें पुत्र थे और उनका काल 1500 से 500 ईसा पूर्व माना जाता है।

बिसेन ने कहा कि समाज को महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा, ज्ञान और आत्मविकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। तभी समाज की गरीबी, पिछड़ापन और लाचारी दूर होगी और उनकी जयंती का सही अर्थ सिद्ध होगा।

इस अवसर पर प्रदीप पाल, अंशु सिंह, रोहित सुदर्शन, गौरी शंकर, सतीश पांडेय (युवा नेता), विनय कुमार सिंह, समाजसेवी अकरम जमाल, रानू, शानू, प्रदीप कुमार यादव, डॉ. राममूर्ति पाल, सुनील कुमार, बबलू, सुरेश गौतम, अमरीशकांत गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुआ।

# भंडारे से लौटते वक्त नहर में गिरी स्विफ्ट डिजायर, एक की मौत

## एक लापता की तलाश में जुटी एनडीआरएफ की टीम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बल्दीराय-सुलतानपुर।** दुर्गा पूजा के भंडारे से लौटते समय मंगलवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। स्विफ्ट डिजायर कार शारदा सहायक खंड-16 नहर में गिर गई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया।

हादसा बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा दक्खिन गांव के पास हुआ। कार में सवार मित्रसेन यादव, पप्पू यादव समेत चार लोग मौजूद थे। हादसे के बाद ग्रामीणों की मदद से दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन मित्रसेन यादव की इलाज के दौरान सीएचसी बल्दीराय में मौत हो गई, जबकि पप्पू यादव का अब तक कोई पता नहीं चल सका है।



घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बुधवार सुबह से NDRF की टीम गोताखोरों के साथ सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई है, लेकिन 18 घंटे बाद भी लापता युवक का सुराग नहीं मिला।

बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार अधिक थी और मोड़ पर नियंत्रण बिगड़ने से वाहन सीधे नहर में जा गिरा। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया राहत व बचाव कार्य जारी है। गोताखोरों की मदद से नहर के गहरे हिस्सों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही लापता युवक को खोज लिया जाएगा।

# भक्ति भाव में डूबा रहा शहर, नम आंखो से दी जा रही मां दुर्गा को विदाई

## 48 घंटे चलेगा मूर्ति विसर्जन, डीएम-एसपी ने मंगलवार की रात्रि दिखाई थी हरी झंडी, शहर की 300 मूर्तियां शोभायात्रा में शामिल, सुरक्षा के कड़े इंतजाम







**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** कोलकाता के बाद अपनी भव्यता और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध सुल्तानपुर दुर्गा पूजा महोत्सव का विसर्जन मंगलवार की देर रात हर्षोल्लास और श्रद्धा के वातावरण में प्रारंभ हुआ। जिलाधिकारी कुमार हर्ष व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया।

शहर की लगभग 300 दुर्गा प्रतिमाएँ सुसज्जित रथों व वाहनों पर सवार होकर "जय माता दी" के जयकारों, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाज़ी के बीच चौक, शाहगंज रोड, सब्ज़ी मंडी, स्टेशन रोड, पुरानी कोतवाली, लालडिग्गी से होते हुए आदि गंगा-गोमती के पवित्र सीता कुंड घाट की ओर रवाना हुईं। विसर्जन का यह धार्मिक आयोजन लगातार 48 घंटे तक चलेगा। पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिल रहा है। मोहल्लों और गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक, दुर्गा प्रतिमाओं की शोभायात्रा में महिलाएं थालियों में आरती सजाए खड़ी थीं। युवा टोली ढोल-ताशे पर थिरकते नजर आए। कई जगहों पर भंडारा, शीतल पेय वितरण और चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं।

सांस्कृतिक मंचों पर पारंपरिक नृत्य, भजन-कीर्तन और देवी गीतों की गूंज से वातावरण आलोकित रहा। माँ दुर्गा के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। डीएम कुमार हर्ष ने बताया कि प्रशासन ने विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। सीता कुंड घाट पर नगर पालिका की सफाई टीम, गोताखोर दल, आपदा प्रबंधन बल और मेडिकल यूनिट चौबीसों घंटे तैनात हैं। घाट पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

एसपी कुँवर अनुपम सिंह ने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूरे मार्ग को चार जोनों में बाँटा गया है। ड्रोन कैमरों से भीड़ पर नज़र रखी जा रही है, और संवेदनशील स्थानों पर महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस बार जिलेभर में 800 से अधिक दुर्गा प्रतिमाएँ स्थापित हुई थीं। इनमें से शहर की 300 प्रतिमाएँ बुधवार और गुरुवार को विसर्जित की जा रही हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की मूर्तियों का विसर्जन कुड़वार, बंधुआकला, अलीगंज और लंभुआ घाटों पर हो रहा है। वहीं, ग्रामीण इलाकों से भी सैकड़ों श्रद्धालु बसों और ट्रैक्टरों से अपने पंडालों की प्रतिमाएँ लेकर शहर पहुँचे।

इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कराया। विसर्जन के दौरान माँ दुर्गा की विदाई का क्षण भावुक कर देने वाला रहा। ढोल की थापों के बीच भक्तों की आंखें नम थीं, और माँ से अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की जा रही थी —

**"साल भर रहियो वही गाँव में,
फिर अइहऽ अगले साल में"**

के स्वर से सीता कुंड घाट और आसमान एक साथ गूंज उठा।

**शोभायात्रा** ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंची मूर्तियों की भव्य शोभायात्रा, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तैयारियों को अंतिम रूप, प्रशासन सतर्क

# देर रात कुड़वार घाट पर होगा देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुड़वार-सुलतानपुर।** नवरात्र और दशहरा पर्व के समापन के साथ ही जनपद में देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार देर शाम अलीगंज बाजार से ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव की भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें बंधुआ कला थाना क्षेत्र की सभी मूर्तियां एकत्र होकर शामिल हुईं। देर रात कुड़वार घाट पर मूर्तियों के विसर्जन की संभावना जताई जा रही है।

**अलीगंज से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा :** बुधवार देर शाम अलीगंज बाजार से मूर्तियां कतारबद्ध होकर गाजे-बाजे और जयकारों के साथ कुड़वार घाट की ओर रवाना हुईं। शोभायात्रा में अलीगंज, दाउदपुर, रवनिया सहित बंधुआ कला थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की मूर्तियां शामिल हुईं।

कुड़वार थाना क्षेत्र में प्रवेश करते ही बहमरपुर और राजापुर बाजार की प्रतिमाएं भी शोभायात्रा में सम्मिलित हो गईं। देर रात तक सजी हुई ट्रॉलियों, झांकियों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा रास्ता भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

**कुड़वार घाट पर उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब :** देर रात शोभायात्रा गंगा-गोमती संगम तट स्थित कुड़वार घाट पहुंचेगी, जहां नावों और हाइड्रा मशीनों की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। वहीं, कुड़वार कस्बे की मूर्तियों का



विसर्जन गुरुवार की शाम निकली शोभायात्रा के साथ देर रात तक किया जाएगा। कुड़वार घाट पर बंधुआ कला, धनपतगंज, बल्दीराय सहित आसपास के इलाकों की प्रतिमाएं भी विसर्जन के लिए पहुंचेंगी।

**व्यवस्था में जुटा प्रशासन, सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम :** विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए विकास विभाग व पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। घाट पर एडीओ पंचायत संतोष पाल, सचिव पीएल यादव, एडीओ महिला पूनम देवी, सेक्टर मजिस्ट्रेट धामू, राजस्व विभाग से संग्रह अमीन चंद्रभान, प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा व उनकी टीम तैनात है।

इसके साथ ही गैर जनपद से पहुंचे एएसपी नृपेंद्र भी भारी सुरक्षा बल के साथ मौके पर मौजूद हैं। घाट क्षेत्र को बैरिकेडिंग कर सीमित प्रवेश की व्यवस्था की गई है, जबकि नावों और हाइड्रा ऑपरेटरों को प्रशासनिक निर्देशों के तहत निगरानी में रखा गया है।

**भक्ति और उत्साह के बीच सुरक्षा पर कड़ी नजर :** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर अलीगंज, कुड़वार, बहमरपुर, राजापुर सहित पूरे क्षेत्र में भक्ति, उमंग और उत्साह का माहौल है। देर रात तक घाट क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

## एक नजर

### चिकित्सक व फार्मासिस्ट विवाद में दर्ज हुआ क्रॉस केस, सीसीटीवी फुटेज वायरल

**कादीपुर - सुलतानपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक और फार्मासिस्ट के बीच हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार की रात पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। घटना बीते शनिवार शाम लगभग पांच बजे की है, जब एक मरीज को बाहर की दवा लिखने का विरोध करने पर फार्मासिस्ट अवधेश कुमार मौर्य का संविदा चिकित्सक डॉ. दीपांकर विश्वास से विवाद हो गया। आरोप है कि डॉक्टर ने फार्मासिस्ट के साथ मारपीट की, जिसका वीडियो अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और बाद में वायरल भी हो गया। इस घटना को लेकर फार्मासिस्ट ने कोतवाली में तहरीर दी थी। हालांकि रविवार को दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता भी हो गया था। इसके बावजूद मामला शांत नहीं हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया था, जिसकी अगुवाई एसीएमओ डॉ. जे. सी. सरोज ने की। टीम ने सोमवार को जांच पूरी कर रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी थी। मंगलवार को फार्मासिस्ट अवधेश मौर्य ने फिर से तहरीर दी, जिसमें आरोप लगाया कि डॉ. दीपांकर ने मरीज को बाहर की दवा लिखी और जब उन्होंने विरोध किया तो डॉक्टर ने गाली-गलौज और लात-घूंसों से मारपीट की। साथ ही धमकी दी कि "अगर मुकदमा लिखवाओगे तो तुम्हारे खिलाफ एससी-एसटी का केस लिखवा दूंगा। वहीं दूसरी ओर, डॉ. दीपांकर विश्वास ने अपनी तहरीर में लिखा है कि गंभीर अवस्था में आए मरीज के लिए जब उन्होंने कुछ दवाइयां और इंजेक्शन लिखे, तो फार्मासिस्ट अवधेश मौर्य ने लगाने से इनकार कर दिया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की। उन्होंने कहा कि हम तुम्हें डॉक्टर नहीं मानते। आरोप है कि फार्मासिस्ट ने कॉलर पकड़कर मारपीट की और कुछ देर बाद अपने बेटे के साथ कमरे पर जाकर दोबारा हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि फार्मासिस्ट अवधेश मौर्य की तहरीर पर डॉ. दीपांकर विश्वास के खिलाफ तथा डॉक्टर की तहरीर पर अवधेश मौर्य और उनके पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### गौसाबाद में सूफी विचारों से गूंजा समां, मोहब्बत और इंसानियत का पैग़ाम

**सुलतानपुर।** गौसाबाद स्थित दरगाह शरीफ गौसुल आज़म पर चल रहे उर्स के तीसरे दिन अध्यात्मिक माहौल चरम पर रहा। इस मौके पर आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मुफ्ती अबुल इरफान फिरंगी महली ने अपने बयान में सूफी संतों और गौस-ए-आज़म की रूहानी जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि सूफियत का असल मकसद इंसानियत, मोहब्बत और अमन का पैग़ाम देना है। दरगाह बांसा शरीफ के गद्दी नशीन मौलाना इंतेखाब साबरी और सैय्यद उमर अहमद जिलानी ने मुल्क में अमन, सलामती और भाईचारे की दुआ मांगी। इसके अलावा मौलाना अख्तर मिस्बाही, मुफ्ती इंतज़ार रिज़वी, मौलाना शहाबुद्दीन, मौलाना नसीर कादिरी (जगदीशपुर), मौलाना जलालुद्दीन मिस्बाही समेत दीगर उलमा-ए-किराम ने सूफी संतों की तालीमात, रहन-सहन और उनके जीवन के नेक उसूलों पर विस्तार से चर्चा की। अंत में सज्जादा नशीन मौलाना मोहम्मद नसीमुद्दीन कादिरी ने अपने तकरीर में मोहब्बत और इंसानियत का संदेश देते हुए कहा - "किसी भी इंसान को हिकारत की नज़र से मत देखो, क्योंकि हर इंसान में खुदा की झलक होती है। उनके इस संदेश पर उपस्थित अकीदतमंदों ने सुब्हानअल्लाह कहकर तालियों से समर्थन जताया। पूरा परिसर आध्यात्मिक माहौल में सराबोर रहा।



### आरएसएस ने पथ संचलन कर मनाया शताब्दी वर्ष

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम व शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने आलापुर व गोरसरा गांव में पथ संचलन किया। आलापुर गांव में खंड संयोजक अखंड प्रताप के संयोजन में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत के शारीरिक प्रमुख गोकुल ने कहा कि आरएसएस का शताब्दी वर्ष देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने संगठन की सौ वर्षों की राष्ट्र निर्माण यात्रा को प्रेरणादायक बताया। संघ के सेवा, संस्कार और समर्पण के मूल्यों को उन्होंने युगों तक प्रासंगिक बताया। साथ ही युवाओं से राष्ट्रहित में संगठन के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि रामदेव कनौजिया सेवा निवृत्त निरीक्षक सीआरपीएफ ने गांव में पथ संचलन को राष्ट्र के लिए अच्छा संकेत कहा। मंडल पालक महेंद्र, खंड संघ चालक सत्येंद्र, मंडल कार्यवाह जयनाथ, वेदप्रकाश, धनई, अमन, महादेव, विकास, पंकज, अनंत बहादुर, अजय, अवनीश, सत्यसांची, अनुराग, अमित, शिवांश, भोलाराम, देवेंद्र सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।



### डीएम का नक्शा विभाजन का आदेश रद्द हुआ

**सुलतानपुर।** राजस्व परिषद ने जिलाधिकारी के नक्शा विभाजन के दो साल पुराने आदेश को रद्द कर दिया है। पूर्व डीएम ने कुड़वार के सरैया पूरे बिसेन गांव से सम्बंधित वाद में बिना सभी पक्षों को सुने आदेश पारित किया था। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान के मुताबिक अब्दुल्ला वहीद के पावर ऑफ अटॉर्नी असगर अली ने पूर्व डीएम रवीश कुमार गुप्ता के 10 फरवरी 2023 को आदेश को प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध बताकर उसे चुनौती दी थी। गांव की गाटा संख्या 1019 और 1020 के सम्बन्ध में मो. रफीक ने नक्शा विभाजन का वाद दायर किया था जिसमें सभी खातेदार पक्षकार नहीं बनाए गए थे। बोर्ड के सदस्य (न्यायिक) अभय सिंह ने आदेश दिया कि जिलाधिकारी दोनों पक्षों को साक्ष्य और सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद गुण-दोष पर नया आदेश पारित करें।

### अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने सुनवाई 16 अक्टूबर को नियत की है। पीड़ित पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कि बचाव पक्ष ने मृतक के पिता सलीम को दुबारा गवाही में तलब करने की अर्जी दी है जिस पर वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। कोतवाली देहात थाना के भुलकी प्यारेपट्टी चौराहे पर छह अगस्त 2024 को अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वादी मोहम्मद सलीम की गवाही पूरी हो चुकी है जिसे फिर तलब करने की मांग की गई है।

### राष्ट्र शौर्य समृद्धि महायज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा

**कुड़वार- सुलतानपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ के लिए कार्यक्रम स्थल गायत्री प्रज्ञा धाम से कलश यात्रा निकाली गई। बुधवार को स्थानीय कस्बे के गायत्री प्रज्ञा धाम से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं ने कलश लेकर भक्ति मय माहौल में डीजे व वाहनों के साथ नगर क्षेत्र का भ्रमण किया।कस्बे में भ्रमण के बाद कलश यात्रा आदि गंगा गोमती के तट पर पहुंची। जहां महिलाएं कलश में जल लेकर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची।कलश यात्रा में भाजपा की काशी प्रांत की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बबिता तिवारी भी महिलाओं के साथ शामिल हुई।वही यात्रा का संचालन दयाराम अग्रहरी,आयोजक आशीष अग्रहरि आदि ने किया।यात्रा में राम सूरत तिवारी,शशि कांत तिवारी,सत्य नारायण पांडेय,नरेंद्र तिवारी,सुभाष तिवारी सहित गणमान्य लोग शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी अमित मिश्रा अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।



## एक नजर

### अनंतनाग से सेना के 2 जवान लापता



जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से दो भारतीय सैनिक सोमवार से लापता हैं। इसकी जानकारी आज सामने आई है। लापता जवान एलीट 5 पैरा फोर्स का हिस्सा हैं। दोनों की ड्यूटी कोकरनाग क्षेत्र के गदूल इलाके में लगी थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण ये सैनिक भटक गए होंगे। फिलहाल दोनों की तलाश जारी है। खोज के दौरान सेना की टीमें लगातार लोकल अधिकारियों के संपर्क में हैं। पिछले साल सितंबर में कोकरनाग के गडोले इलाके में लश्कर के आतंकवादियों ने तीन अधिकारियों कर्नल मनप्रीत सिंह (19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर), मेजर आशीष धोंचक और पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं भट सहित चार सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी थी।

### आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्ट्री में आग, 7 की मौत

आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर अंबेडकर कोनासीमा जिले के रायवरम में बुधवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई। बुरी तरह झुलस गए शवों की पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। 3 लोग घायल हैं। SP राहुल मीणा ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों के शव बुरी तरह झुलस गए हैं। मृतक पटाखा फैक्ट्री के मजदूर हो सकते हैं। शवों की पहचान की जा रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पटाखा फैक्ट्री के पास मैन्युफैक्चरिंग का लाइसेंस था। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में पटाखा बनाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका की खबरें हैं। घटना के कई वीडियो सामने आए हैं। एक वीडियो में पूरी फैक्ट्री आग की लपटों से घिरी दिखी। एक अन्य वीडियो में एक व्यक्ति का शव पूरी तरह झुलसा दिख रहा है। वहीं, दूर से रिकॉर्ड किए एक वीडियो में फैक्ट्री से धुएं का गुबार काफी ऊंचाई तक उठता हुआ दिखा। इस दौरान कई धमाके भी हुए। CM चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं। नायडू ने X पर लिखा- इस दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर से गहरा दुख हुआ है। मैंने अधिकारियों से दुर्घटना के कारणों, वर्तमान स्थिति, राहत कार्यों और चिकित्सा सहायता के बारे में बात की है।

### सिंगर जुबीन गर्ग मौत केस में चचेरा भाई गिरफ्तार

सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में बुधवार को असम पुलिस के DSP संदीपन गर्ग को अरेस्ट किया गया है। संदीपन, सिंगर के चचेरे भाई हैं। हादसे के वक्त वह सिंगापुर में साथ थे। अधिकारी ने बताया कि संदीपन से जुबीन की मौत के सिलसिले में पिछले कुछ दिनों से पूछताछ की जा रही है। उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और लापरवाही से मौत का कारण बनने का केस दर्ज किया गया है। जुबीन की मौत के मामले में यह पांचवीं गिरफ्तारी है। इससे पहले, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, गायक के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और उनके दो बैंड सदस्यों - शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृत प्रभा महंत को अरेस्ट किया गया था। जुबीन गर्ग का निधन सिंगापुर में 19 सितंबर को हुआ था। सिंगर 20 सितंबर को होने वाले नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के लिए सिंगापुर गए हुए थे, जहां उन्होंने वाटर एडवेंचर एक्टिविटी में हिस्सा लिया था। दावा किया गया कि उनकी मौत स्कूबा डाइविंग के दौरान एक हादसे में हुई थी।

### OTT प्लेटफॉर्म्स के लिए नए नियमों का मसौदा

केंद्र सरकार ने बुधवार को एक नया ड्राफ्ट जारी किया है। इसमें बताया गया है कि OTT प्लेटफॉर्म्स (जैसे Netflix, Amazon Prime, Disney+ Hotstar आदि) को अब ऐसा कंटेंट बनाना होगा, जिसे सुनने या देखने में कठिनाई वाले लोग भी आसानी से देख सकें। इन नए नियमों के अनुसार, हर नए शो या फिल्म में भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) में व्याख्या, सबटाइटल्स (कैप्शन), ऑडियो डिस्क्रिप्शन यानी जो लोग नहीं देख सकते, उनके लिए आवाज में विजुअल डिटेल्स जैसे कम से कम एक फीचर जरूर शामिल करना होगा। इन नियमों का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति, चाहे वह सुन या देख न सके, ऑनलाइन कंटेंट का आनंद ले सके। सरकार ने लोगों और कंपनियों से इस ड्राफ्ट पर 22 अक्टूबर तक सुझाव और राय देने को कहा है।

### वकील के खिलाफ बेंगलुरु में FIR दर्ज

बेंगलुरु पुलिस ने बुधवार को CJI पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर के खिलाफ जीरो FIR दर्ज की है। यह कार्रवाई ऑल इंडिया एडवोकेट्स एसोसिएशन, बेंगलुरु की शिकायत पर की गई है। शिकायत में कहा गया है कि राकेश किशोर का काम आपत्तिजनक था और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। निलंबित वकील राकेश किशोर ने 6 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई पर जूता फेंकने का प्रयास किया था। पुलिस ने उनके खिलाफ BNS की धारा 132 और 133 के तहत मामला दर्ज किया है।

### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के बाद 25 लोगों का रेस्क्यू



जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों से बर्फबारी जारी है। सेना ने डोडा जिले के ऊपरी इलाकों में अपने पालतू जानवरों के साथ बर्फीले तूफान में फंसे बकरवाल समुदाय के 25 आदिवासियों को बचाया है। वहीं, आज से जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी यात्रा फिर से शुरू हुई है। खराब मौसम के कारण 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक यात्रा रोकी गई थी। 3 दिन के बाद यात्रा शुरू होने से श्रद्धालु खुश हैं। सुबह से ही सैकड़ों लोग दर्शन के लिए रवाना हुए। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन स्नोफॉल हुआ। लाहौल-स्पीति में रात के तापमान -0.5°C दर्ज किया गया। रात में बिलासपुर जिले में निजी बस पर लैंडस्लाइड हुई। हादसे में 16 लोगों की मौत हुई है। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। उत्तराखंड के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहब में मंगलवार को पहली बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब में 2 और 3 इंच तक स्नोफॉल हुआ। केदारनाथ में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। इस वक्त चारधाम यात्रा का दूसरा दौर चल रहा है। रोज 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# अयोध्या में गूंजी दक्षिण की भक्ति स्वर लहरियां

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व सीएम योगी ने किया दक्षिण के तीन संतों की मूर्तियों का अनावरण

विश्ववार्ता ब्यूरो

**अयोध्या।** उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम बुधवार को अयोध्या की पावन भूमि पर देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का बृहस्पति कुंड में भव्य अनावरण किया।

टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड का वातावरण उस समय भक्तिरस और संगीत की पवित्र भावना से सरोबार हो उठा जब केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कर अनावरण समारोह की शुरुआत की। इस दौरान सीतारमण के माता-पिता भी मौजूद रहे, जिससे यह पल और भी भावनात्मक हो गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक अयोध्या शैली में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बृहस्पति कुंड केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है, जहां उत्तर भारत की श्रद्धा और दक्षिण भारत की भक्ति का संगम होता है।





प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में बृहस्पति कुंड स्थल पर स्थापित दक्षिण भारत के प्रमुख संतों की प्रतिमाओं के अनावरण कार्यक्रम के अवसर पर केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का स्वागत करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अयोध्या केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने तीनों संतों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और भक्ति परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनके काव्य और रचनाओं ने समाज को प्रेम, भक्ति और एकता के सूत्र में पिरोया।

सीतारमण ने बृहस्पति कुंड की भव्यता और शांति देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अयोध्या और कर्नाटक के सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं। आज इन संतों की मूर्तियों के अनावरण के माध्यम से भारत की उत्तर-दक्षिण परंपरा एक सूत्र में बंधी है।

इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम की नगरी अयोध्या अब केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण की केंद्रस्थली बन रही है। उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमण का यह दौरा भारत की सांस्कृतिक एकता और समरसता का सशक्त प्रतीक है।

बृहस्पति कुंड परिसर में स्थापित सुंदर पत्थर की बेंचों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कुछ देर के लिए विराम लेते हुए बैठे। शांत सरोवर, मधुर वातावरण और सुव्यवस्थित परिसर को निहारते हुए तीनों जनप्रतिनिधियों ने उस पल में अयोध्या की सौंदर्य व सांस्कृतिक गरिमा का आनंद अनुभव किया। मुख्यमंत्री ने बेंचों की कलात्मक बनावट और परिसर के सौंदर्यीकरण की सराहना करते हुए कहा कि बृहस्पति कुंड अब श्रद्धा और सौंदर्य का आदर्श संगम बन चुका है।

# अमित शाह जीमेल से स्वदेशी जोहो मेल पर शिफ्ट हुए

## कहा- अब इसी आईडी पर मेल करें; Zoho Mail को श्रीधर वेंबु ने बनाया

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह Gmail से स्वदेशी प्लेटफॉर्म Zoho Mail पर शिफ्ट हो गए हैं। शाह ने बुधवार को X पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने Zoho Mail पर आईडी बना ली है। अब सभी लोग नए ईमेल एड्रेस पर मेल भेजें। मैंने Zoho Mail पर स्विच कर लिया है। कृपया मेरे ईमेल एड्रेस में हुए बदलाव पर ध्यान दें। मेरा नया ईमेल एड्रेस है-(amitshah.bjp@zohomail.in)। भविष्य में मेल द्वारा पत्राचार के लिए कृपया इसी ईमेल एड्रेस का उपयोग करें। Zoho Mail विदेशी ईमेल सेवाओं जैसे Gmail और Outlook का भारतीय विकल्प है। इससे पहले 3 अक्टूबर को शिक्षा मंत्रालय ने सभी सरकारी दफ्तरों को अपने डॉक्यूमेंट रिलेटेड कामों के लिए Zoho Office Suite का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया था।

**भारतीय कंपनी ने बनाया है Zoho Mail**

Zoho Mail पूरी तरह से भारतीय कंपनी Zoho कॉर्पोरेशन का ईमेल क्लाइंट है। इसे Zoho के फाउंडर श्रीधर वेंबु ने बनाया है। यह एड-फ्री प्लेटफॉर्म है जो व्यक्तिगत और बिजनेस दोनों यूजर्स को सेवाएं देता है।



कंपनी का दावा है कि इसमें एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन से डेटा सुरक्षित रहता है और किसी भी जानकारी को विज्ञापनदाताओं के साथ साझा नहीं किया जाता। इस प्लेटफॉर्म पर यूजर्स को पर्सनल, बिजनेस और प्रमोशनल ईमेल्स के लिए अलग-अलग टैब, साथ ही कैलेंडर, नोट्स और कॉन्टैक्ट्स जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।Zoho ने वॉट्सएप का विकल्प भी लॉन्च किया

हाल ही में Zoho ने अपना मैसेजिंग ऐप Arattai लॉन्च किया था, जिसके बाद भारतीय टेक्नोलॉजी को लेकर चर्चा तेज हुई। Zoho के फाउंडर श्रीधर वेंबु लगातार अपने स्वदेशी प्रोडक्ट्स को प्रमोट करते रहे हैं। Arattai तमिल भाषा का शब्द है, जिसका मतलब बातचीत होता है। इस एप में ऑडियो-वीडियो कॉल के अलावा कोट का भी फीचर है।

ZOHO ने सिर्फ Arratai ही नहीं अन्य कई सॉफ्टवेयर और एप्स बनाएं हैं। अब ZOHO के 50 से ज्यादा क्लाउड-बेस्ड सॉफ्टवेयर को 180 से ज्यादा देशों में 1 करोड़ से ज्यादा आबादी इस्तेमाल कर रही है। ईमेल, अकाउंटिंग, CRM और HR मैनेजमेंट जैसे सेक्टर में इसका खूब इस्तेमाल हो रहा है।

**1996 में ZOHO Corporation की शुरुआत की**

साल 1996 में वेंबु ने अपने दो भाइयों और मित्र टोनी थॉमस के साथ मिलकर 'एडवेंटनेट (AdventNet)' नाम की एक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी की शुरुआत की। ये कंपनी नेटवर्क सॉल्यूशन प्रोवाइड करती थी। साल 2009 में इसी कंपनी का नाम बदलकर 'ZOHO Corporation' रखा गया।

इसी साल ZOHO ने क्लाउड-आधारित SaaS (Software as a Service) मॉडल पर काम शुरू किया। इसके अलावा, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (CRM) और अन्य दूसरे सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्रोवाइड करने लगी।

धीरे-धीरे ZOHO भारत की लीडिंग सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट कंपनी और क्लाउड में उभरती हुई अग्रणी कंपनी बन गई। साल 2016 तक इस कंपनी में 3000 से ज्यादा एम्पलॉई काम करने लगे थे। ZOHO आज दुनिया की अग्रणी SaaS कंपनियों में से है और पूरी तरह से बूटस्ट्रैप्ड यानी बिना बाहरी निवेश के विकसित हुई है। वेंबु का जन्म तमिलनाडु के तंजावुर जिले के एक मध्यमवर्गीय तमिल हिंदू परिवार में हुआ था। वेंबु ने अमेरिका के कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली से अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने सॉफ्टवेयर कंपनी क्वालकॉम (Qualcomm) में वायरलेस इंजीनियर के रूप में काम किया।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- UN भारत में शोरूम खोल सर्टिफिकेट बांट रहा

## शरणार्थी कार्ड जारी करना गलत; सूडानी व्यक्ति ने हिरासत से बचने को याचिका लगाई थी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (UNHCR) की ओर से भारत में प्रवासियों को शरणार्थी कार्ड जारी करने पर आपत्ति जताई। जस्टिस सूर्य कांत ने कहा- UNHCR ने यहां एक शोरूम खोल रखा है और सर्टिफिकेट बांट रहा है।

सुप्रीम कोर्ट 2013 से भारत में रह रहे सूडानी व्यक्ति की हिरासत से बचने के लिए अंतरिम संरक्षण की याचिका सुन रहा था। व्यक्ति का दावा है कि उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं, जिन्हें UNHCR ने शरणार्थी कार्ड जारी किया है। वह ऑस्ट्रेलिया में शरण चाहते हैं।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा- शरणार्थी कार्ड पाने वाले लोगों को विदेशों रजिस्ट्रेशन कार्यालय और मानवाधिकार मंत्रालय अलग तरीके से देखते हैं। कार्ड पाने की प्रक्रिया सालों तक चलती है और इसमें जांच होती है। इस पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि वे इस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहते, लेकिन यह एक गंभीर मामला है।



**सूडानी व्यक्ति की याचिका खारिज**

मुरलीधर ने बताया कि पिछले दो महीनों में दिल्ली में अफ्रीकी प्रवासियों को बिना कारण हिरासत में लेने का अभियान चल रहा है, जिससे उन्हें डर है। इसके लिए उन्होंने अंतरिम सुरक्षा की मांग की है। इस पर कोर्ट ने याचिका खारिज की और कहा कि व्यक्ति को ऑस्ट्रेलिया जाने का प्रयास करना चाहिए और उन्होंने याचिकाकर्ता को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से अतिरिक्त सुरक्षा के आदेश लेने की अनुमति दी। अंतरिम संरक्षण की याचिका मतलब अदालत में अस्थायी सुरक्षा मांगना है। यह मुख्य फैसला आने तक व्यक्ति को सुरक्षा देने या उसके खिलाफ कार्रवाई रोकने के लिए दिया जाता है।

# केमिस्ट्री का नोबेल जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों को




एजेंसी

**स्टॉकहोम।** इस साल केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार सुसुमु कितागावा (जापान), रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इसका ऐलान किया।

इन्होंने ऐसे एटम बनाए हैं जिनमें बड़े-बड़े खाली हिस्से होते हैं, जिनसे गैस और अन्य रासायनिक पदार्थ आसानी से गुजर सकते हैं। इन संरचनाओं को मेटल ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स (MOF) कहते हैं। इसमें ऐसे क्रिस्टल बनते हैं, जिनमें बड़े खाली हिस्से होते हैं। ये खास तरह से डिजाइन किए जा सकते हैं ताकि वे किसी खास चीज को कैप्चर कर सकें या स्टोर कर सकें। इनका इस्तेमाल रेगिस्तानी हवा से पानी इकट्ठा करने, प्रदूषण हटाने, कार्बन डाइऑक्साइड को साफ करने, जहरीली गैसों को स्टोर करने या रासायनिक क्रियाएं तेज करने में किया जा सकता है।

» एटम के नए डिजाइन बनाए; प्रदूषण हटाने, रेगिस्तानी हवा से पानी निकालने में इस्तेमाल

विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपए), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। यह प्राइज मनी इन तीनों के बीच बंटेगी। पुरस्कार 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में दिए जाएंगे।

# तालिबान के समर्थन में भारत-पाकिस्तान साथ आए

## ट्रम्प के बगराम एयरबेस मांगने का विरोध किया, कहा- अफगानिस्तान में मिलिट्री बेस बनाना गलत

एजेंसी

**मॉस्को।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उस योजना का विरोध किया है, जिसमें उन्होंने अफगानिस्तान से बगराम एयरबेस वापस लेने की बात कही थी। इस मुद्दे पर तालिबान, पाकिस्तान, चीन और रूस ने भारत का सपोर्ट किया है। यह बयान मंगलवार को मॉस्को में हुई 'मॉस्को फॉर्मेट कंसल्टेशंस' की बैठक के बाद आया, जिसमें भारत, अफगानिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रतिनिधि शामिल थे।

मॉस्को फॉर्मेट के बयान में कहा गया- किसी भी देश को अफगानिस्तान या उसके पड़ोसी देशों में अपनी सैन्य सुविधाएं बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए ठीक नहीं है।

हालांकि बयान में बगराम का नाम नहीं लिया गया, लेकिन यह ट्रम्प की योजना के खिलाफ साफ संदेश था। भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय में अफगानिस्तान और पाकिस्तान मामलों के डिप्टी सेक्रेटरी जेपी सिंह इस बैठक में शामिल हुए थे।



**सभी का एकजुट अफगानिस्तान अफगानिस्तान पर जोर**

मॉस्को बैठक में यह भी कहा गया कि अफगानिस्तान को एक स्वतंत्र, एकजुट और शांतिपूर्ण देश बनाना चाहिए। सभी देशों ने आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और अफगानिस्तान से आतंकवादी खतरों को खत्म करने की बात कही।

बैठक में तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने पहली बार अफगान प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया। भारत ने अफगानिस्तान में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की भी वकालत की।

बैठक में अफगानिस्तान के साथ व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, गरीबी कम करने और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग की बात भी हुई।

**ट्रम्प ने धमकी दी थी- बगराम नहीं दिया तो बुरा अंजाम होगा**

ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि वे अमेरिका का बनाया हुआ बगराम एयरबेस वापस चाहते हैं। उन्होंने 18 सितंबर को ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हमने इसे तालिबान को मुफ्त में दे दिया, अब हम इसे वापस लेंगे। ट्रम्प ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर भी लिखा था कि अगर अफगानिस्तान बगराम नहीं देगा, तो बुरा अंजाम होगा।

हालांकि तालिबान ने इससे साफ इनकार चुका है। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि हम अपनी जमीन किसी को नहीं देंगे।

**चीन की निगरानी करने के लिए बेस पर कब्जा चाहते हैं ट्रम्प**

2021 में अमेरिकी सेनाओं ने अफगानिस्तान से वापसी की थी। यह वापसी जो बाइडेन प्रशासन के समय हुई थी। इसके बाद तालिबान ने बगराम एयरबेस और काबुल की सरकार पर कब्जा कर लिया। ट्रम्प ने बाइडेन के इस फैसले की कई बार आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वह कभी बगराम नहीं छोड़ते। ट्रम्प ने मार्च, 2025 में कहा था कि वह बगराम को रखना चाहते थे। इसका कारण चीन की निगरानी करना और अफगानिस्तान के खनिज संसाधनों तक पहुंचना है।

ट्रम्प पहले भी कई जगहों पर अमेरिकी कब्जे की बात कर चुके हैं। उन्होंने पनामा नहर और ग्रीनलैंड जैसे क्षेत्रों का जिक्र किया था।

### पाकिस्तानी तालिबान के हमले में 11 PAK सैनिकों की मौत

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के हमले में मंगलवार रात को 11 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। इसमें 2 अधिकारी और 9 सैनिक शामिल हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सेना TTP के खिलाफ ऑपरेशन चला रही थी। इस दौरान दोनों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें TTP के 19 लड़ाके भी मारे गए हैं।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन ने आरोप लगाया कि हमलावरों को भारत का समर्थन मिल रहा है। सेना ने दावा किया कि वह इन्हें खत्म करने में जुटी है। पिछले कुछ महीनों से TTP ने पाकिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमले तेज कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक TTP के खिलाफ कुर्रम जिले में ऑपरेशन को अंजाम देने पहुंचे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर बम से हमला किया और फिर फायरिंग की।

# PAK रक्षामंत्री बोले-हमारे मिलिट्री एक्शन से मोदी की लोकप्रियता घटी

## बिहार में चुनाव के कारण भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा, पाकिस्तान के 81% हथियार चीन से आते हैं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिहार चुनाव की वजह से भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने यह बयान पाकिस्तानी न्यूज चैनल समा टीवी पर बुधवार को दिया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि मई में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई से मोदी की लोकप्रियता घटी है। मोदी के समर्थक भी अब उनकी आलोचना कर रहे हैं। आसिफ ने संघर्ष के दौरान 6 भारतीय फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया। आसिफ बोले- भारत का समर्थन करने वाले देश अब चुप हैं आसिफ ने दावा किया कि पहले जो देश भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान न्यूट्रल रहते थे, वे अब हमारे खेमे में शामिल हो गए हैं और जो भारत का समर्थन कर रहे थे, वे अब चुप हैं। यह बात भारत को सालों तक परेशान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सिर्फ औरंगजेब के समय ही एकजुट था। इतिहास बताता है कि औरंगजेब की हुकूमत के अलावा भारत कभी पूरी तरह एकजुट नहीं रहा। पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना है। हम घर में आपस में लड़ते हैं, लेकिन भारत से लड़ाई होने पर एक हो जाते हैं। ख्वाजा आसिफ ने तीन दिन पहले भारत को धमकी देते हुए कहा था कि अब की बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया X पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके।

**'चीनी हथियारों ने भारत के खिलाफ बेहतरीन काम किया'**

पाकिस्तान की तरफ से बीते कुछ दिनों से लगातार भड़काऊ बयानबाजी की जा रही है। दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल अहमद चौधरी ने कहा था कि भारत के खिलाफ संघर्ष में चीनी हथियारों ने मई में बेहतरीन काम किया था। उन्होंने कहा था कि हम हर तरह की तकनीक के लिए खुले हैं। चीनी तकनीक ने बहुत अच्छा काम किया। पाकिस्तान ने 7 भारतीय फाइटर जेट मार गिराए थे, जबकि भारत ने एक भी पाकिस्तानी विमान नहीं गिराया।



**पाकिस्तान के 81% हथियार चीन से आते हैं**

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) के मुताबिक, 2020 से 2024 तक पाकिस्तान के हथियारों का 81% चीन से आया। पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा हथियार ग्राहक है। पाकिस्तानी सेना अमेरिका के F-16 फाइटर जेट्स भी इस्तेमाल करती है। SIPRI के मुताबिक, 2024 में पाकिस्तान का रक्षा बजट 10.2 बिलियन डॉलर था, जबकि भारत का 86.1 बिलियन डॉलर। हालांकि GDP के हिसाब से दोनों देशों का मिलिट्री खर्च लगभग बराबर है। पाकिस्तान डिफेंस पर देश की GDP का 2.7% और भारत 2.3% खर्च करता है पाकिस्तान ने पहली बार अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मटेरियल) की छोटी खेप भेजी है।




### ट्रम्प बोले- शिकागो के मेयर को जेल भेजो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को शिकागो के मेयर ब्रैंडन जॉनसन और इलिनॉय के गवर्नर जेबी प्रित्जकर को जेल भेजने की मांग की। ये दोनों विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट से जुड़े हैं। ट्रम्प ने इन दोनों पर इमिग्रेशन अधिकारियों (ICE) की सुरक्षा में नाकाम रहने का आरोप लगाया। ट्रम्प की यह बयान ऐसे समय पर आया है जब उनका प्रशासन लोकल और स्टेट अधिकारियों के विरोध के बावजूद, शिकागो में नेशनल गार्ड्स की तैनाती कर रहा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि शिकागो के मेयर को ICE अधिकारियों की सुरक्षा में नाकाम रहने के लिए जेल में होना चाहिए और गवर्नर प्रित्जकर को भी।

गवर्नर प्रित्जकर, मेयर जॉनसन और अन्य डेमोक्रेटिक नेताओं ने शिकागो में नेशनल गार्ड्स की तैनाती पर आपत्ति जताई है।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com